

सूर्योदय प्रातः 6:23 | सूर्यास्त संध्या 5:44 | पखवाड़ा फाल्गुन कृ. प्रतिपदा, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 28° न्यूनतम 15°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, गुरुवार, 13 फरवरी 2025, वर्ष : 16, अंक : 04, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,171.08 | -122.52 (-0.16%) |
| निफ्टी | 23,045.25 | -26.55 (-0.12%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 24 carat | 85,210.00 |
| चांदी | | 1070.00 |

## एक झलक

### महाकुम्भ जा रहे श्रद्धालुओं की बस दुर्घटनाग्रस्त, 04 की मौत

**फतेहपुर** : जिले में कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को ट्रैवलर बस से डंपर की टक्कर हो गयी। हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गयी और 17 लोग घायल हैं। ये सभी लोग ट्रैवलर बस में बैठ कर दिल्ली से प्रयागराज महाकुम्भ स्नान को जा रहे थे। घायलों में तीन की हालत गम्भीर होने पर कानपुर में हैलट अस्पताल के लिए रेफर किया है। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि मृतकों की पहचान विवेक, विमल झा, दिगम्बर झा व प्रेमकांत झा के रूप में हुई है। वहीं, नीरा देवी, रीता देवी, अनुराग झा, सलोनी झा समेत 17 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्होंने बताया कि ये सभी श्रद्धालु दिल्ली से महाकुम्भ मेला में शामिल होने के लिए ट्रैवलर बस से प्रयागराज जा रहे थे।

### मुम्बई में जीबीएस से पहली मौत

**मुम्बई** : गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से मुंबई में पहली मौत हुई है। नायर अस्पताल में 53 वर्षीय व्यक्ति की मौत होने के बाद मुम्बई नगर निगम के आयुक्त भूषण गगरानी ने शहर के सभी बीएमसी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये हैं। मुम्बई नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अंधेरी निवासी 53 वर्षीय व्यक्ति को 23 जनवरी को नायर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सांस लेने में कठिनाई हो रही थी, इसलिए मरीज को गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में स्थानांतरित कर दिया गया था। मंगलवार को देर रात उनकी मौत हो गयी। नायर अस्पताल में पालघर की एक 16 वर्षीय जीबीएस से पीड़ित एक लड़की का इलाज चल रहा है।

### पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार दोषी करार

**भाजपा ने बताया पीड़ित परिवारों के संघर्ष की जीत**

**नयी दिल्ली** : दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगे के दौरान सरस्वती विहार मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को दोषी करार दिया है। अदालत के इस फैसले पर भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि देर से सही, लेकिन न्याय मिला। यह फैसला सभी पीड़ित परिवारों के संघर्ष और धैर्य की जीत है। बुधवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि आज पंजाब के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण दिन है। 40 साल बाद मिला यह न्याय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 में गठित विशेष आयोग का परिणाम है, जिसने सिख भाइयों को इंसाफ दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया।

## अंदर के पन्नों पर


3 रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण में नौसेना ने लगायी...

5 जामाडोबा टाटा डीएवी स्कूल में संत रविदास की...

7 तीसरी आंख की निगरानी में होगी परीक्षा...

9 अनियमितता बरतनेवालों को बख्शा नहीं जायेगा...

10 भारत ने इंग्लैंड को 142 रन से तीसरा वनडे हराया...


## फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

# चुनावों से पूर्व मुफ्त उपहारों की घोषणा ठीक नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनावों से पहले मुफ्त उपहारों की घोषणा करने की प्रथा पर नाराजगी जतायी है। कोर्ट ने कहा कि लोग अब काम करने के इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि उन्हें मुफ्त राशन और धनराशि मिल रही है। फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच शहरी क्षेत्रों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि दुर्भाग्यवश, इन मुफ्त योजनाओं के कारण लोग काम करने के इच्छुक नहीं हैं। उन्हें बिना काम किये मुफ्त राशन और धनराशि मिल रही है। बेंच ने कहा कि सरकार को लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने और उन्हें राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करना चाहिए। बेंच ने कहा कि हम उनके लिए आपकी फिक्र की तारीफ करते हैं, लेकिन क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाये और उन्हें देश के विकास में योगदान करने दिया जाये।



### सर्वोच्च न्यायालय ने कहा

■ फ्री में मिल रहीं योजनाओं के कारण लोग नहीं चाहते काम करना

### केन्द्र सरकार व चुनाव आयोग से पहले भी मांगा था जवाब

**इससे** पहले पिछले साल अक्टूबर में भी सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में फ्रीबीज को लेकर केन्द्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। वह याचिका चुनाव के दौरान फ्रीबीज के एलान के खिलाफ थी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की थी कि वह चुनाव आयोग को यह तय करने के लिए निर्देश दे कि राजनीतिक पार्टियां चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियों वाले वादें न करें।

केन्द्र सरकार के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कोर्ट को बताया कि केन्द्र सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। इस मिशन में शहरी बेघर लोगों के लिए आश्रय प्रदान करने समेत कई मुद्दों का समाधान शामिल होगा। कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल से यह वेरिफाई करने को कहा कि सरकार इस मिशन को कब तक लागू करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद तय की है।

## सेना के साहस व वीरता हर किसी के लिए प्रेरणास्रोत : राज्यपाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची बुधवार को दीपाटोली कॉकरेल इकोलॉजिकल पार्क एवं प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित ईस्टर्न कमांड अलंकरण समारोह-2025 में वीरता पुरस्कार प्राप्त करनेवाले सैनिकों एवं उनके परिजनों से भेंट की। उनके साथ भोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रसेवा में समर्पित वीर जवानों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को नमन किया।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना के वीर योद्धा देश की अखंडता एवं सम्प्रभुता की रक्षा के लिए जिस अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हैं, वह प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने वीर सैनिकों एवं उनके परिजनों को



बधाई देते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र को आप सभी पर गर्व है। पूर्वी कमान का अलंकरण समारोह में वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल राम चंदर तिवारी (जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान) ने अलंकरण समारोह के दौरान वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार दिये। समारोह में कुल 42 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। इनमें 21 सेना पदक (वीरता), पांच सेना पदक (विशिष्ट सेवा), दो बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा), दो युद्ध सेवा पदक, एक बार टू विशिष्ट सेवा पदक और 11 विशिष्ट सेवा पदक दिये गये। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### मोदी के विमान पर आतंकी हमले की धमकी देनेवाला गिरफ्तार

**मुम्बई** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले उनके विमान पर आतंकवादी हमले की धमकी देनेवाले को पुलिस ने बुधवार को चेंबूर इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की पुलिस गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात को मुम्बई पुलिस नियंत्रण कक्ष को प्राप्त धमकी भरे कॉल में दावा किया गया कि आतंकवादी प्रधानमंत्री के विमान पर हमला कर सकते हैं। इसके बाद मुम्बई पुलिस ने तुरन्त सम्बन्धित सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया। मुम्बई पुलिस ने एक बयान में कहा, '11 फरवरी को मुम्बई पुलिस नियंत्रण कक्ष ● शेष पृष्ठ 11 पर

### तमाड़ में एसबीआई के सीएससी संचालक से दिनदहाड़े पांच लाख रुपये की हुई लूट



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रंगामाटी तड़ाई रोड स्थित एसबीआई सीएससी संचालक शिवचरण पातर से बाइक सवार तीन अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। घटना को अंजाम देकर अपराधी फरार हो गये। पीड़ित शिवचरण पातर ने बताया कि वह सुबह 11 बजे अपने सीएससी केन्द्र में बैठे थे, तभी अचानक एक अपाची बाइक से तीन लोग आये और सीएससी केन्द्र के अन्दर घुस कर पहले शटर को बंद कर दिया और फिर उसके साथ मारपीट करते हुए काउंटर में रखे पांच लाख रुपये लूट लिये और फिर बाइक से निकल गये। पीड़ित सीएससी संचालक शिवचरण पातर ने तमाड़ थाना पहुंच कर मामले की जानकारी दी। पुलिस घटना की जानकारी लेकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले का अनुसंधान करने में जुटी है।

## उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार** : पुलिस ने उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य अर्जुन सिंह को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने एक प्रेस वार्ता कर बताया कि अर्जुन सिंह द्वारा मनिका थाना क्षेत्र में ठेकेदारों से लेवी वसूली की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। गुप्त सूचना के आधार पर अर्जुन सिंह को ग्राम सनगड़वा के आसपास घूमते देखा गया, जहां वह किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में था।

जानकारी मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरवाडीह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन



किया गया। गुप्त रूप से रेकी करने के बाद दल ने सनगड़वा में सफल छापेमारी कर अर्जुन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से 7.56 एमएम का ऑटोमैटिक पिस्टल, 7.56 एमएम के पांच जिंदा कारतूस, एक मैगजीन बरामद किया गया। छापेमारी दल में पुअनि सह थाना प्रभारी शशि कुमार, सअनि रणधीर कुमार सिंह, आरक्षी अरुण लकड़ा, अनुरंजन टोप्पणो, सआ पप्पू कुमार यादव शामिल थे।

### बहादुरगढ़ में युवक को जिन्दा जलाया

**झज्जर** : बहादुरगढ़ में एक युवक को जिन्दा जलाकर मार दिया गया। युवक का अधजला शव यहां के शिव मंदिर में मिला है। आशंका जतायी जा रही है कि युवक की हत्या करके शव को मंदिर में फेंक कर सबूत मिटाने की कोशिश की गयी है। मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस ने जांच आरम्भ कर दी है।

बहादुरगढ़ की कबीर बस्ती स्थित शिव पार्वती हनुमान मंदिर में बुधवार सुबह एक युवक का अधजला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी।

## रांची एयरपोर्ट पर दी गयी कैप्टन करमजीत को श्रद्धांजलि

■ 05 अप्रैल को होनेवाली थी शादी, जम्मू कश्मीर में हुए शहीद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : हजारीबाग के सपूत शहीद कैप्टन करमजीत को रांची एयरपोर्ट पर श्रद्धांजलि दी गयी। इसके उपरांत उनके पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ राज्य के हजारीबाग जिला स्थित उनके पैतृक आवास पर भेज दिया गया। शहीद कैप्टन करमजीत का अंतिम संस्कार हजारीबाग में ही किया जायेगा।

**आईईडी ब्लास्ट में हुए थे शहीद**

जम्मू कश्मीर के अखनूर सेक्टर के पास मंगलवार को आईईडी धमाके में कैप्टन करमजीत बुरी तरह से जख्मी हो गये थे। इलाज के दौरान



उनकी मौत हो गयी। शहीद कैप्टन करमजीत की शादी भी तय हो चुकी थी। 05 अप्रैल को वह विवाह के बंधन में बननेवाले थे। लेकिन, इससे पहले ही आईईडी ब्लास्ट में वह वीरगति को प्राप्त हो गये। शहीद कैप्टन का पूरा परिवार हजारीबाग में रहता है। शहीद के पिता राजेन्द्र सिंह हजारीबाग में टेंट हाउस का कारोबार करते हैं।

## रामलला मंदिर अयोध्या के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास बृह्मलीन




एजेंसी

**लखनऊ** : अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास बुधवार की सुबह सात बजे बृह्मलीन हो गये। आचार्य सत्येंद्र दास ने 85 वर्ष की आयु में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) लखनऊ में अंतिम सांस ली। एसजीपीजीआई के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आचार्य सत्येंद्र दास के बृह्मलीन होने पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

एसजीपीजीआई प्रवक्ता के अनुसार, उन्हें तीन फरवरी को एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। स्ट्रोक के बाद वह न्यूरोलॉजी वार्ड एचडीयू में थे। एसजीपीजीआई से उनकी पार्थिव देह को अयोध्या ले जाया जायेगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने इसकी घोषणा की है।

## नशा मुक्त भारत के लिए आयुष और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के बीच समझौता

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयुष मंत्रालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने बुधवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य वृद्धजनों की स्वास्थ्य सेवा बढ़ाने और मादक द्रव्यों के सेवन से निपटने के लिए आयुष-आधारित हस्तक्षेपों को लागू करना है। यह समझौता ज्ञापन वरिष्ठ नागरिकों और मादक द्रव्यों के सेवन से प्रभावित लोगों के बीच



स्वास्थ्य संवर्धन के लिए सहकारी पहल विकसित करने की दिशा में एक अग्रणी कदम है।

आयुष मंत्रालय में आयोजित समझौता ज्ञापन समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव और केंद्रीय राज्यमंत्री ● शेष पृष्ठ 11 पर

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत फिर कांग्रेस में हुए शामिल

एजेंसी

**कोलकाता** : पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने चार साल बाद कांग्रेस में वापसी कर ली है। बुधवार को उन्होंने पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार की मौजूदगी में कांग्रेस का झंडा थामा। अभिजीत ने कहा कि भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ संघर्ष के लिए कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है।

अभिजीत मुखर्जी 2021 में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गये थे, लेकिन तृणमूल में उन्हें कोई खास जिम्मेदारी नहीं मिली। पार्टी ने उन्हें न तो लोकसभा का टिकट दिया और न ही विधानसभा चुनाव में उतारा। पिछले कुछ महीनों से वह तृणमूल में अपनी भूमिका को लेकर असंतोष जता रहे थे। आखिरकार उन्होंने फिर से कांग्रेस का दामन थाम लिया। माना जा रहा है कि 2026 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उन्हें टिकट दे सकती है।

अभिजीत मुखर्जी 2012 में जंगीपुर लोकसभा सीट से उपचुनाव ● शेष पृष्ठ 11 पर

# सहकारिता के जरिये रोजगार सृजन व ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि सम्भव : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि सहकारिता के माध्यम से रोजगार सृजन और ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि दोनों सम्भव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के हित में सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकार से समृद्धि का मंत्र दिया है।

उन्होंने बुधवार को यहां 'सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए की गयी और वर्तमान में की जा रहीं पहलें' विषय पर सहकारिता मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह अभिमत व्यक्त किया। बैठक में केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल और मुरलीधर मोहोल, समिति के सदस्यों, केन्द्रीय सहकारिता सचिव और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद परामर्शदात्री समिति की यह पहली बैठक है।

अमित शाह ने कहा कि केन्द्र में सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद हमने सबसे पहले राज्यों के साथ मिल कर प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का डेटाबेस बनाने का काम किया और दो लाख पैक्स के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस विकसित करने



का काम लगभग पूरा हो चुका है और अब देशभर की सहकारी समितियों की क्षेत्रवार जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध है। शाह ने कहा कि पैक्स के कम्प्यूटरीकरण के लिए कदम उठाये गये। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में देश की एक भी पंचायत ऐसी नहीं होगी, जहां पैक्स उपलब्ध नहीं हों।

उन्होंने कहा कि पैक्स को व्यावहारिक बनाने के लिए बनाये गये उपनियमों को देश के लगभग सभी राज्यों ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि पैक्स को 20 से अधिक गतिविधियों से जोड़ा गया है और अब वे कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केन्द्र सहित अन्य सेवाएं प्रदान करना शुरू कर चुकी हैं।

अमित शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने मौजूदा बजट सत्र में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के गठन के लिए विधेयक पेश किया है और जल्द ही संसद से पारित होगा। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के गठन से सहकारी क्षेत्र में आनेवाले पेशेवरों को तकनीकी शिक्षा, एकाउंटिंग और प्रशासन सम्बन्धी जानकारी और प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र में प्रशिक्षित मेनपावर उपलब्ध हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल), राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक लिमिटेड (एनसीओएल) और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) जैसी सहकारी संस्थाओं का गठन किया गया है, जिससे सहकारी क्षेत्र में निर्यात, ऑर्गेनिक उत्पादों और उन्नत बीजों को बढ़ावा मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इन पहलों से आगामी कुछ वर्षों में सहकारी क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा।

अमित शाह ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि कोऑपरेटिव सेक्टर को कॉर्पोरेट ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में मनी संत रविदास जयन्ती



**रजरप्पा (रामगढ़) :** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को वंदना सभा मे संत सिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहन, आचार्य शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन और संदेशों का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास हमारे लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं। संत रविदास ने हमें समाज में एकता, भाईचारा, सामाजिक सद्भावना, समानता और न्याय का जो सन्देश दिया है उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए और देश में सामाजिक सद्भाव और विकास में अपना योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम में आचार्य राकेश कुमार सहाय, इंद्रजीत सिंह, डॉ. गायत्री पाठक, लोकेश कुमार, शेखर कुमार, श्वेता पंडा, रिंकी कुमारी आदि उपस्थित थे।

### भुरकुंडा में कांग्रेस पार्टी ने निकाला सम्मान मार्च



**भुरकुंडा :** कांग्रेस राष्ट्रीय कमेटी के आव्हान पर पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को भुरकुंडा में सम्मान मार्च निकाला। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल और संचालन इकबाल हुसैन ने किया। भुरकुंडा थाना मैदान से सम्मान मार्च आरंभ हुआ गया। जो भुरकुंडा मेन रोड, जनता टॉकीज, बिरसा चौक, होते हुए भुरकुंडा अंबेडकर स्थल पहुंचा। जहा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मार्च के दौरान झंडे और पोस्टर लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता पूरे रास्ते नारेबाजी करते रहे। बताया गया कि संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर विरोध स्वरूप मार्च निकाला गया है। सम्मान मार्च में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चमन लाल, जय प्रकाश सिंह उर्फ ननकी, सुरेंद्र राम, अनिल सिंह, फिरदौस आलम, राज किशोर पांडेय, शिवनारायण यादव, बलदेव राम, प्रकाश दास, इकबाल हुसैन, लखन मुंडा, लखन राम, युसूफ खान, बबीता सिंह, रूपा देवी, लालदेव सिंह, शहजादा तालीम, कमला देवी, सरिता देवी, मदीना बानो सहित अन्य शामिल रहे।

### माघ पूर्णिमा पर रांची के मंदिरों में रही भीड़

**रांची :** माघ पूर्णिमा पर राजधानी रांची के विभिन्न मंदिरों में बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु सुबह नहा धोकर मंदिरों में पूजा अर्चना कर दान पुण्य किया। रांची के पहाडी मंदिर, जगरनाथपुर मंदिर, मेन रोड स्थित काली मंदिर, मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भीड़ देखी गयी। इस दौरान रांची के पुंदाग स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर में पूर्णिमा में विशेष पूजा-पाठ और विशेष आरती का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने किया था। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर का संचालन प्रणामी ट्रस्ट करता है। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत पूजा- अर्चना कर भोग लगाया तथा पूरे विधि विधान से पूजा संपन्न कराया। इसके बाद सामूहिक रूप से आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। माघ ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया माघ पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा-पाठ किया गया तथा भजन- कीर्तन में सदस्यों ने एक से बढ़कर एक भजन गाए। मधुर भजनों पर भक्त खूब झूमे।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में मांडर रेफरल अस्पताल नजीर साबित होगा : कृषि मंत्री



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को मांडर रेफरल अस्पताल के नये भवन का उदघाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि इस रेफरल अस्पताल ने ना जाने कितने लोगों को नया जीवन दिया। समय के साथ अस्पताल भवन का भी कायाकल्प जरूरी था। जब से मांडर की जनता ने मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना, तब से अस्पताल परिसर को नया रूप, नया जीवन देने के प्रयास में लगी थी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मांडर रेफरल अस्पताल नजीर साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज नौ करोड़ 21 लाख 15 हजार रुपए से ज्यादा की लागत से नवनिर्मित भवन सबके सामने है। मांडर रेफरल अस्पताल स्वास्थ्य के क्षेत्र में नजीर साबित होगा। इस रेफरल अस्पताल के साथ भले ही मांडर का नाम जुड़ा हो, पर हकीकत ये है कि इस अस्पताल में खलारी, बुड़मू, चान्हो जैसे सीमावर्ती प्रखंड और उसके गांव के लोग बेहतर इलाज के लिए यहां रोजाना आते है। अस्पताल के नये भवन के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए उपकरण की भी व्यवस्था जरूरी है। आज लोग गंभीर बीमारियों के लिए भले ही बड़े अस्पताल या बड़े शहरों की तरफ रुख करते हो, पर कोशिश ये होनी चाहिए की गंभीर बीमारी को छोड़ बाकी का इलाज इसी अस्पताल में हो सके। मंत्री ने कहा कि अगर आप और हम स्वस्थ रहेंगे, तभी स्वस्थ समाज का भी निर्माण संभव है। मेरा इस रेफरल अस्पताल को समय के साथ अपग्रेड करने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा। मंत्री ने बुढ़ा खुखरा स्थित सरकारी हाई स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य मेले में भी भाग लिया। मंत्री के सौजन्य से इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था । इस स्वास्थ्य मेले में हड्डी रोग, नेत्र रोग, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों निःशुल्क परामर्श दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। दिन भर इस स्वास्थ्य मेले में लोगों का आना जाना लगा रहा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की वंडरलैंड स्कूल मांडर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई। यहां स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से वो प्रभावित भी हुई। उन्होंने स्कूली बच्चों से मन लगा कर पढ़ने और भविष्य में कुछ बन कर दिखाने की अपील की।

## स्वास्थ्य उपकेन्द्रों को मिला क्वालिटी सर्टिफाइड का दर्जा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** खूंटी जिले के तीन सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान एएएम एसएचसी जरियागढ़, एएएम एसएचएस और एएएम एसएचएस बुरजू को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत क्वालिटी सर्टिफाइड का दर्जा प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर द्वारा किया गया, जो भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत कार्यरत है। जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को बताया गया कि ये तीनों स्वास्थ्य संस्थान जनवरी में संपन्न राष्ट्रीय स्तर के बाह्य मूल्यांकन में शामिल हुए थे, जहां इनकी गुणवत्ता, सेवाओं और आवश्यक मापदंडों की जांच की गई। मूल्यांकन में इन संस्थानों ने जो स्कोर प्राप्त किये इनमें एएएम एसएचएस जरियागढ़ 90.18 प्रतिशत, एएएम एसएचएस बिरदा 88.66 प्रतिशत और एएएम एसएचएस बुरजू 88.26 फीसदी शामिल हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन यह सुनिश्चित करता है कि इन स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। यह उपलब्धि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा कर्मियों के समर्पण का परिणाम है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रमाणन जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और नागरिकों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि वे आगे भी सेवा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहने को कहा। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का उद्देश्य देशभर के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की सेवाओं को एक निर्धारित मानक के अनुरूप बनाना है, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

## दिल्ली में मनाया गया हो समाज का प्रसिद्ध मांगे पर्व



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** दिल्ली में झारखंड और उड़ीसा हो समाज के निवास करने वाले आदिवासियों ने दिल्ली स्थित अंबेडकर भवन झांसी रानी मार्ग में हो समाज का प्रमुख मांगे पर्व पुरे धूमधाम से मनाया यह यह पर्व जनवरी व फरवरी माह में फसल कट जाने के उपरांत मनाया जाता है यह आदिवासी हो समाज का प्रमुख त्यौहार है इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लिपूलेख दर्रे पर बाइक चलाकर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने वाली बाइकर गर्ल के नाम से विख्यात हो चुकी झारखंड की बेटी कंचन उगूरसैंडी सामिल हुई, उन्होंने समाज की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया और कहा की देश की राजधानी में अपने समाज का प्रमुख त्यौहार मानना बहुत अच्छा लगा आयोजन समिति को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर दिल्ली एनसीआर में रहने वाले हो समाज के बड़ी संख्या में लोग मांगे पर्व मनाकर अपनी संस्कृति एवं एकता का परिचय दिए। नई दिल्ली में हो समाज के मांगे पर्व चर्चित रहा। हो समाज के संगठन सचिव अभिषेक सिंह कुंटिया ने बताया की मदन मोहन सामड और श्रीमती पालो कुडू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया और हम जहां भी रहे अपनी सभ्यता संस्कृति को आगे बढ़ाते रहें यही हमारा मुख्य उद्देश्य है कार्यक्रम को सफल बनाने में जितेंद्र सिंह कुंटिया, घनश्याम बोदरा, संजय सुरिन, संजय तियू, राजू जेरई आदि का अहम योगदान रहा।

## तनाव मुक्त और एकाग्र होकर करें परीक्षा की तैयारी : सकलदीप भगत

**खूंटी :** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक सकलदीप भगत ने दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के साथ द्वीप प्रज्वलित कर किया। आठवीं और नौवीं के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम से समा बांध दिया, वहीं, सीनियर छात्राओं ने अपने अनुभवों को साझा किया। संस्थान तीन माह पूर्व से बोर्ड के परीक्षार्थियों के लिए साप्ताहिक जांच परीक्षा आयोजित कर रहा था। इससे छात्रों के आत्मविश्वास में इजाफा हुआ। इस दौरान कई नागपुरी तथा हिंदी गानों पर रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं मेहनत और ईमानदारी के साथ अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें।

## हूल-उलगुलान के रास्ते ही महिला मुक्ति का सपना होगा पूरा : जगमोहन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोशिएशन बुंडू इकाई ने 31वां स्थापना दिवस गितिलडीह में मनाया। इस अवसर पर नुनी बाला देवी की अध्यक्षता में सभा आयोजित हुई। सभा की शुरूआत शहीद एवं दिवांगत साथियों को एक मिनट का मौन श्रद्धांजलि देकर हुई। इस मौके पर महिलाओं ने माइक्रो फाइनेंस नहीं-बिना ब्याज सरकारी लोन उपलब्ध कराओ, महिला उत्पीड़न पर रोक लगाओ, संविधान बचाओ-देश बचाओ, ऐपवा जिंदाबाद, नारी मुक्ति के लिए संघर्ष तेज करो आदि नारे लगाए।सभा को सम्बोधित करते हुए रांची जिला नेत्री सह पूर्व मुखिया लखीमनी मुंडा ने कहा कि दुनिया की आधी आबादी महिला वर्ग को आज भी शासन - प्रशासन और समाज में बराबरी का अधिकार नहीं मिला, सरकार चाहे किसी की हो,देश में महिलाओं पर लगातार हमले बढ़े। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारा ढकोसला बन कर रह गया।मणिपुर इसका उदाहरण है। आदिवासी महिलाओं का बलात्कार, हत्या, नग्न परेड के साथ जातीय हिंसा की आग में झोंकने वाली भाजपाई मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह का इस्तीफा कोई कार्रवाई नहीं बल्कि आंतरिक संकट को टालना है। शुक्रू देवी ने कहा कि देश व समाज महिलाओं की भागीदारी से आगे बढ़ता है। इसीलिए संघर्ष के मैदान में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ना होगा।मौके पर भाकपा (माले) रांची जिला सचिव कॉ जगमोहन महतो ने कहा कि सामाजिक बदलाव व मानव मुक्ति के केन्द्र में महिला मुक्ति का सवाल प्रमुखता से है।झारखंड के इतिहास को देखा जाए तो आदिकाल से लेकर मुगल काल और वर्तमान में भी महिलाओं की संघर्ष गाथा भरा पूरा है। सिनगी दई, कइली, फूलों, झानो से लेकर माकी मुंडा समेत कई गुमनाम हैं। आज के दौर में मनुवादी व्यवस्था के खिलाफ संविधान बचाने की मुहिम में फिर से हूल-उलगुलान की परंपरा को बढ़ा कर महिला मुक्ति के लिए आगे आना होगा। सभा को सोमवारी देवी, सुनिया देवी, मीनी देवी, कोलो देवी, सुमित्रा देवी, काजल कुमारी, मुगली देवी, राधा देवी, मीरा मुंडा, सिमैल्या देवी ने भी सभा को सम्बोधित किया। सभा का संचालन जयंती देवी ने किया।

## आईआईटी मेंस में साउथ प्वाइंट के पूर्ववर्ती छात्रों का जलवा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** पांचपरगना के बुंडू स्थित साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल से 10वीं तक की पढ़ाई करने वाले चार छात्र हिमांशु कुमार, यश राज, हरेकृष्ण गोराई और आदित्य अग्रवाल ने आईआईटी मेंस में शानदार सफलता अर्जित की है। हिमांशु को 99.08, यस को 97.39, हरेकृष्ण 92.9 और आदित्य को 92.1 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त हुए हैं। चारों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी और अपने माता पिता को दिया है। छात्रों ने बताया कि कक्षा 8वीं से ही उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन और अतिरिक्त कक्षाएं साउथ प्वाइंट में करवायी गयी, जिससे उन्हें बहुत मदद मिली। छात्रों ने अपने आगे के लक्ष्य आईआईटी एडवांस के लिए तैयारी शुरू कर दी है।अपने पूर्ववर्ती छात्रों की सफलता पर साउथ प्वाइंट के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी ने विद्यालय में छात्रों के सम्मान समारोह के दौरान उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों की सफलता पर पूरे पांचपरगना क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## श्री अग्रसेन स्कूल में डार्विन दिवस पर सेमिनार का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** महान वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन की जयंती के अवसर पर बुधवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में डार्विन डे मनाया गया। इस अवसर पर सीनियर विद्यार्थियों के साथ विशेष सेमिनार का आयोजन हुआ। इसमें डार्विन के विकासवाद के सिद्धांत पर चर्चा की गई। शिक्षक एचके सिंह ने बताया कि इस सिद्धांत के मुताबिक, इस धरती पर सबसे पहले एक कोशिका वाले जीव बने। ये जीव पानी में रहते थे। समय व परिस्थितियों के अनुसार इन्होंने खुद को ढाल लिया। बाद में एक कोशिकीय जीव के बाद बहुकोशकीय जीव बने। इस तरह जीव विकास की यह यात्रा करोड़ों वर्षों तक चली। इसी के परिणामस्वरूप बंदर से इंसान बना। उन्होंने यह सिद्धांत 20 साल के लंबे शोध के आधार पर दिया था। श्री सिंह ने कहा कि उनका यह सिद्धांत उन मान्यताओं को खारिज करता है, जिसमें कहा गया था कि इंसान, जीव-जंतुओं और पेड़-पोधों का निर्माण एक अलौकिक घटना है। उनके इस सिद्धांत का धार्मिक व सामाजिक स्तर पर विरोध भी हुआ। लेकिन बाद में उनके सिद्धांतों को वैज्ञानिक समुदाय में स्वीकृति मिली और आधुनिक जीव विज्ञान को आकार मिली। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि वर्तमान में डार्विन सिद्धांत सिलेबस का हिस्सा नहीं है। लेकिन एक विद्यार्थी के तौर पर हमें इसकी जानकारी जरूर रखनी चाहिए। डार्विन दिवस लोगों को आलोचनात्मक सोच व वैज्ञानिक जांच को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। साथ ही यह वैज्ञानिक संगठनों, शिक्षकों व सरकारों को विज्ञान, शिक्षा व तर्कसंगत सोच को बढ़ावा देने का अवसर भी प्रदान करता है। सेमिनार में विद्यार्थियों ने डार्विन की जीवनी व उनके कार्यों से जुड़े प्रश्न पूछे। मोटीवेटर मुख्तार सिंह ने विद्यार्थियों के सवालों का जवाब दिया।

### लापुंग में धूमधाम से मनायी गयी रविदास जयन्ती

## ऐसे महापुरुष हमारे जीवन का आदर्श : सविता उरांव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग प्रखंड के फतेहपुर में बुधवार को संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई । मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव व पुर्व पंसस नसीम आलम समेत रवि दास समाज के लोगों ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित किया । मुखिया सविता उरांव ने कहा कि संत रविदास जी की वाणी को अपने जीवन मे उतारने की जरूरत है। ऐसे महापुरुष को अपना आदर्श मान कर जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। रविदास जी भारत के विशेष महापुरुषों में से एक हैं। जिन्होंने अपने आध्यात्मिक वचनों से सारे संसार को एकता भाईचारा से जोड़ दिया था। नसीम आलम ने कहा समाज एकजुट रहेगा तभी शिक्षित और विकास की ओर आगे बढ़ेगा। मौके पर दिनेश राम, सरोज राम, नरेश राम, संतोष राम समेत कई महिला पुरुष मौजूद रहें।

## सयाल में रविदास संगठन एकता संघ ने मनायी रविदास जयन्ती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी :** रविदास संगठन एकता संघ द्वारा अम्बेडकर मध्य विद्यालय सयाल में संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति उत्थान परिषद जिला अध्यक्ष मनोज राम उपस्थित थे। सर्वप्रथम आयोजक द्वारा अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात पूजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति उत्थान परिषद जिला अध्यक्ष मनोज राम के द्वारा फीता काट कर किया गया। अवसर पर पंडित बृजनंदन दास के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। मौके पर मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति उत्थान परिषद जिला अध्यक्ष मनोज राम ने कहा कि संत रविदास की जयंती न केवल उनके योगदान को याद करने का अवसर है, बल्कि यह हमें समाज में समानता, प्रेम और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने की प्रेरणा भी देती है। उनका जीवन हमसे यह सिखाता है कि समाज के हर वर्ग, जाति और धर्म से ऊपर उठकर एकता और प्यार में विश्वास करना चाहिए। वहीं संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन सयाल केके पंचायत की मुखिया रीता कुमारी के द्वारा फीता काट कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत कार्यक्रम में मुख्य रूप से गायक बबलू कुमार और गायिका प्रिया कुमारी ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में ऑर्गन पर रितेश कुमार, ढोलक पर सुनील कुमार, पैड पर मनोज राम एवं कार्यक्रम प्रमुख सुरेंद्र कुमार भारती शामिल थे। मौके पर मुख्य रूप से सयाल उत्तरी पंचायत के उप मुखिया विमलेश कुमार, विजय राम, राम अवतार राम, ध्रुव सिंह, संरक्षक बालचंद राम, तेज नारायण राम, रामजी राम, विर्सजन राम, अध्यक्ष फुलू प्रसाद, उपाध्यक्ष भोला रविदास, सचिव गोपाल राम, उप सचिव सुचित राम, कोषाध्यक्ष बजरंग राम, सहायक कोषाध्यक्ष सरविंद कुमार, कार्यकारिणी अध्यक्ष भोला मेहरा, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार, संगठन मंत्री सुनील कुमार, सहायक संगठन मंत्री राजनाथ राम, भोला नाथ कृष्णा राम, सुर्यदयाल राम, द्वारिका राम, आनंद प्रकाश, रंजीत कुमार, अमित कुमार रवि, मनोज कुमार, गोपाल राम, सविता देवी, किस्मती देवी, कलावती देवी, रीना देवी, पुष्पा देवी, पूजा देवी, मुस्कान कुमारी, राजी देवी, गुड़िया कुमारी, सुखिया देवी, सारिका देवी, उजाला कुमारी, गुड़िया कुमारी, निधि कुमारी, रितेश राम, नौशाद नूरी, सूरज कुमार, टेकलाल दास, रामप्रवेश दास, बृजनंदन राम, भरदुल राम, बिनोद राम, दीपक कुमार, अनूप कुमार सिंह, विनोद कुमार, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, प्रभात कुमार, कालिका प्रसाद, महेंद्र राम, जोखन राम, इंद्र राम, सरस्वती देवी, बैजनाथ राम, जगन्नाथ पासवान, गोपाल राम, माखन दास, हेमंत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## जीडी टाइल्स एंड मार्बल शोरूम का शुभारम्भ

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा मतकमा चौक पर जीडी टाइल्स एंड मार्बल शोरूम का शुभारंभ किया गया। बुधवार को शोरूम के संचालक दीपक कुमार कुशवाहा के पिता गंगाधर कुशवाहा ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व शोरूम की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई। मौके पर दीपक कुमार कुशवाहा ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में सभी प्रकार के टाइल्स और मार्बल उचित मूल्य पर उपलब्ध। इस अवसर पर योगेश दांगी, रामपाल बेदिया, हरिलाल बेदिया, कृष्ण कुमार कुशवाहा, जमुना प्रसाद महतो, इंद्रदेव प्रसाद कुशवाहा, रामदास बेदिया, कपूर सिंह आदि उपस्थित थे।

## भुरकुंडा में धूमधाम से मनी संत शिरोमणि रविदास जयन्ती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** डॉ .भीमराव अंबेडकर विचार मंच के तत्वाधान में स्थानीय पैट्रोल पंप के निकट स्थित अंबेडकर स्थल में बुधवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम से मनाई। अवसर पर पुरोहित शिवनंदन राम और मुख्य पुजारी ज्ञानी राम द्वारा विधिविधान मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना और हवन आरती की गई। इसके उपरांत श्रद्धालुओ के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालेश्वर राम और संचालन विजय राम ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक रौशनलाल चौधरी विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद उपाध्यक्ष मनोज राम शामिल हुए। अवसर पर उन्होने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने समाज में उत्पन्न हो रहे मतभेद को खत्म और सामाजिक असमानता को दूर करने के लिए आवाज उठाई और ऐसे विषय के बारे में लोगों को जागरूक किया था। वहीं कहा कि हमें इनके हमे इनके आदर्शो पर चलने की जरूरत है ।वहीं मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे स्थानीय कलाकारों ने गीत संगीत और नृत्य से श्रोताओं मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर बालेश्वर राम, बलदेव राम, बालकिशुन राम, विजय राम, आजाद भुइयां, दिनेश राम, रविंद्र कुमार दास, विजय मेहरा, भोला राम, राजन राम, ज्ञानी राम, कर्मवीर राम, अरविंद कुमार दास, बबलू राम, प्रदीप राम, दिनेश कुमार, विक्की कुमार रवि, मिथिलेश राम, टिंकू कुमार राम, प्रमोद कुमार दास, सोनू राम, अनिल राम, प्रकाश राम, शंकर राम, हरि बोल राम, लखन राम, मुकेश राम, मनोहर राम, सुजीत राम, लखन राम, रविंद्र राम, प्रकाश राम, रामेश्वर राम, चतुर राम, विजय कुमार राम, प्रीतम कुमार, राजकुमार दास, अरुण राम, कंचन दास, अनिल करमाली, निर्मल राम, विजय राम, श्रवण कुमार, शिव कुमार, मोंगल राम, विजय भुईयां, संजय भुईयां, राम अवतार, पप्पू राम, अनिल राम, प्रमोद राम, रामेश्वर राम, रितेश भैया, सागर राम, विश्वजीत यादव, अशोक कुमार दास, राजेंद्र मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

# दो शिक्षिकाओं ने बदल दी सरकारी स्कूल की तस्वीर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** मन में कुछ करने का जज्बा और जुनून हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। ऐसा ही कर दिखाया है राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय की दो शिक्षिकाओं रेखा रानी खलखो व पूनम टोप्पो ने बिना सरकारी मदद से स्कूल की तस्वीर और तकदीर दोनों ही बदल दी है। इनके मेहनत और लगन से शिक्षण, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्य दूसरे स्कूलों के लिए नजीर बन चुका है। स्कूल में प्रवेश करते ही लगता ही नहीं कि हम किसी सरकारी स्कूल में आ गए हैं। विद्यालय का अनुशासन और फूलों के रखरखाव किसी कॉन्वेंट स्कूल जैसा ही नजर आएगा। उन्होंने विद्यालय की बदहाली देखी तो विभाग से बजट मिलने का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद निजी सहयोग और अपने वेतन से हजारों रुपये खर्च करके कई कार्य कराए। पूरे परिसर फूल और हरियाली और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की। सुरक्षा की दृष्टि से विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण व गेट लगाया गया, गेट में प्रवेश करते ही महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर लिखाए गए हैं। इसके अलावा कई अन्य कार्य भी विद्यालय में कराए जो अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणा बने है।

**अच्छी शिक्षा संग मिलते हैं संस्कार**

**विद्यालय** बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ ही संस्कार भी सिखाया जाता है। बेहतर पढ़ाई के लिए अतिरिक्त कक्षा लगाई जाती है। जिससे प्रखंड स्तर पर कई पुरस्कार बच्चों को मिल चुका है। यहां से लगातार बच्चे खेलकूद व अन्य उत्सव में अव्वल आ रहे हैं। विद्यालय में क्यारियां बनाकर फूल व पौधे लगाकर पर्यावरण का संदेश दिया जा रहा है। वहीं समय -समय पर क्यारी में नए पौधे लगाए जाते हैं। स्कूल में हर तरफ फैली हरियाली, महापुरुषों के संदेश व उनके फोटो के साथ ही साफ सुथरा भवन सभी को आकर्षित करता है। जिससे स्कूल के बेहतर माहौल से बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति रहती है।

## मुड़हर पहाड़ पर महाशिवरात्रि को लेकर हुई बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के खुखरा गांव स्थित मुड़हर बाबा के प्रांगण में मंगलवार को प्रबंधन कमेटी की बैठक नीरज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि को लेकर चर्चा की गई। जहां महाशिवरात्रि के दिन पूजा अर्चना, भजन कीर्तन और भंडरा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 27 फरवरी को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।साथ ही सर्वसम्मति से महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले की व्यवस्था के लिए समिति का गठन किया गया। मेले की सभी व्यवस्थाएं अध्यक्ष नीरज सिंह की देखरेख में रहेंगी। उन्होंने कहा कि मेले में किसी प्रकार कोई समस्या नहीं होगी। इस दौरान मेला समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहंगे। बैठक में पंचायत के मुखिया जतरु उरांव, अरुण गोप, अरविंद भोक्ता, विक्रम उरांव, सुरेश उरांव, अशोक भोक्ता, दीपक सिंह, विश्राम महतो, ओम प्रकाश साहू, राम नंदन दास गोस्वामी, दिगम्बर सिंह सहित ग्राम वासी मौजूद थे।

## एक झलक

### विश्वनाथ नारसरिया ने संस्कृति विहार के सचिव पद से दिया त्याग पत्र



**रांची :** संस्कृति विहार के सचिव एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं के मुखिया रहे विश्वनाथ नारसरिया ने संस्कृति विहार के सचिव पद से आज त्याग पत्र दे दिया। श्री नारसरिया ने संस्कृति विहार के अध्यक्ष अजय मारू को त्याग पत्र भेज कर उन्हे त्याग पत्र की सुचना व्हाट्सप्प द्वारा दे दी है। त्याग पत्र में उन्होंने कहा की स्मृति शेष गंगा प्रसाद बुधिया जी द्वारा स्थापित व स्मृति शेष सीताराम मारू के वैंकुंठवास गमन के बाद आपके द्वारा इस पुरानी संस्था का आपके द्वारा नेतृत्व एवं संचालन किया जा रहा है। संस्कृति विहार के सचिव पद से त्यागपत्र देने के बाद श्री नारसरिया ने कहा की सदैव इस संस्था से लगाव रहेगा ज्ञातव्य है की संस्कृति विहार बुंडू स्थित श्री सूर्य उपासना भवन, शिशु मंदिरों, छात्रावास, आश्रम आदि का संचालन करती है।

### डीएवी नंदराज ने मनाया महर्षि दयानन्द सरस्वती जन्म दिवस



**रांची :** बुधवार को डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल बरियातू ने महर्षि दयानन्द सरस्वती जी महाराज का अंग्रेजी दिनांक के आधार पर जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। हवन, प्रातः सभा में संबोधन, कविता पाठ, मंत्र पाठ के साथ साथ छोटे छोटे बच्चों ने महर्षि के विशाल 35 फीट मूर्ति के सामने फोटो खिंचवाया। बच्चों ने यह बात सबों के सामने रखा कि अधिकार से ज्यादा कर्तव्य पर ध्यान दिया जाना चाहिए। बच्चों ने सभा में ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना के मंत्रों को भी अर्थ के साथ याद किया। इस प्रकार संपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### रविदास जयन्ती उत्सव मनाया गया



**रांची :** राष्ट्र स्वयंसेवक संघ की तरफ से पीपी कंपाउंड में प्रताप नगर शाखा, रांची महानगर की तरफ से रविदास जयन्ती उत्सव मनाया गया। जिसमें सेवा प्रमुख चेतन शर्मा, कुटुंब प्रबोधन प्रमुख नंदकिशोर प्रसाद, पीपी कंपाउंड के बस्ती प्रमुख प्रेम अग्रवाल जी,प्रताप नगर मुख्य शिक्षक समीर मिश्रा जी, और विश्व हिंदू परिषद से संजय ठाकुर जी ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

### रांची में तापमान औसत से अधिक, रुलायेगी गर्मी

**रांची :** राजधानी रांची में इस वर्ष भी गर्मी सताएगी। फरवरी माह में रांची में अधिकतम तापमान औसत से अधिक रिकॉर्ड की जा रही है। राजधानी में यदि पिछले चार दिनों की बात की जाए तो बुधवार को यहां का अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो औसत से 2.5 डिग्री अधिक है। वहीं मंगलवार को 2.5 डिग्री अधिक, सोमवार को 3.8 डिग्री अधिक, जबकि रविवार को राजधानी में औसत तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस वर्ष रांची के अलावा राज्य के कई शहरों में अभी से ही तापमान में काफी बढोत्तरी दर्ज की जा रही है, जिसमें सरायकेला, चाईबासा, जमशेदपुर, डालटेनगंज प्रमुख रूप से शामिल है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि लगातार तापमान में बढोत्तरी से संभावना है कि इस वर्ष गर्मी ज्यादा पड़ेगी।उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी रांची में प्रचंड गर्मी पडी थी, जिससे आम जन जीवन परेशान हो गया था।

## एयरो इंडिया में संजय सेठ ने किया नौसेना के सेमिनार का उद्घाटन

# रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण में नौसेना ने लगायी बड़ी छलांग

- 60 जहाजों का शिपयार्ड में निर्माणाधीन होना, भारत की बड़ी उपलब्धि
- मित्र देशों के साथ साझेदारी से और सशक्त हो रही नौसेना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेंगलुरु/रांची :** बेंगलुरु में आयोजित एयरो इंडिया में तीसरे दिन भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित सेमिनार का उद्घाटन रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया। इस सेमिनार का आयोजन आत्मनिर्भर भारतीय नौसेना विमानन -2047 प्रौद्योगिकी रोडमैप विषय पर किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए नौसेना द्वारा रक्षा निर्माण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य और इनकी प्रतिबद्धताएं प्रशंसनीय हैं। यह बहुत ही सुखद और बड़ी बात है कि भारतीय शिपयार्ड में 60 जहाज निर्माणाधीन हैं। यह भारतीय नौसेना की बड़ी उपलब्धि है। माननीय पीएम श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में मेक इन इंडिया में अग्रणी रहने व आत्मनिर्भरता के साथ रक्षा उत्पादों को बढ़ाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय का हर कार्य और प्रयास सराहनीय है। श्री सेठ ने कहा कि विमानवाहक पोत, छोटे गश्ती जहाज, पनडुब्बियों के साथ अन्य रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण में नौसेना ने एक बड़ी छलांग लगाई है। यह रक्षा क्षेत्र में भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह गौरव करने वाली उपलब्धि है कि भारतीय नौसेना के साथ दुनिया के कई मित्र देश अपनी साझेदारी निभा रहे हैं। भारत के आर्थिक पुनरुत्थान, सरकार की पहल और रक्षा उत्पादों को बढ़ाने के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण विगत एक दशक में नौसेना ने किया है। भारत दुनिया के साथ अनुसंधान, विकास और रक्षा उत्पादन में संयुक्त साझेदारी के साथ काम कर रहे हैं। नौसेना के ये कार्य व उपलब्धियां अद्वितीय हैं। आने वाले दिनों में भारतीय नौसेना मेक इन इंडिया के साथ रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी यह विश्वास हम सबको है। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, एडमिरल जे०बी० सिंह सहित नौसेना के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## जेसीएम ने झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति से की भेंट वार्ता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. त्रिवेणी नाथ साहू से जेसीएम प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात किया। विदित है कि वर्तमान में झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय की अपना जमीन एवं अपना बिल्डिंग नहीं है अभी यह बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके के परिसर में चल रहा है। रांची के टाटीसिल्वे के समीप झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के लिए लगभग 6 एकड़ की जमीन चिन्हित कर ली गई है अब उस पर खुला विश्वविद्यालय का अपना भवन एवं परिसर बनाना है। इस कार्य में झारखंड छात्र मोर्चा ने कुलपति डॉ. साहू को सहयोग देने की बात कही। जल्द ही जेसीएम झारखंड राज्य उच्च शिक्षा विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू जी से मुलाकात कर इस कार्य को जल्द कराने का आग्रह करेंगे ताकि पठन-पाठन सुचारू रूप से चल पाए। मौके पर झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय के निवर्तमान अध्यक्ष अमन तिवारी सचिव असद फेराज टिंकू उपाध्यक्ष भास्कर महतो एवं अन्य उपस्थित थे।

## सिर्फ 15 मिनट में मेडिका अस्पताल, रांची ने 86 वर्षीय मरीज की अन्नप्रणाली से सफलतापूर्वक निकाला टूथब्रश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, जो प्रतिष्ठित मणिपाल हॉस्पिटल्स ग्रुप का हिस्सा है, ने अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा विशेषज्ञता और त्वरित आपातकालीन हस्तक्षेप का प्रदर्शन किया। अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के एसोसिएट कंसल्टेंट डॉ. अंतरिक्ष कुमार और आपातकालीन सेवा विभाग के प्रमुख डॉ. रोहित कुमार सेंगर ने एक 87 वर्षीय पुरुष मरीज के अन्नप्रणाली में फंसे टूथब्रश को सिर्फ 15 मिनट में सफलतापूर्वक निकाल दिया। मरीज को उसी दिन आपातकालीन विभाग से छुट्टी दे दी गई। रमेश कुमार (बदला हुआ नाम) (86 वर्षीय) 10 फरवरी को मेडिका अस्पताल के आपातकालीन विभाग में पहुंचे। उन्हें एपिगैस्ट्रिक टेंडरनेस (पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द या असहजता) की शिकायत थी। जांच करने पर उनकी वाइटल्स सामान्य पाई गईं। पूछताछ करने पर पता चला कि सुबह ब्रश करते समय गलती से टूथब्रश निगल लिया था। तत्काल एक्स-रे किया गया, जिसमें टूथब्रश अन्नप्रणाली में फंसा हुआ पाया गया। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मरीज को तुरंत एंडोस्कोपी सुइट में शिफ्ट किया गया। डॉ. अंतरिक्ष कुमार ने एंडोस्कोपिक प्रक्रिया के माध्यम से अत्यंत सावधानीपूर्वक टूथब्रश को निकाल दिया, जिससे किसी प्रकार की जटिलता नहीं हुई। डॉ. अंतरिक्ष कुमार ने कहा, इस मामले में हमें विशेष सतर्कता बरतनी पड़ी ताकि अन्नप्रणाली को किसी भी तरह की क्षति न पहुंचे। हमारी टीम ने तेजी से कार्रवाई की और पूरा प्रक्रिया केवल 15 मिनट में पूरी कर ली, जिससे हमारी आपातकालीन और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी टीम की दक्षता प्रदर्शित होती है।

## कांग्रेस ने गुरु रविदास की मनायी 648वीं जयन्ती

**रांची :** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648 वीं जयंती कांग्रेस भवन रांची में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की ओर से केदार पासवान की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने गुरु रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि गुरु रविदास से हमें सीखने की आवश्यकता है। खासकर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को उनके विचारों के अनुसार संगठित होकर समाज में आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। आज अनुसूचित जाति के लोगों को अपने बारे में सोचने की आवश्यकता है, समाज का अन्य वर्ग उन्हें आगे बढ़ना चाहता है लेकिन कोशिश उन्हें स्वयं करना होगा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में महर्षि दयानंद सरस्वती का 201वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न

# स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी का 201वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महा हवन के साथ हुई। सभी शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने श्रद्धापूर्वक हवन कुंड में आहुतियाँ अर्पित कर स्वामी दयानंद सरस्वती जी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। हवन के पश्चात विद्यालय के शिक्षक सुशील कुमार आर्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए सामाजिक एवं धार्मिक सुधारों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार स्वामी जी ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और वेदों के ज्ञान को पुनः स्थापित करने का कार्य किया। शिक्षक श्री



परशुराम जी ने गुरु ऋण की महत्ता को समझाया और स्वामी जी द्वारा समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि स्वामी दयानंद जी ने सत्य के मार्ग पर चलते हुए समाज को अंधविश्वास से मुक्त करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में शिक्षक संतोष पांडा एवं सचिन कुमार ने महर्षि दयानंद सरस्वती जी की महिमा का गुणगान करते हुए एक सुंदर भजन प्रस्तुत किया, जिसने सभी श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। विद्यालय की प्राथमिक शाखा के विद्यार्थियों ने स्वामी दयानंद सरस्वती जी की वेशभूषा धारण कर नाट्य प्रस्तुति दी।

## संत माईकल्स स्कूल में प्रेरणादायक सत्र का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** संत माईकल्स स्कूल में मेडिफर्स्ट हॉस्पिटल, राँची के विभागाध्यक्ष डॉ. कुमार विशाल के साथ एक अत्यंत प्रेरक और ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस सत्र में छात्र परिषद के सदस्य, कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के छात्र शामिल हुए, जो डॉ. विशाल की प्रेरक यात्रा और अमूल्य अंतर्दृष्टि से अभिभूत थे। डॉ. विशाल ने मेडिका हॉस्पिटल, पारस, एचडुईडुसीडु और अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली जैसे प्रसिद्ध संस्थानों में अपने काम से प्राप्त अपने व्यापक अनुभव छात्रों के संग साझा किया। उन्होंने दृढ़ता, समर्पण और अपने जुनून का पीछा करने के महत्त्व के बारे में बताया। उनके शब्द छात्रों के हृदय को गहराई से छुए, उन्हें बाधाओं को दूर करने और अपनी पढ़ाई और भविष्य के करियर दोनों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह सत्र एक सशक्त अनुभव साबित हुआ, जिसने छात्रों को सफलता के लिए अपने रास्ते खुद चुनने के लिए प्रेरित किया।

## बिल्डर के खिलाफ एकजुट हुए आदिवासी संगठन व सरना समितियां



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** आदिवासी खाते की खतियानी रैयत जमीन पर फर्जीवाड़ा/जालसाजी करके हिमिका गौतम, आदित्य धनुका एवं विजय जैन नामक बिल्डर द्वारा कब्जा करने का षडयंत्र के खिलाफ विभिन्न आदिवासी संगठनों एवं सरना समितियों द्वारा प्रेसवार्ता किया गया। बुधवार को रांची विधानसभा क्षेत्र कांके रोड वार्ड न०01 टिकली टोला के अखड़ा में विभिन्न आदिवासी संगठन एवं सरना समितियों के द्वारा मौजा-कठरगोन्दा,थाना नं0-201, हल्का-1, अंचल-हेहल, खाता नं0-28, आदिवासी रैयत- बड़का पुसुवा, वल्द सोमरा मुण्डा के नाम से आर0एस0 खतियान में दर्ज है। इसी आदिवासी खाता सं0-28, प्लॉट नं0-127, रकवा-1 एकड़ 43 डी0, मधे रकवा-16 डी0 (13 कट्ठा) जमीन को हिमिका गौतम, आदित्य धनुका एवं विजय जैन नामक बिल्डर के द्वारा फजीर्बाड़ा/ जालसाजी से बनाये गये कागजातों के आधार पर दखल-कब्जा करने का षडयंत्र कर रहा है।उल्लेखनीय है कि हिमिका गौतम, आदित्य धनुका एवं विजय जैन नामक बिल्डर के द्वारा उपरोक्त जमीन की खरिदगी (1) अब्दुल मनान (2) कृष्णा प्रसाद साहु (3) बिमला दिक्षित (4) हिमिका गौतम तथा आदित्य धनुका एवं विजय जैन नामक बिल्डर हैं। इन लोगों के द्वारा इस आदिवासी जमीन बिना डी0सी0 परमिशन के तथा बिना एस0ए0आर0 में कम्पनसेसन किये हुए पुरी तरह फजीर्बाड़ा/जालसाजी और अधिकारियों की मिली-भगत करके पाँच मंजिला मकान का नक्सा पास कराकर उक्त भूमि पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त जमीन पर अनुमण्डल दण्डाधिकारी, सदर, रांची द्वारा धारा-163 लगाया गया था। जिसका केस नं0-ड.2791/24 है। उसके बाद उस जमीन के संबंध में भूमि वापसी का केस किया गया है।

## गोवंश की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा हर माह अपने सदस्यों एवं उनके परिवार वालों के लिए गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी क्रम मे मारवाड़ी युवा मंच, राँची शाखा द्वारा रविवार, प्रातः 8 बजे हरमू रोड स्थित रांची गोशाला न्यास में गो सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम मे सदस्यों एवं उनके परिवार वालो ने ताजा पालक, रोटी और गुड खिलाकर बिना दूध देने वाली निर्बल व असहाय गायों की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया। कार्यक्रम के संयोजक मंच के गो सेवा प्रभारी युवा विशाल महलका एवं युवा उज्जवल मुरारका थे। मारवाड़ी युवा मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने जानकारी दी के कार्यक्रम मे मंच के शाखा अध्यक्ष युवा आशीष अग्रवाल, सचिव सोनित अग्रवाल, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, युवा अमित अग्रवाल एवं अन्य सदस्य अपने परिवार सहित विशेष रूप से उपस्थित थे।

## हिल टॉप पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा पर सेमिनार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को जिला परिवहन कार्यालय रांची एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में बरियातू रोड हिल टॉप पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूली छात्र छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने को लेकर जिला परिवहन कार्यालय रांची एवं रिलेशंस कि ओर से हिल टॉप पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर सड़क सुरक्षा अभियंता परिवहन विभाग झारखंड सरकार के गौरव कुमार,हिल टॉप पब्लिक स्कूल कि प्राचार्या संगीता राज, निदेशक राजेश गुप्ता,उप प्राचार्या सुनीता श्रीवास्तव एवं रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन के लिए होती है। सड़कों पर अक्सर दुर्घटना होती रहती है। इसी के बचाव हेतु बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियम से भी अवगत कराया गया। साथ ही साथ सभी ने कहा कि हमें कभी भी दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करना चाहिए।18 साल के आयु के बाद ही दोपहिया वाहन चल ।ना चाहिए। हमें यातायात के नियमों का हमेशा पालन करना चाहिए।कभी ट्रिपल राइडिंग नहीं करना चाहिए। सभी को सीट बेल्ट पहनकर ही गाड़ी चल ।नी चाहिए। हमें हमेशा सुरक्षित ड्राइविंग की आदतों का ध्यान रखना चाहिए। राइडिंग करते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। फुटपाथों पर संभलकर चलना चाहिए और जेब्रा क्रॉसिंग से ही क्रॉस करना चाहिए। गति सीमा का अवश्य ध्यान रखना चाहिए।

## मुख्यमंत्री का आभार, नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक नियुक्ति पर रोक स्वागत योग्य : अमन अहमद



**रांची :** एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने झारखंड सरकार यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नीड बेस्ड (आवश्यकता आधारित) सहायक प्राध्यापक नियुक्ति पर रोक लगाना स्वागत योग्य बताया। इस नियुक्ति में बहुत सारी त्रुटियां थी, इस नियुक्ति प्रक्रिया में झारखंड के आदिवासी मूलवासी छात्र अभ्यर्थि वंचित हो रहे थे । एनएसयूआई इसका शुरू से ही विरोध कर रही थी कि झारखंड के जितने भी स्टेट यूनिवर्सिटी है वऋछ नियमावली नहीं सभी में खढरउ अधिनियम नियमावली के तहत बहाली की जाए परन्तु ऐसा हुआ नहीं। और UGC गजट में लिखा है कोई भी विश्वविद्यालय में 10% से जायदा घंटी आधारिक या आवश्कता आधारिक कोई भी नियुक्ति नहीं होगी इससे शिक्षा की गुणवत्ता में कमी आएगी और हाल में ही झारखंड उच्च न्यायालय ने भी राज्य के सभी विश्विद्यालयों को आदेश दिया था कि कोई भी विश्वविद्यालय में नीड बेस्ड नियुक्ति नहीं होगी।

## दुर्गा-बाड़ी में प्रेस वार्ता सम्मेलन आयोजित

# श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव के बारे में दी गयी जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** बुधवार श्री श्याम परिवार रांची द्वारा स्थानीय दुर्गा-बाड़ी में प्रेस वार्ता सम्मेलन आयोजित की गयी, जिसमें संस्था के महामंत्री मुटू जालान ने आगामी 13 से 16 फरवरी (गुरूवार से रविवार) को श्री श्याम हवेली दुर्गा बाड़ी में श्री श्याम परिवार रांची द्वारा मनाये जाने वाले भव्य श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव के बारे में जानकारी दी गयी। श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव में दिनांक 15 फरवरी 2025 (शनिवार) को दोपहर 2:00 बजे से श्रृंगारित रथ पर विराजित श्री श्याम प्रभु की झांकी निकाली जाएगी भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली जाएगी। महामंत्री मंटू जालान ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से महोत्सव का शुभारंभ



दिनांक 13 फरवरी 2025 (गुरूवार) से श्री गणेश पूजन, श्री श्याम प्रभू एवं हनुमान जी महाराज का निशान पूजन के साथ प्रातः 10:00 बजे से किया जायेगा। संध्या 7:00 बजे से श्री सुरेश जी बजाज के नेतृत्व में सस्वर पुरूष एवं महिलाओं द्वारा सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाएगा। 14 फरवरी 2025 (शुक्रवार) आचार्यों एवं पंडितों के सानिध्य में श्री श्याम परिवार रांची के सभी सदस्यों द्वारा हवन पूजन एवं सभी देवी-देवताओं का आवाहन किया जाएगा।

## एनयूएसआरएल और आईडीआईए साथ आये, सामाजिक न्याय और कानूनी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की

# नयी सम्भावना के रास्ते खुलेंगे, छात्रों को बेहतर अवसर मिलेंगे : कुलपति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची ने IDIA चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने और कमजोर वर्गों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली कानूनी शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। इस एमओयू से संस्थान की पहुंच वंचित समुदायों तक बढ़ेगी। एनयूएसआरएल के कुलपति प्रोफेसर डॉ.अशोक आर. पटिल और आईडीआईए की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सबा मिस्त्री के बीच हस्ताक्षरित हुए। इस मौके पर अन्य गणमान्य व्यक्ति और प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में कुलपति ने कहा, इस साझेदारी के महत्व और इसके पीछे के उद्देश्यों पर



जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे नई संभावना के रास्ते खुलेंगे, छात्रों को बेहतर अवसर मिलेंगे। छात्रों को समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा। पढ़ाई के बाद वह अपना बचा हुआ समय कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं। छात्र IDIA के साथ सीखने में अपना समय खर्च कर सकते हैं। कुलपति ने कहा, थ्योरी में बहुत फर्क होता है काम के दैरान दबाव में बेहतर काम करने की क्षमता विकसित होती है। यह उच्च शिक्षा हो या नौकरी, दोनों में मददगार साबित होगी। आईडीआईए झारखंड चैप्टर के निदेशक तुषांत शर्मा ने भी इस साझेदारी से झारखंड में हुए सकारात्मक बदलावों को साझा किया और बताया कि कैसे आईडीआईए के सहयोग से कई लोग बेहतर कर रहे हैं। सबा मिस्त्री ने छात्रों को विश्वास दिलाया कि वे कभी भी आईडीआईए से संपर्क कर सकते हैं, और संगठन हर कदम पर उनकी मदद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, देशभर में आईडीआईए ऐसे लोगों को सशक्त बना रही है। आप कभी भी हमें संपर्क कर सकते हैं, हम हमेशा सहयोग के लिए तैयार हैं। यह साझेदारी एनयूएसआरएल के छात्रों को सामाजिक रूप से प्रासंगिक कारणों में भाग लेने और समुदाय सेवा करने के अवसर प्रदान करेगी, जिससे उनके कानूनी शिक्षा में वृद्धि होगी और सामाजिक जागरूकता भी बढ़ेगी। इसके अलावा, एनयूएसआरएल में एक आईडीआईए चैप्टर स्थापित किया जाएगा, जो छात्रों को वंचित समुदायों के छात्रों को पहचानने और प्रशिक्षित करने का अवसर प्रदान करेगा, ताकि वे कानूनी क्षेत्र में अपनी पूरी क्षमता को पहचान सकें। परियोजनाओं पर भी सहयोग को लेकर सहमति बनी है जिसमें वंचित समुदायों को सशक्त बनाने में मदद करने का जिक्र है। इसके अलावा, एनयूएसआरएल-आईडीआईए की गतिविधियों जैसे फंडरेजिंग, मॉक टेस्ट और जागरूकता सत्रों के लिए प्रशासनिक समर्थन प्रदान करेगा।यह साझेदारी ईमानदारी के प्रति दोनों संस्थानों की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है, जिसमें दोनों पक्ष भ्रष्टाचार और घूसखोरी के खिलाफ शून्य सहिष्णुता नीति का पालन करेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि सहयोग उच्चतम नैतिक मानकों के अनुरूप रहे। एनयूएआरएल और आईडीआईए के बीच यह साझेदारी छात्रों और समग्र समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए तैयार है, जिससे भविष्य में कानूनी पेशेवर और नेता तैयार होंगे, जो रचनात्मक और सामाजिक रूप से जागरूक होंगे।

## श्री राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे माघ पूर्णिमा पर्व के अवसर पर आज विशेष पूजा- पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया। पुजारी अरविंद पांडे ने भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत पूजा-अर्चना कर भोग लगाया तथा पूरे विधि विधान से पूजा का अनुष्ठान संपन्न कराया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया माघ पूर्णिमा के अवसर पर आज विशेष पूजा-पाठ किया गया। तथा भजन-कीर्तन मे सदस्यों द्वारा गाये सुमधुर भजनों में भक्तजन खूब झूमे। माघ पूर्णिमा का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना गया है। यह पर्व पूर्णिमा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस अवसर पर भगवान विष्णु संग लक्ष्मी जी की प्रार्थना करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। आज बहुत घरों में सत्यनारायण भगवान की कथा पूजा की गई। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने माघ पूर्णिमा के दिन मत्स्य अवतार धारण किया था इसलिए यह पूर्णिमा बेहद खास मानी गई है। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में आज अमृत स्नान किया गया।

## एक झलक

### ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, दो की मौत

**धनबाद :** गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत साहेबगंज मार्ग पर बुधवार की देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। घटना अपना नर्सिंग होम के समीप की बताई जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है। एक ऑटो सवारी लेकर कुसमाटांड गांव में प्रवेश कर रही थी तभी तेज रफ्तार से आती एक ट्रक ने अनियंत्रित होकर ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो में सवार एक महिला और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि इस घटना में घायल ऑटो सवार एक अन्य महिला को इलाज के लिए गंभीर हालत में धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों मृतक एक ही पंचायत अंतर्गत राम नगर और कुम्हारडीह के रहनेवाले थे। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने घंटों सड़क जाम कर दिया।

### 1 लाख 76 हजार 139 लोगों को खिलायी फाइलेरिया की दवा

**धनबाद :** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सोमवार से शुरू हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के दूसरे दिन जिले के 1 लाख 76 हजार 139 लोगों को गोली खिलाई गई। इसमें गोविंदपुर में 11501, टुंडी 14215, बाघमारा 41292, तोपचांची में 7734, धनबाद 55538, झरिया 19162, बलियापुर 5459 एवं निरसा प्रखंड में 21238 लोगों को फाइलेरिया से बचने के लिए गोली खिलाई गई। 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर छुटे हुए लोगों को अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी।

### श्याम प्रभु का हुआ गुणगान, बही भक्ति की धारा

**झरिया (धनबाद):** झरिया अमलापाड़ा स्थित प्राचीन श्याम मंदिर में बुधवार की संध्या प्रभु श्याम की विशेष पूजन अर्चना एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झरिया विधायक रागिनी सिंह समेत प्रभु श्याम प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद थे। भजन कार्यक्रम से पूर्व पंडित गोपाल पांडे ने प्रभु श्याम का विशेष अनुष्ठान संपन्न कराया। यजमान के रूप में अंकित मेहता एवं उनकी धर्मपत्नी श्वेता मेहता थी। कार्यक्रम में दुर्गा केसरी, अभिषेक अग्रवाल, प्रवीन भिवानी वाल रोहित, झूलन सिंह नीरज शर्मा, सौरव शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं भक्त मौजूद थे।

### एफसीआई प्रबंधन के निर्देश पर पीपी कोर्ट का नोटिस देने गये होमगार्ड के जवानों का डोमगढ़ में विरोध

**सिन्दरी (धनबाद):** एफसीआई प्रबंधन के आवास वेदखली अभियान के तहत पीपी कोर्ट का नोटिस बांटने गए होमगार्ड के जवानो को डोमगढ के लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा।.डोमगढ में महिलाओ और युवकों ने होमगार्ड के जवानो को घेर लिया और हंगामा करने लगे। इस दौरान आक्रोशित लोगो और महिलाओ को जो भी समझ में आया वे अपशब्दों का प्रयोग करते रहे। काफी हंगामें के बाद होमगार्ड के जवानों ने एफसीआई प्रबंधन को घटना की सूचना दी। एफसीआई प्रबंधन ने होमगार्ड के जवानो को वापस लौटने का हुक्म दिया और होमगार्ड के जवान कोर्ट की नोटिस को वगैर तामिल किए वापस लौट गये। इस संबंध में संपदा और वित्तीय सलाहकार देवदास अधिकारी ने बताया कि नोटिस बांटने का काम पूरा हो चुका है। पीपी कोर्ट की कार्रवाई समय पर होगी। सनद रहे डोमगढ के लोग डोमगढ को खाली करने के एफसीआई प्रबंधन के निर्णय के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं।

### बाइक असंतुलित हो कर बिजली पोल से टकरायी, स्थिति गम्भीर

**पाथरडीह (धनबाद):** पाथरडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत झरिया से सिन्दरी की ओर जा रही पल्सर बाइक असंतुलित हो कर बिजली पोल से टकरा गई। जिससे अज्ञात बाइक चालक और पीछे बैठा युवक नगर निगम के वाल्व चेंबर में जा घुसा। जिसे स्थानीय लोगो ने आनन फानन में चासनाला सीएचसी ले जाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए बाइक चालक को धनबाद रैफर कर दिया गया है जिसकी हालत चिंता जनक बताई जाती है। पीछे बैठा युवक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बाइक सवार झरिया की ओर से तेज रफ्तार में लहरिया कट चाल में आ रहा था, जो अनियंत्रित हो बिजली पोल में टक्कर मार दी।

# जामाडोबा टाटा डीएवी स्कूल में संत रविदास की मनी जयंती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** बुधवार को टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा की विशेष प्रार्थना सभा में समाज सुधारक आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती एवं संत रविदास की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के वाणिज्य शिक्षक बिनय कुमार सहाय ने माल्यार्पण किया। विद्यालय के बच्चे, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अमरेश नंदन सिंह, हरिश्चंद्र मिश्र, कुमारी प्रियदर्शनी, विनीता, संध्या मिश्रा अनीता दास गुप्ता आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने स्वामी जी के बारे में अपने विचार छात्रों के समक्ष साझा किए। कक्षा आठवीं के अभिनव ने स्वामी दयानंद के बारे में भाषण दिया। स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1824 में गुजरात प्रदेश के टंकारा में हुआ था। ये एक समाज सुधारक थे। इन्होंने समाज में फैली अनेक कुप्रथाएं जैसे छुआ-छूत, स्त्री शिक्षा, अछूतोद्धार के लिए कार्य किया। वेदो के प्रचार-प्रसार के लिए भी कार्य किया। 1875 में आर्य समाज की स्थापना की। इनकी मृत्यु के बाद आर्य समाज के लोगों ने इनके नाम से डीएवी शिक्षण संस्था की स्थापना की। जो आज देश-विदेश में लगभग 1000 जगह पर स्थित है और भारतीय संस्कृति के साथ-साथ पाश्चात्य संस्कृति, ज्ञान और विज्ञान की शिक्षा दे रही है। इस अवसर पर संस्कृत शिक्षक धर्मराज जी की देख-रेख आठवीं कक्षा बच्चों एवं विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने हवन किया। संगीत शिक्षका श्रुति पाठक ने भजन प्रस्तुत किया। हिन्दी शिक्षिका पिंकी मैडम के निर्देशन स्वामी दयानंद पर आधारित लघु नाटिका का भी मंचन किया गया। कला शिक्षक पिंस ने स्वामी दयानंद से संबंधित कक्षा तृतीय से सातवीं के बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यालय के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने स्वामी दयानंद सरस्वती एवं संत रविदास जयंती के अवसर पर सभी बच्चों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

### भाजपा ने रविदास जी की जयंती पर उन्हे श्रद्धा-सुमन की अर्पित



**सिन्दरी (धनबाद) :** भाजपा ने अंबेडकर कालोनी रोहडाबांध में बुधवार को संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती का आयोजन कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री तारा देवी ने संत रविदास जी के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का सुझाव दिया। और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद लोगों के बीच 100 कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पर बोकारो प्रभारी प्रकाश दास, जिला महामंत्री मनोज मिश्रा, ग्रामीण जिला मंत्री प्रकाश बाउरी, नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, समीर बाउरी, एस टी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविश्वर मरांडी, चंद्रावती देवी, अणिमा सिंह ने भी संत रविदास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष परेश चंद्र दास और संचालन नगर महामंत्री इंद्रमोहन सिंह और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री नरेंद्र हरि ने किया। मौके पर अरविंद खत्री, राकेश तिवारी, राघव तिवारी, विजय कुमार सिंह, मनोज रजक थे।

## संत रविदास की जयंती पर बेलचढ़ी में खुला विंग्स प्ले स्कूल



**निरसा (धनबाद):** निरसा के बेलचढ़ी में संत रविदास जयंती के अवसर पर बुधवार को बच्चों के लिए प्ले स्कूल का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन निरसा विधायक रूप चटर्जी ने फीता काटकर किया गया। ओपनिंग सेरिमनी में ब्लॉसम इंग्लिश स्कूल के प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों ने संत रविदास जी को पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक नुक्कड़ नाटक तथा नृत्य कला प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात सभी आए हुए अतिथियों एवं प्रेस मीडिया के बंधुओं को माला पहनाकर एवं भेंट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में बच्चों व अभिभावक गण, उपस्थित सभी गणमान्य अतिथि और सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने की महाप्रबंधक से वार्ता, ग्रामीणों की समस्याओं से कराया अवगत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** तेतुलमारी क्षेत्र में उत्पन्न हुए पीट वाटर, हेवी ब्लास्टिंग, विस्थापन तथा बिजली की समस्या को लेकर बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद से टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बुधवार को वार्ता किया।
लगभग 01 महीने पहले सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के पहल पर क्षेत्र में उत्पन्न हुए समस्याओं के बारे में विधायक को ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया था, जिसपर बीसीसीएल प्रबंधन के साथ पहले भी बैठक हुई थी और जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान करने की बात प्रबंधन द्वारा कही गयी थी परंतु इतने दिन बीत जाने के पश्चात अभी तक ना पीट वाटर की कोई समस्या का समाधान हो सका और ना ही विस्थापन तथा बिजली का जिसपर विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आज प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि अब कुछ ही दिनों में गर्मी भी प्रचंड रूप ले लेगी जिसके बाद क्षेत्र की जनता पानी के लिए तड़पने लगेंगे इसलिए अगले सप्ताह तक सारी समस्याओं का समाधान करें, अन्यथा हम सभी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे और इसका सारा जवाबदेही बीसीसीएल प्रबंधन का होगा। संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने कहा कि यदि समस्या का तत्काल निदान नहीं किया गया तो आने वाले कुछ दिनों में आम जनता में पानी के लिए हाहाकार मच जाएगी साथ ही विस्थापन, बिजली एवं अन्य समस्याओं के निदान के लिए विधायक जी लगातार प्रयासरत हैं बहुत जल्द सभी समस्याओं के समाधान करने की बात महाप्रबंधक के द्वारा कही गई है।
मौके पर मुख्य रूप से धीरज सिंह, बसंत महतो, बबलू कुमार, दिलिप निषाद, विक्रम निषाद, राकेश महतो, संजय ओझा, साहेंद्र कुमार, राजू निषाद इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।


## सरस्वती विद्या मंदिर सिन्दरी में हुआ संत रविदास जयंती का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद):** सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में बुधवार को संत रविदास जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि अवध नारायण प्रसाद (अपर सचिव ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार रांची) विशिष्ट अतिथि भगवान दास (राष्ट्रीय सचिव संत रविदास मंच) गणेश भारती (सामाजिक कार्यकर्ता) शशि भूषण कुमार गुप्ता (सचिव) सुनील कुमार पाठक (प्राचार्य) डॉ भास्कर झा (कार्यक्रम प्रमुख) उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अतिथि अवधेश नारायण प्रसाद ने कहा सनातन धर्म समाज के सभी लोगों को साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। हमें जीवन में सदाचार, कर्म, कर्तव्य को ग्रहण करना चाहिए। रामायण एक महाग्रंथ है जो हमें परिवार के प्रति, समाज के प्रति हमारे कर्तव्य को बतलाता है। भगवान दास ने कहा रविदास ने 7 वर्ष के अल्प आयु में अपनी शिक्षा पूर्ण कर आध्यात्मिक कार्य में लग गए। उन्होंने मनुष्य से मानवता धर्म अपनाने को कहा। जिसमें भेदभाव जातिपात का कोई स्थान ना हो। अनुशासन और संस्कार हमें एक सफल नागरिक बनता है। गणेश भारती ने कहा मनुष्य की दो जातियां होती है नर और मादा विद्या और ज्ञान जिसके पास है वही पूज्य है। शशि भूषण कुमार गुप्ता ने कहा हमें सदाचार, कर्म, कर्तव्य, मर्यादा, भक्ति, विश्वास, सत्य और न्याय जैसे मूल्यों का पालन करना चाहिए। यह हमें हर जगह सम्मान दिला सकता है। सुनील कुमार पाठक ने कहा विद्या भारती के विद्यालयों में एकात्मकता स्तोत्र का नित्य पाठ भाई बहनों के द्वारा किया जाता है। जो उनके अंदर बाल्य काल में ही समरस्ता का भाव भर देता है। जिससे भेदभाव रहित समाज का निर्माण हो। संत रविदास की जीवनी बहन सौम्या और आराध्या के द्वारा बतलाया गया। मंच संचालन आरती तथा धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार पाठक ने किया।

## आईआईटी आईएसएम में नारीवाद, अनुवाद संबंधी विचार और आलोचनात्मक पद्धतियों पर किया विचार-विमर्श



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** आईआईटी आईएसएम धनबाद ने शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिष्ठित जीआईएएन कार्यक्रम के तहत आधुनिक आलोचनात्मक परंपरा में महिला लेखिकाएँ और विचारक विषय पर एक विचारोत्तेजक वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 10 से 14 फरवरी तक आयोजित की गई थी और इसका संचालन मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग कि प्रो. रजनी सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में दुनियाभर के प्रख्यात विद्वानों ने नारीवाद, अनुवाद संबंधी विचार और आलोचनात्मक पद्धतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। प्रमुख वक्ताओं में प्रो. मेना मित्रानो का सीए फोसकारी यूनिवर्सिटी अविनाश वेनेस वेनिस प्रो. रश्मि गौड़ आईआईटी रुड़की और प्रो. रजनी सिंह शामिल थीं, जिन्होंने आधुनिक आलोचनात्मक परंपराओं और नारीवादी चिंतन पर गहन बौद्धिक संवाद में भाग लिया। जीआईएएन पाठ्यक्रम के दूसरे दिन, प्रो. रजनी सिंह ने गर्ट्रूड स्टीन और महिलाओं की आलोचनात्मक सोच में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि स्टीन ने आधुनिक आलोचनात्मक परंपरा में एक केंद्रीय भूमिका निभाई और अपने नवाचारपूर्ण लेखन और दार्शनिक विचारों के माध्यम से आधुनिकतावादी साहित्य को प्रभावित किया। इस चर्चा में स्टीन की नारीवादी विचारधारा और आधुनिकतावादी साहित्य में उनकी विरासत को उजागर किया गया। उनके सत्र में दलित महिला लेखिकाओं और दलित नारीवादी ज्ञानमीमांसा (एपिसटेमोलॉजी) पर चर्चा की गई, जिसमें प्रतिनिधित्व, शक्ति संरचनाएं और ज्ञान उत्पादन जैसे विषयों का विश्लेषण किया गया। इस व्याख्यान में मानवता की विवादित परिभाषा, गायत्री चक्रवर्ती स्पिवाक की दलित प्रतिनिधित्व पर आलोचना और सैंड्रा हार्डिंग द्वारा ज्ञान में वस्तुनिष्ठता को चुनौती देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया गया।

### विद्यालय के वार्षिकोत्सव में शामिल हुई विधायक



**झरिया (धनबाद) :** अजमेरा स्थित किड्स एंजल पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि झरिया विधायक रागिनी सिंह उपस्थित हुई। जहां स्कूल प्रबंधन द्वारा विधायक श्रीमती सिंह का स्वागत अभिनंदन किया गया। श्रीमती सिंह ने स्कूली छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया और उन्हें भविष्य की मंगलकामनाएं दी। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक श्री विशाल श्रीवास्तव, रूपेश सिन्हा, अभिषेक पांडे सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

## असंगठित मजदूर मोर्चा ने रोजगार व विस्थापन नीति के लिए आन्दोलन का बजाया बिगुल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** असंगठित मजदूर मोर्चा ने रोजगार और विस्थापन नीति की घोषणा के लिए एफसीआई के मुख्य प्रवेश द्वार पर जनसभा का आयोजन किया।
मोर्चा के अध्यक्ष विधायक अरुप चटर्जी ने जिले के उद्योगों में स्थानीय लोगों को रोजगार देने की वकालत की और कहा कि एचयूआरएल के खुलने से उम्मीद बनी थी कि स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। परंतु निराशा हाथ लगी है। उन्होने विस्थापन नीति बनाने की मांग एफसीआई प्रबंधन से किया। सभा की समाप्ति पर विधायक अरुप चटर्जी के नेतृत्व मे मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल एच यू आर एल प्रबंधन से मिला और सात सूत्री मांग पत्र वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक को सौंपा। मांग पत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार, एफसीआई और पीडीआईएल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के आश्रितों को रियायती दर पर आवास आवंटित करन, एच यू आर एल में कार्यरत मजदूरों को उसकी योग्यता के आधार पर वेतन भुगतान करने, अप्रेंटिस एक्ट के तहत नवयुवकों को प्रशिक्षण देने, एफसीआई और पीडीआईएल के पूर्व कर्मचारियों को ईलाज के लिए आधुनिक हास्पीटल की सुविधा प्रदान करना शामिल था। एचयूआरएल प्रबंधन ने मांग पत्र पर विचार करने के लिए विधायक अरुप चटर्जी से कुछ समय देने का अनुरोध किया। मोर्चा प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष बाबुराजा चंद्रप्रकाश और अन्य सदस्य थे।

## आर्ट ऑफ लिविंग के 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन में शामिल होंगी राष्ट्रपति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** 10 वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सहित राजनीति, व्यापार, कला और समाज सेवा के क्षेत्र की कई प्रभावशाली महिलाएं उपस्थित रहेंगी। 14 से 16 फरवरी तक आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक सम्मेलन में 60 से अधिक वक्ता और 500 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्था के झारखंड मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने जानकारी दी। पिछले लगभग दो दशकों में, अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन में 115 देशों से 463 प्रतिष्ठित वक्ता और 6,000 से अधिक प्रतिनिधि एक साथ एक मंच पर आये हैं। इस वर्ष सम्मेलन में भारत की राष्ट्रपति के अलावा, कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गेहलोत, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, श्रम और रोजगार मंत्रालय एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, कॉमनवेल्थ की महासचिव पेट्रीशिया स्कॉटलैंड, जापान के पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी आकी आबे, प्रसिद्ध फिल्म निर्देशिका अश्विनी अय्यर तिवारी, बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियाँ हेमा मालिनी और शर्मिला टैगोर, बॉलीवुड स्टार सारा अली खान और सोनाक्षी सिन्हा सहित उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियां राधिका गुप्ता और कनिका टेकरीवाल

### बाइक व कार में टक्कर, घटना में चार लोग घायल

**झरिया (धनबाद) :** झरिया थाना क्षेत्र के उपर कुल्ली में तेज कार का कहर देखने को मिला है जहां एक क्रेटा कार ने सड़क पर पैदल चल रहे दो लोगों को जोरदार धक्का मारते हुए, एक बाइक और दो कार में भी टक्कर मारा है। घटना में चार लोग घायल हुए है। इनमें एक छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है। आनन-फानन में पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणो के सहयोग से धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों में बाइक से स्कूल छोड़ने जा रहे पिता-पुत्र भी घायल है। 13 वर्ष छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी चारों घायल का इलाज धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल में चल रहा है। उधर टक्कर मारकर भाग रहे कार चालक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

## राजकमल के 13 बच्चों ने जेईई मेंस की परीक्षा को किया क्रैक

- बच्चों को आगे की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं : सुमंत कुमार मिश्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर धनसार धनबाद के 13 विद्यार्थियों ने जनवरी में आयोजित जेईई मेंस की परीक्षा में सफलता हासिल की। इनके अलावा और भी सफल विद्यार्थियों की जानकारी उपलब्ध की जा रही है। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्र ने मीडिया को बताया कि अपने विद्यालय से 13 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस की परीक्षा में सफलता हासिल की। संकल्प शक्ति से ही बच्चों में सफलता हासिल करने की क्षमता प्राप्त होती है। जो विद्यार्थी दृढ़ संकल्प लेते हैं उन्हें जीवन में किसी भी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। सफल विद्यार्थियों में अंचल अग्रवाल को 98.94, पीयूष कुमार को 97.33, साहिल सिन्हा को 96.19, साहिल अंसारी को 93.82, देबोजित हालदार को 93.15, स्वास्तिक कुमारी को 91.00, मान्यता गुप्ता को 90.00, रिया कुमारी को 88.00, ईरान फातिमा को 86.83, हर्षिता को 86.00, सत्यम कुमार सिंह को 85.62, सुधीर कुमार को 83.00 एवं दक्ष सुमन को 82.23 परसेंटाइल प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार हर्षित है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सहसचिव दीपक रुइया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य गण, प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्र, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उपप्राचार्या लीला सिंह, प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमल नयन, पार्थ सारथी सरकार, सुमोना दीक्षित एवं छंदा बनर्जी ने सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी है।

# फोकस के 46 से अधिक विद्यार्थियों को मिले 90 परसेंटाइल से अधिक अंक




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जेईई मेन 2025 के सेशन 1 की परीक्षा में फोकस धनबाद के 46 से अधिक छात्र-छात्राएं 90 परसेंटाइल से अधिक अंकों के साथ सफल रहे हैं। 28 विद्यार्थियों को 95 परसेंटाइल से अधिक मिले हैं। वहीं 4 विद्यार्थी 99 परसेंटाइल में से अधिक अंक लाने में सफल रहे। सफल विद्यार्थियों में अदिति व अभिनय कुमार को 99.24 परसेंटाइल, शिवाय जायसवाल को 99.13 और रचित चौहान को 99.05 परसेंटाइल अंक मिले हैं। इनके बाद हर्ष शेखर 98.88 परसेंटाइल, राजवीर मंडल 98.78, अद्रिज सरकार 98.70, अंशु कुमार राम 98.65, पार्थ सारथी 98.41, तुषार कांती सिंह 98.02, यश कश्यप 97.40, अमेय भगत 97.27, प्राची शांडिल्य 97.23, रौनक बजोरिया 97.18, अभिनब कुमार 97.16, अंकित आनंद 97.03, आदित्य राज 96.97, आर्यन अग्रवाल 96.86, कुमार आयुष्मान 96.86, रित्विक राज सिंह 96.78, अभिलाशा सिंह 96.78, रिषभ मिश्रा 96.65, हृषि विश्वकर्मा 96.48, अर्पित कुमार 96.23, तेजस्वी कुमार 96.19, पंकज कुमार 95.22, कृषंग बनर्जी 95.18 और शिवम तुलस्यान को 95.03 परसेंटाइल अंक मिले हैं। इनके अलावा अभिनव ठाकुर, गौरव कुमार, आयुष राज, मयंक अंबष्ट, अभिषेक दास, अहान लोधा, आदित्य शर्मा, चैतन्य आनंद, सौरभ कुमार आदि शामिल हैं।

### बाघमारा के हर्षवर्धन व गोधर के तेजस्वी ने किया कमाल, जेई मेंस में लहराया अपना परचम



**धनबाद :** बाघमारा निवासी गणेश रवानी का पुत्र हर्षवर्धन रवानी 98.68 परसेंटाइल व गोधर निवासी विजय रवानी का पुत्र तेजस्वी रवानी 96.19 परसेंटाइल जेई मेंस परिक्षा 2025 में अच्छे परिणाम के साथ केवल अपने परिवार ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र व चन्द्रवंशी समाज का नाम रोशन किया है । कड़ी मेहनत और अथक परिश्रम से परचम लहराया है । चन्द्रवंशी समाज सहित पुरे क्षेत्र में खुशी की लहर है । हर्षवर्धन के पिता गणेश रवानी बाल विकास परियोजना कार्यालय बाघमारा में पदस्थापित है एवं माता भारती देवी आंगनबाड़ी सेविका है । हर्षवर्धन सरस्वती शिशु मंदिर बाघमारा से दसवीं एवं +2 डीपीएस बोकारो से शिक्षा ग्रहण किया है। तेजस्वी के पिता विजय रवानी पत्रकार एवं माताजी श्रीमति मीरा देवी शिक्षिका है। उनके इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए बिनोद कुमार रवानी ने कहा कि नए पढ़ने वाले छात्र - छात्राओं के लिए प्रेरणाश्रोत है, दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना ओर सपरिवार को बधाई दी। बिनोद रवानी, नीलकण्ठ रवानी, जीतन रवानी, राजेश रवानी, जगदीश रवानी, जीवन रवानी, मनोज रवानी, टाइगर संजय रवानी, संतोष रवानी, उत्तम रवानी, देवीलाल रवानी, मन्टु रवानी, मथुर प्र० रवानी, घनंजय रवानी, अभय सिंह, शक्ति रवानी, धीरजु रवानी, बिष्णु रवानी, प्रवीन्द रवानी, अमीत प्रितम रवानी, प्रदीप रवानी, नरेश रवानी, भोलानाथ रवानी, प्रेम रवानी, शुभम रवानी, काजल रवानी, कलेश्वर रवानी, बिरजु रवानी, रंजीत रवानी, किशोर रवानी आदि ने बधाई व शुभकामनाएं देकर उज्वल भविष्य की कामना की है।

## सम्पादकीय.....

# पेरिस एआई शिखर सम्मेलन में भारत की गूंज

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की विलक्षण नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शी दृष्टिकोण ने भारत को वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में एक प्रभावशाली शक्ति के रूप में प्रतिष्ठित किया है। पेरिस में आयोजित एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता के दौरान भारत की तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी क्षमता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक एवं विवेकपूर्ण उपयोग की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई। यह सम्मेलन केवल एक राजनयिक आयोजन नहीं, बल्कि नवाचार, उत्तरदायित्व और वैश्विक सहयोग का सशक्त मंच बना। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ सह-अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह दृढ़ संदेश दिया कि भारत केवल तकनीकी विकास का सहभागी भर नहीं, बल्कि नवाचार, नैतिकता और समावेशिता का ध्वजवाहक बन चुका है। 6-7 फरवरी को विज्ञान दिवस की गरिमा के साथ इस ऐतिहासिक महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसके उपरांत एक उत्कृष्ट सांस्कृतिक सप्ताहांत ने इसकी भव्यता को और बढ़ाया। 10 फरवरी को प्रतिष्ठित एलीसी पैलेस में उच्च-स्तरीय समापन सत्र आयोजित हुआ, जहाँ वैश्विक परिदृश्य के शीर्ष राजनेता, नीति-निमार्ता और उद्योग विशेषज्ञ एकत्र हुए। इस गौरवशाली सत्र की शुरूआत फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक शाही रात्रिभोज से हुई, जिसमें विश्व के विशिष्टतम व्यक्तित्वों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह सम्मेलन केवल एआई के भविष्य पर विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारत की निर्णायक भूमिका को वैश्विक पटल पर सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण में स्पष्ट किया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मात्र एक तकनीकी उपकरण नहीं, बल्कि 21वीं सदी की विश्व व्यवस्था का आधार बनने जा रही है। उन्होंने बताया कि यह तकनीक राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को पुनः परिभाषित कर रही है, और इसकी असीमित शक्ति को संतुलित व नैतिक दिशा देने के लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई की पहुंच केवल विकसित देशों तक सीमित न रहे, बल्कि इसे ग्लोबल साउथ तक विस्तारित करने के लिए न्यायसंगत पहल आवश्यक है। इस संदर्भ में, उन्होंने भारत के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना मॉडल की भूमिका को रेखांकित किया। इस शिखर सम्मेलन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय भारत द्वारा अगले एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की मेजबानी की घोषणा रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत, जो डिजिटल क्रांति और नवाचार के शिखर पर अपनी छाप छोड़ रहा है, अब एआई के वैश्विक विमर्श, नीति-निर्माण और उत्तरदायी विकास का केंद्र बनने को तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी सम्मेलन केवल चर्चा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि एआई के नैतिक, सुरक्षित एवं उत्तरदायी विकास के लिए ठोस रणनीतियाँ प्रस्तुत करेगा। इस पहल को और अधिक बल देते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि भारत का एआई मिशन नवाचार की असीम संभावनाओं को ठोस वास्तविकता में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांसीसी निवेशकों को भारत की प्रगति यात्रा में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया और भारत-फ्रांस सीईओ फोरम में भाग लेकर दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को नए आयाम देने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की सफलता को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे 1.4 अरब नागरिकों के लिए खुली, सुलभ और समावेशी तकनीक की नींव रखी गई है। साथ ही, उन्होंने भारत के स्वदेशी एआई भाषा मॉडल के विकास पर भी प्रकाश डाला, जो तकनीकी लोकतंत्रीकरण का प्रतीक बनेगा। साइबर सुरक्षा और डीपफेक जैसी उभरती डिजिटल चुनौतियों पर प्रधानमंत्री मोदी ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए ठोस और निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया।

## ● किसने क्या कहा



सहकारिता के जरिये रोजगार सृजन व ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि संभव

**अमित शाह**
गृहमंत्री

संत शिरोमणि गुरु रविदास के एकता, मानवता और भाईचारे के संदेश आज भी प्रासंगिक

**नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री (हरियाणा)



# मणिपुर : फेल हुई 'डबल इंजन' की सरकार

विशेष — **निर्मल रानी**

> आगामी 10 फरवरी से विधानसभा सत्र शुरू होते ही मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी पूरी हो चुकी थी। इसीलिये भाजपा नेतृत्व द्वारा दिल्ली चुनाव परिणाम के जश्न के बीच ही बीरेन सिंह से त्यागपत्र लेने का फैसला किया गया। देखना होगा कि बंगाल सहित अन्य गैर भाजपा शासित राज्यों को 'जंगल राज ' व 'आपदा ग्रस्त ' सरकार बताने वाली भाजपा, मणिपुर में महा 'आपदा' के रूप में विराजमान रहे मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को हटाने के बाद जातीय हिंसा में सुलगते मणिपुर के लोगों को भयमुक्त करने व उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिये क्या कदम उठती है। और देश की इस बात पर भी नजर रहेगी कि मणिपुर में 'डबल इंजन 'की सरकार के बुरी तरह से फेल होने का प्रभाव भविष्य में पूर्वोत्तर की भाजपा की राजनीति पर क्या पड़ेगा।

**08** फरवरी को जब दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित हो रहे थे और भाजपा के साथ ही देश का मीडिया भी भाजपा की जीत के कसीदे बांचने में लगा था। देश को यह बताया जा रहा था कि दिल्ली से 'आप' दा जा चुकी है। ठीक उसी समय भाजपा हाईकमान द्वारा निर्देशित भाजपा की मणिपुर की सबसे 'आपदा ग्रस्त ' डबल इंजन सरकार के मुख्यमंत्री नोंगथोम्बम बीरेन सिंह को त्यागपत्र देने हेतु निर्देशित किया जा चुका था ।जिसे दिल्ली जीत के जश्न से ठीक अगले दिन यानी 9 फरवरी को अमल में लाया गया। पिछले छह महीनों से मैतेई, कुकी और नागा विधायक एक साथ मिलकर मुख्यमंत्री बीरेन को पद से हटाने के लिए केंद्रीय नेताओं से बात कर रहे थे। खबरों के अनुसार गत 3 फरवरी को ही मणिपुर के 33 विधायकों ने, जिनमें 19 विधायक भाजपा के भी बताये जा रहे हैं,दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से मिलकर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की जानकारी दे दी थी। बल्कि यह भी बता दिया था कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्तव आने की स्थिति में भाजपा विधायक भी अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान कर सकते हैं।इसीलिये भाजपा नेतृत्व को भारतीय राजनीति के इतिहास के सबसे अकुशल,असफल व अकर्मण्य व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद से हटाना पड़ा। हाँ मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के त्याग पात्र के बावजूद यह सवाल हमेशा बना रहेगा कि इतनी व्यापक व दीर्घकालिक अनियंत्रित हिंसा होने के बावजूद आखिर भाजपा नेतृत्व ने किन परिस्थितियों में उन्हें मुख्यमंत्री पद से पहले क्यों नहीं हटाया ? इतना ही नहीं बल्कि बीरेन सिंह पर जातीय हिंसा के दौरान पक्षपात करने का भी आरोप है। बीरेन सिंह स्वयं मैतेई समुदाय से आते हैं।कुकी जनजाति के एक व्यक्ति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यह आरोप लगाया गया था कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने राज्य में हिंसा भड़काई है। याचिकाकर्ता ने इससे सम्बंधित एक ऑडियो टेप भी अदालत में सबूत के तौर पर जमा कराया है। प्रयोगशाला 'ट्रुथ लैब्स' ने इस बात की पुष्टि भी की है कि इस ऑडियो टेप में 93 प्रतिशत आवाज बीरेन सिंह की आवाज से मेल खाती है। गोया बीरेन सिंह 'राजधर्म का पालन' न करने के भी खुले दोषी हैं। इतिहास इस बात का साक्षी रहेगा कि बावजूद इसके कि देश के और भी कई राज्य समय समय पर किसी न किसी मुहिम या आंदोलन वश हिंसा,अशांति व अव्यवस्था के शिकार रहे हैं। परन्तु भाजपा शासित इस राज्य में 3 मई 2023 से मैतेयी व कुकी समुदायों के बीच छिड़े जातीय हिंसक संघर्ष में जिस स्तर की हिंसा व अशांति देखनी पड़ी उसकी दूसरी मिसाल देश में कहीं भी देखने को नहीं मिलती। हिंसा,आगजनी,बलात्कार,सामूहिक बलात्कार यहाँ तक कि हिंसक भीड़ द्वारा युवतियों की नग्न परेड कराने जैसी शर्मनाक घटनाएं घटीं। मंत्रियों,विधायकों व अन्य नेताओं के घरों को आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस थाने आग की भेंट चढ़े,यहाँ तक कि शस्त्रागार के हथियार तक उपद्रवी छीन ले गये। सैकड़ों लोग इस संघर्ष में मारे गये जबकि हजारों लोग विस्थापित भी हुये। परन्तु मणिपुर का 'डबल इंजन ' मूक दर्शक बना रहा। कानून व्यवस्था की यह स्थिति राज्य में उस समय पैदा हुई थी जबकि मणिपुर की 60 सदस्यीय विधानसभा में एन डी ए के पास 52 सीटें हैं जिसमें अकेली भाजपा के पास 37 सीटें हैं। राज्य सरकार के लिये इससे बेहतर बहुमत और क्या हो सकता था ?

बहरहाल मई 2023 से लेकर अभी तक जारी हिंसा के बीच लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गाँधी जहां तीन बार मणिपुर का दौरा कर हिंसा पीड़ितों के बीच जाकर वहां के लोगों से मिलकर हालात का जायजा ले चुके हैं वहीँ प्रधानमंत्री ने अभी तक एक बार भी हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा करना मुनासिब नहीं समझा। हद तो यह है कि राहुल गाँधी व विपक्ष के तमाम प्रयासों के बावजूद सदन में मणिपुर पर चर्चा को भी टालने की कोशिशें हुईं। सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा मणिपुर की शर्मनाक घटनाओं को कांग्रेस शासित राज्यों से जोड़कर मणिपुर घटनाओं पर लीपापोती करने की कोशिश की गयी। निःसंदेह राहुल गाँधी देश के अकेले ऐसे नेता हैं जो लगातार मणिपुर हिंसा के विषय को उठाते रहे हैं । और भाजपा पर यह दबाव इतना बढ़ा कि मणिपुर विधानसभा में मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव आने से पहले ही पार्टी ने आखिरकार उनसे त्याग पत्र ले ही लिया। बीरेन सिंह के त्यागपत्र के बाद मणिपुर में भाजपा के लिये राजनैतिक संकट खड़ा होना तो निश्चित है ही साथ ही अब यह भी प्रमाणित हो चुका है कि बीरेन सिंह पूरी तरह से मणिपुर हिंसा को नियंत्रित कर पाने में असफल रहे हैं। अन्यथा क्या कारण था कि 3 मई 2023 से लेकर अब तक हिंसा पर पूर्ण नियंत्रण हासिल नहीं किया जा सका ? इसी दीर्घकालिक हिंसा के कारण भाजपा के ही अधिकांश विधायक बीरेन नेतृत्व के विरुद्ध होते जा रहे थे। और मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी भाजपा विधायकों द्वारा ही की जा रही थी। ऐसे में इस बात की पूरी संभावना थी कि कहीं मणिपुर बीजेपी के हाथ से निकल न जाये। क्योंकि राज्य में हिंसा की भेंट चढ़े लंबा समय बीत चुका है और समाधान के नाम पर कुछ भी सामने नजर नहीं आ रहा।

# यूएसएआईडी का दुरुपयोग

गौरतलब — **पंकज जगन्नाथ जायसवाल**

> **एफआईएफ** को यूएसएआईडी का पैसा हेल्पिंग हैंड फॉर रिलीफ एंड डवलपमेंट (HHRD) के माध्यम से भेजा गया था, जो मिशिगन में स्थापित एक मुस्लिम गैर-लाभकारी संस्था है, जिसका दक्षिण एशिया में सक्रिय आतंकवादी समूहों से संबंध है। ट्रम्प ने यूएसएआईडी पर नकेल कसते हुए इसे 'डीपस्टेट' करार दिया है।

**मानवता** की आड़ में वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें डीप स्टेट ताकतें और यूएसएआईडी का हिस्सा शामिल है, स्वार्थी कारणों और दुनिया को अपने हिसाब से चलाने की इच्छा के लिए कई देशों की राजनीतिक प्रणालियों और संस्कृतियों को नष्ट कर रहा है।शाहीनबाग, किसान आंदोलन, बांग्लादेश हिंदू नरसंहार, कश्मीर नरसंहार, मुंबई आतंकवादी हमला, नक्सलवाद और आतंकवाद की गतिविधियाँ, शहरी नक्सलियों के भारत विरोधी आख्यान जैसे कई भारत विरोधी प्रदर्शन, सभी वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा वित्तपोषण की ओर इशारा करते हैं, जिनमें से एक यूएसएआईडी है।डोनाल्ड ट्रम्प और एलोन मस्क ने मानवता के लिए जोखिम देखा और यूएसएआईडी को बंद कर दिया।विदेशी सहायता रोकने और इसके वितरण के प्रभारी प्रमुख एजेंसी को बंद करने के ट्रम्प प्रशासन के हालिया कदमों ने संघीय खर्च में विवाद के अपेक्षाकृत मामूली लेकिन लंबे समय से चले आ रहे स्रोत पर ध्यान केंद्रित किया है। इन कदमों ने दुनियाभर के मानवीय संगठनों और सरकारों के बीच अस्पष्टता पैदा कर दी है कि कौन-से कार्यक्रम जारी रह सकते हैं और कौन-से नहीं। स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और जल जैसी अनेक मानवीय सहायता जारी रखी जानी चाहिए और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प निःस्संदेह मानवता-विरोधी वामपंथी समूहों को हटाने के बाद ये सहायता शुरू करेंगे। भारत तथा अन्य विकासशील और अविकसित देशों में मानवता विरोधी कार्रवाइयों के लिए मानवता विरोधियों के वित्तपोषण का किस प्रकार दोहन किया जा रहा है ? कुछ उदाहरण- यूएसएआईडी, जिसपर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना हो रही है, उसे अमेरिका के सभी अंतरराष्ट्रीय व्यय का आधे से अधिक फंड प्राप्त होता है। खतरे के संकेतों के बावजूद, यूएसएआईडी ने पाकिस्तान स्थित फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (ऋक्रक्र) को वित्तपोषित किया, जो हाफिज सईद के लश्कर-ए-तैयबा (छीळ) का मुखौटा है। इस तथ्य के बावजूद कि अमेरिकी सरकार ने एफआईएफ और एलईटी पर प्रतिबंध लगा दिया है, उन्हें यूएसएआईडी से वित्त पोषण प्राप्त हुआ।फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (ऋक्रक्र) और एलईटी मुंबई में 26/11 के हमलों के लिए जिम्मेदार थे, जिसमें 166 लोग मारे गए थे।पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा बेरहमी से मारे गए 166 व्यक्तियों में छह अमेरिकी भी थे।

## आज का इतिहास

- इंग्लैंड की रानी कैथरीन हवाई को 1542 में मौत के घाट उतार दिया गया।
- फ्रांस के राजा हेनरी तृतीय का 1575 में रेम्स में राज्याभिषेक।
- लंदन में 1601 में ईस्ट इंडिया कम्पनी की पहली यात्रा का नेतृत्व जान लैंकास्टर ने किया।
- इटली के खगोलशास्त्री गैलीलियो को 1633 में रोम पहुँचने पर गिरफ़्तार कर लिया गया।
- स्पेन ने पुर्तगाल को 1688 में एक अलग राष्ट्र स्वीकार किया।
- विलियम और मैरी 1689 में इंग्लैंड के संयुक्त शासक घोषित हुए।
- अमेरिका में 1795 में पहला स्टेट यूनिवर्सिटी उत्तरी कैरोलिना में खुला।
- सन 1820 में फ्रांसीसी तख्त के दावेदार डक की बेरी की हत्या कर दी गई।
- नेपल्स के फ्रांसीसी द्वितीय ने 1861 में ग्यूसेपी गैरिबाल्डी के आगे हथियार डाले।
- अमेरिका में 1920 में बेसबॉल की नीग्रो नेशनल लीग स्थापित हुई।
- 13 फरवरी साल 1931 में ही नई दिल्ली को भारत की राजधानी घोषित किया गया।
- सोवियत संघ ने 1945 में जर्मनी के साथ 49 दिन तक चले युद्ध के बाद हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट पर कब्जा किया जिसमें एक लाख 59 हजार लोग मारे गये।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1948 में आज ही के दिन आमरण अनशन शुरू किया।
- सन 1959 में बच्चों की पसंदीदा बार्बी डॉल की बिक्री शुरू हुई।
- सोवियत संघ ने 1966 में पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
- तुर्की ने 1975 में साइप्रस के उत्तरी भाग में अलग प्रशासन की स्थापना की।
- पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1984 में नौसेना के लिए मुंबई स्थित मझगांव डॉक का शुभारंभ किया।




## आध्यात्मिक आकाश का प्रकाश

**चिन्मय** आकाश में न तो सूर्यप्रकाश की आवश्यकता है, न चन्द्रप्रकाश अथवा अग्नि या बिजली की, क्योंकि सारे लोक स्वयं प्रकाशित हैं। इस ब्रह्मांड में केवल एक लोक- सूर्य, ऐसा है जो स्वयं प्रकाशित है। लेकिन आध्यात्मिक आकाश में सभी लोक स्वयं प्रकाशित हैं। उन समस्त लोकों के (जिन्हें वैकुण्ठ कहा जाता है) चमचमाते तेज से चमकीला आकाश बनता है, जिसे ब्रह्मज्योति कहते हैं। इस तेज का एक अंश महत-तत्व अर्थात जगत से आच्छादित रहता है। जब तक जीव इस अंधकारमय जगत में रहता है, तब तक वह बद्ध अवस्था में होता है। लेकिन ज्यों ही वह भौतिक जगत रूपी मिथ्या, विकृत वृक्ष को काटकर आध्यात्मिक आकाश में पहुंचता है, त्यों ही मुक्त हो जाता है। तब वह यहां वापस लेकिन अपनी मुक्त अवस्था में आध्यात्मिक राज्य में प्रवेश करता है और परमेर का पाषर्द बन जाता है। वहां पर वह सच्चिदानंदमय जीवन बिताता है। जो इस संसार से अत्यधिक आसक्त है, उसके लिए इस आसक्ति का छेदन करना दुष्कर होता है। लेकिन यदि वह कृष्णभावनामृत को ग्रहण कर ले, तो उसके क्रमशः छूट जाने की संभावना है। उसे ऐसे भक्तों की संगति करनी चाहिए जो कृष्णभावनाभावित होते हैं। उसे ऐसा समाज खोजना चाहिए, जो कृष्णभावनामृत के प्रति समर्पित हो और उसे भक्ति करनी सीखनी चाहिए। इस प्रकार वह संसार के प्रति अपनी आसक्ति विच्छेद कर सकता है।

## सुविचार

अगर हम विफलता से शिक्षा प्राप्त करते हैं, तो वह सफलता ही है
**मैल्कम फोर्ब्स**

एक बुद्धिमान व्यक्ति के प्रश्न में ही आधा उत्तर छिपा रहता है
**सोलोमन इब्न गेबिरोल**

# हमेशा जीवन बोलना चाहिए, मार्क्स नहीं

**प्रियंका सौरभ**

**'परीक्षा** पर चर्चा' 2018 से एक वार्षिक कार्यक्रम रहा है। इस कार्यक्रम में, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश के अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करते हैं। वे प्रवेश और बोर्ड परीक्षाओं को सहज और आसान तरीके से कैसे हल किया जाए, इस पर सलाह देते हैं। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों को एक प्रतियोगिता के माध्यम से चुना जाता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलने के अलावा, प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानमंत्री से आमने-सामने बात करने का भी अवसर मिलता है। परीक्षा पर चर्चा का उद्घाटन संस्करण 16 फरवरी, 2018 को हुआ था। 29 जनवरी, 2024 को होने वाले 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'पर्याप्त नींद लें और रील देखने में समय बर्बाद न करें।' 2025 में आयोजित होने वाले आठवें पीपीसी में इस साल परीक्षा से सम्बंधित तनाव को कम करने पर विशेष जोर दिया गया था। परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम में सद्गुरु (आध्यात्मिक नेता), दीपिका पादुकोण (अभिनेता), विक्रांत मैसी (अभिनेता), मैरी कॉम (ओलंपिक चैंपियन, बॉक्सर) और अवनी लेखरा (पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता) जैसे प्रसिद्ध व्यक्ति शामिल हुए। इन प्रतिष्ठित अतिथियों ने तनाव प्रबंधन, उद्देश्यों को पूरा करने और प्रेरणा बनाए रखने पर अपने अनुभव और व्यावहारिक विचार साझा किए।

10 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा 2025 के आठवें संस्करण के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। यह वार्षिक आयोजन छात्रों को परीक्षा की चिंता, करियर प्लानिंग और व्यक्तिगत विकास जैसे मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के आयोजन के लिए 330 करोड़ से अधिक छात्रों, 2071 लाख शिक्षकों और 551 लाख अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है, जो देश के युवाओं पर इस पहल के निरंतर प्रभाव को दशार्ता है। पीएम मोदी के अनुसार, कक्षा 10 और 12 में 40-50% छात्र असफल होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह उनका अंतिम उद्देश्य है। शैक्षणिक और व्यक्तिगत सफलता और असफलता के बीच अंतर को पहचानना महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जो दिन के अंत में अपनी गलतियों पर विचार करते हैं और उनमें सुधार करते हैं; छात्रों को भी ऐसा ही करना चाहिए। उनके अनुसार, आपका जीवन वही है जो आपके अंक बताते हैं, न कि आप। पीएम ने छात्रों को दबाव को नजरअंदाज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक बल्लेबाज की तरह जो स्टेडियम के शोर और नारों को नजरअंदाज कर गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है, छात्रों को भी तनाव के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

उन बच्चों का क्या होता है जो 30 से 40 प्रतिशत की दर से स्कूल में फेल हो जाते हैं? देखिए, असफलता जीवन के अंत का संकेत नहीं है। आप जीवन में सफल होना चाहते हैं या किताबों के माध्यम से, यह आप पर निर्भर करता है। अपनी सभी असफलताओं को शिक्षण के अवसर में बदलना जीवन में सफलता प्राप्त करने की एक रणनीति है। अपनी गलतियों को अपने शिक्षण के क्षण बनाएँ। जीवन केवल परीक्षा नहीं है। इसे समग्र रूप से देखा जाना चाहिए। हमें कुछ खासियतें देने के अलावा, भगवान ने हमारी कुछ खामियाँ भी रखी हैं।

## राशिफल

**मेष** — मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**तुला** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

**वृष** — निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**वृश्चिक** — कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**मिथुन** — कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**धनु** — मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्क** — ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मकर** — स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। लेदेकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**सिंह** — विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुंभ** — अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्या** — भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीन** — नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

# सूचना क्रांति व एआई चैटबॉट युग में भी जीवन को रौशन कर रहा है रेडियो

गौरतलब — **सुनील कुमार महला**

> **शहरों** में सिटी बसें दौड़ रहीं हों या आटो-टैक्सियां आपको इनमें रेडियो बजता हुआ सुन जाएगा। आज स्थान स्थान पर बहुत से कम्युनिटी रेडियो सेंटर्स खुल गये हैं अथवा एफ.एम. की बहार है। सिटी बसेज में तो एफ.एम. का अपना अलग ही आनंद है। आप दिल्ली चले जाइए, जयपुर घूम आइए या किसी अन्य बड़े शहर की सैर कर आइए, आपको रेडियो मिर्ची, समाचार जरूर ट्यून होते मिलेंगे। चाय की थड़ियों में, दुकानों में अखबार पढ़ने के साथ ही आपको रेडियो सुनने का आनंद लेते लोग मिल जाएंगे।

**आज** का युग सूचना क्रांति का युग है, एडवांस एआई तकनीक का युग है। विज्ञान ने आज इतनी अधिक तरक्की कर ली है कि सूचना क्रांति और एआई तकनीक के इस आधुनिक युग में आज हमारे पास मनोरंजन के अनेक साधन उपलब्ध हैं।प्राचीन काल में मनोरंजन के साधन आखेट, कथा-कहानी, आपबीती, तैराकी, घुड़सवारी, पर्यटन, चौसर, खेल-तमाशे, कुश्ती, कबड्डी,ताश, शतरंज ,कला, प्रदर्शन, नृत्य, संगीत, बाजे,नाटक, मेले, सामाजिक सभाएं (चौपाल), ढ़ोलक, हारमोनियम पर गाना आदि हुआ करते थे और मनुष्य इन साधनों के द्वारा मनोरंजन किया करता था। पहले के जमाने में आज की तरह न इंटरनेट की उपलब्धता ही थी और न ही स्मार्ट फोन,लैपटॉप, टीवी ही हुआ करता था। कहना गलत नहीं होगा कि पहले के जमाने में मनोरंजन के सीमित संसाधन थे। वैसे पुराने जमाने में मनोरंजन का एक बड़ा साधन जो रहा है, वह 'रेडियो' है। कहना गलत नहीं होगा कि रेडियो जानकारी प्रदान करने, लोगों को शिक्षित करने, संस्कृतियों के बीच अभिव्यक्ति की अनुमति देने और निश्चित रूप से, हमारे सभी पसंदीदा संगीत बजाने का एक शानदार और सशक्त मंच है। चाहे तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, रेडियो एक अपूरणीय माध्यम है, खासकर प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं के दौरान। सच तो यह है कि रेडियो आज प्रसारण का वह माध्यम है जो मनोरंजन, स्थानीय समाचार, खेल अपडेट, चर्चाएँ, बढ़िया संगीत प्रदान करता है, और मार्केटिंग का भी एक प्रभावी तरीका है।

आज सोशल नेटवर्किंग साइट्स के इस आधुनिक युग में भी रेडियो की प्रासांगिकता समय के साथ बिल्कुल भी कम नहीं हुई है और आज 13 फरवरी है-'विश्व रेडियो दिवस।' पाठकों को बताता चलूं कि पहला रेडियो प्रसारण 1895 में गुग्लिल्मो माकोर्नी द्वारा किया गया था और संगीत और बातचीत का रेडियो प्रसारण, जिसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों के लिए था, प्रयोगात्मक रूप से, कभी-कभी 1905-1906 के आसपास अस्तित्व में आया। यह भी उल्लेखनीय है कि जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने सबसे पहले रेडियो की संभावना का प्रस्ताव रखा था।

साल 1920 के दशक की शुरूआत में रेडियो व्यावसायिक रूप से अस्तित्व में आया और लगभग तीन दशक बाद रेडियो स्टेशन अस्तित्व में आए और 1950 के दशक तक रेडियो और प्रसारण प्रणाली दुनिया भर में एक आम वस्तु बन गई। वास्तव में विश्व रेडियो दिवस का उद्देश्य रेडियो के महत्व के बारे में जनता और मीडिया के बीच अधिक जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन का उद्देश्य रेडियो स्टेशनों को अपने माध्यम से सूचना तक पहुंच प्रदान करने और प्रसारकों के बीच नेटवर्किंग और अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। बहरहाल,भले ही आज के युग के बारे में कोई ये समझे कि आज का मल्टीप्लेक्स सिनेमा का युग है या सोशल नेटवर्किंग साइट्स का युग है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### बैनर हटाने को लेकर दो पक्षों में हुई पत्थरबाजी

**डोमचांच** : डोमचांच के रूपनडीह में रविदास मंदिर के सामने तीस फीट की दूरी पर राम भगवान के पोस्टर को हटाने को लेकर आज रविदास जयंती में दो समुदाय के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई और तनाव पूर्ण का माहौल बन गया वही मिली जानकारी के बाद पुलिस अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंची और लोगों से बात चीत करने लगी तो वहीं गुसाई भीड़ ने पुलिस पे भी पत्थर बाजी और लाठीडंडा से वार कर दिए जिसमें थाना प्रभारी सहित कई अन्य पुलिस कर्मी घायल हुए साथ ही साथ कई अन्य लोग भी जख्मी हो गई वही घायल लोगों का इलाज के लिए सदर भेज दिए गए। और कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी की गई साथ में लगभग एक दर्जन मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। बाद में दोनों पक्षों के बीच वार्ता कर मामला को शांत किया गया। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, इंस्पेक्टर डोमचांच, थाना प्रभारी, नवलशाही थाना प्रभारी मरकच्चो, थाना प्रभारी जयनगर, थाना प्रभारी कोडरमा, थाना प्रभारी डोमचांच, अंचलाधिकारी रविंद्र पांडे, वीडियो भोला पांडे, आदि कई जिला के वरीय पदाधिकारी दलबल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

### अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस का बड़ा ऑपरेशन, दो गिरफ्तार

**कोडरमा** : बुधवार को पुलिस अधीक्षक , कोडरमा को सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थाना अंतर्गत अम्बेदकर नगर में अवैध रूप से देशी शराब बेचा जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस अधीक्षक, कोडरमा के द्वारा पु०नि०-सह-प्रभारी विनय कुमार, तिलैया थाना के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तिलैया स्थित अम्बेदकर नगर के झाझरी गली में छापामारी की गयी। छापामारी के दौरान दो (02) पिले रंग के जार में अवैध रूप से देशी मिश्रण महुआ शराब बरामद किया गया साथ ही अवैध रूप से देशी महुआ शराब बेचने वाले दो अभियुक्त संतोष कुमार एवं मसोमात चम्पा देवी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना कांड सं0- 55/25 दिनांक 12.02.2025 धारा 272/274/275/292/ बीएनएस एवं 47 (a) (I) Excise act दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी - संतोष कुमार, उम्र 34 वर्ष, पिता- स्व०- बाबूलाल राम, सा.- अम्बेदकर नगर वार्ड नं.-27,थाना- तिलैया, जिला- कोडरमा। मसोमत चम्पा देवी, उम्र 55 वर्ष, पति स्व.- बाबूलाल राम, सा०- अम्बेदकर नगर वार्ड न0- 27, थाना- तिलैया, जिला- कोडरमा। बरामदगी-25 लीटर अवैध मिश्रण महुआ शराब दो (02) पिला जार छापामारी दल में शामिल-पुनि-सह-प्रभारी विनय कुमार, तिलैया थाना। पुअनि महादेव पाण्डेय, तिलैया थाना। सशस्त्र बल, तिलैया थाना।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भरनो में मुफ्त मिर्गी का हुआ उपचार

**गुमला** : स्वास्थ्य विभाग भरनो, और गुमला प्रशासन के सौजन्य से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भरनो में बुधवार को मिर्गी का मुफ्त उपचार और जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर गुमला जिले के घाघरा, बिशुनपुर, भरनो, सिसई, कामडारा, और बसिया के 127 मिर्गी के मरीजों का दिल्ली एम्स के डॉक्टर ममता भूषण सिंह द्वारा जांच कर उपचार किया गया।

## आयुष्मान और अबुआ स्वास्थ्य योजना से हर्ट-कैंसर सहित महंगे इलाज अब होंगे मुफ्त

# 04 लाख से अधिक परिवार को मिलेगा लाभ




### इन सभी बीमारियों का इलाज भी योजना के तहत

**सभी** तरह के कैंसर,हार्ट संबंधित सभी तरह की बीमारी, बोन मेरो ट्रांसप्लांट, ब्रेन से संबंधित सभी तरह की बीमारी, पैलिएटिव केयर सहित गंभीर बीमारियां भी सूची में शामिल है। इसके आलावे कई महंगे जांच का भी लाभ ले सकेंगे। जिसमें पेट सीटी स्कैन, बोन मेरो टेस्ट, बायोप्सी टेस्ट, एफएनएसी टेस्ट, 3डी अल्ट्रासाउंड, एडवांस जेनेटिक टेस्ट,डिटेल ब्लड, एनालिसिस टेस्ट, नेक्सट जेनरेशन सिक्वेंसिंग, एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड इसके अलावे अन्य जांच भी हो सकेंगी। हेल्थ बेनिफिट पैकेज-2022 में पैलिएटिव केयर पैकेज,हाई एंड प्रोसेस जैसे बोन मैरो ट्रांसप्लांट और कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी, कार्डियक संबंधित रोग के साथ हाई एंड ड्रग्स के पैकेज और हाई एंड डायग्नोस्टिक्स की प्रक्रियाएं भी शामिल की गई है। इलाज के साथ अब महंगी जांच और इलाज के दौरान लगने वाली महंगी दवाएं भी पैकेज के अंतर्गत आएंगी। आयुष्मान और अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के सभी सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों में सभी तहर के इलाज मुफ्त होगी। इसके लिए विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिया गया है। इससे यहां के लाभूकों को लाभ मिलेगा।

**हिमांशु तोमर**

**बोकारो** : आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना और अबुआ स्वास्थ्य योजना के तहत अब जिले के लाभुकों का हार्ट, कैंसर, बोन मेरो ट्रांसप्लांट जैसे मंहगे इलाज भी फ्री में होगा। पहले ये बीमा पैकेज में शामिल नहीं था। लेकिन इसमें 534 तहर के नए पैकेज को इन दोनों योजना से जोड़ा गया है। आयुष्मान और अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत बीते दस फरवरी को सूचीबद्ध सभी निजी औश्र सरकारी अस्पतालों में पुरानी बीमारी की अवधि समाप्त हो गई। इसके बाद नई बीमा अवधि को लागू कर दिया गया है। जिसके बाद हेल्थ बेनिफिट पैकेज-2020 भी लागू कर दी गई। इसक तहत 534 नए पैकेज शामिल किए गए और पुराने पैकेजा की कीमत में संशोधन किया गया। अब आयुष्मान और अबुआ स्वास्थ्य योजना से सूचीबद्ध कोई भी अस्पताल इन गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को भर्ती करने से इनकार नहीं कर सकेंगे। इससे जिले के 4 लाख 20 हजार से अधिक लाल,पीला और हरा राशन कार्डधारी परिवार इस योजना का लाभ उठा सकेंगे।

## माघी मेले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने लगाया कानूनी जागरूकता कैम्प




**साहिबगंज** : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) अखिल कुमार के मार्गदर्शन में राजमहल के माघी मेले में गंगा तट पर कानूनी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप के माध्यम से मेले में आए लोगों को उनके कानूनी अधिकारों और विधिक सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। कैंप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) ने लोगों के बीच पंपलेट और हैंडबिल वितरित कर कानूनी सहायता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा, पीएलवी ने डालसा द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी, जिससे जरूरतमंद लोग कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कैंप के स्टॉल पर उपस्थित लोगों को विशेष रूप से महिलाओं, गरीबों, आदिवासियों और अन्य वंचित समुदायों के लिए उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, विवाद समाधान, लोक अदालत, कानूनी परामर्श और अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। माघी मेले में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति के कारण यह कैंप काफी प्रभावी रहा। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से कानूनी जानकारी मिलने में मदद मिलती है।

## राजकीय माघी मेला राजमहल-2025 का भव्य उद्घाटन

# मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने की गंगा पूजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**राजमहल/साहिबगंज** : राजकीय माघी मेला राजमहल-2025 का भव्य शुभारंभ झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री महोदय ने गंगा नदी के तट पर विधिवत गंगा पूजन कर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह में भारी संख्या में स्थानीय लोग, प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा किरमाघी मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत का परिचायक है। यह पर्व जनजातीय गौरव और लोक संस्कृति को समर्पित है। हमें अपने अमर शहीदों- सिद्धो- कान्हु, फुलो - झानो के बलिदान को याद रखना चाहिए, जिन्होंने हमारे समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया। राजमहल का माघी पूर्णिमा मेला झारखंड की सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर का एक अभिन्न हिस्सा है। यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि जनजातीय परंपराओं, वीर गाथाओं और समाज की सामूहिक संस्कृति को भी प्रतिबिंबित करता है। मंत्री प्रसाद ने इस अवसर पर वीर शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व भी है। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों को और भी भव्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में राजकीय माघी मेला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रयास किया जायेगा। माघी मेले के तहत गंगा घाट पर विशेष पूजा-अर्चना की गयी। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गंगा पूजन कर मां गंगा से राज्य की समृद्धि और शांति की कामना की।

## राजमहल विधायक ने पेयजल आपूर्ति के लिए मंत्री से रखी मांग



**साहिबगंज** : राजमहल के ऐतिहासिक राजकीय माघी पूर्णिमा मेले में पहुंचे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से राजमहल विधायक एमटी राजा ने राजमहल विधानसभा के राजमहल, उद्धवा और साहिबगंज प्रखंड के दियारा क्षेत्र के पंचायत में आर्सेनिक मुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति योजना को जल्द लागू करने की भी मांग की। तो वहीं उन्होंने राजमहल पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल कार्यालय को सुचारू रूप से चालू किए जाने के लिए मांग की।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पांच दिवसीय व्याख्यान शृंखला कार्यक्रम के चतुर्थ दिन का सफल आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई क्यू ए सी) के तत्वावधान में पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम के चतुर्थ दिन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रिसोर्स पर्सन डॉ.रजनीश कुमार, महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी, प्राचार्या डॉ मृदुला भगत, एवं सभी सहायक प्राध्यापक द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुतीकरण के उपरान्त महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों सहित विविध व्यवस्था को पीपीटी के माध्यम से अवगत करायी। रिसोर्स



पर्सन डॉ. रजनीश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, स्नातकोतर शिक्षा विभाग, विनोबा भाव विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा प्रकरण -शिक्षक शिक्षा में मनोविज्ञान की भूमिका के अन्तर्गत मनोविज्ञान के विविध पहलुओं से अभिभूत कराया। रिसोर्स पर्सन ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों की व्यक्तिगत विभिन्नताओं को समझने के लिए एक कुशल अध्यापक को मनोविज्ञान की जानकारी होना आवश्यक है। व्याख्यान के उपरान्त प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन डॉ रजनीश कुमार को महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने स्मृति चिन्ह, प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने पौधा, सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार सिन्हा ने शॉल एवं आई क्यू ए सी समन्वयक डॉ मनीष कुमार पासवान एवं संजीत कुमार द्वारा महाविद्यालय के वार्षिक पत्रिका भेंट कर सम्मानित किया गया।

## विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने जेई मेन में किया जिले का नाम रोशन, मोहित राज बने सेकंड टॉपर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीनस्थ नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग के एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा जेई मेंस में विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के मोहित राज ने 98.75 परसेंटाइल लाकर कोडरमा जिले का सेकंड टॉपर बना। वहीं उसी के सगे भाई विवेकानंद कॉन्वेंट के छात्र रोहित राज ने 98.04 परसेंटाइल लाकर जिले में तीसरा स्थान हासिल किया। ये दोनों छात्र केवल जिले में ही नहीं बल्कि राज्य स्तर पर भी अव्वल स्थान हासिल करने में कामयाब रहा। वहीं विद्यालय के तीसरा छात्र अनुराग कुमार राज ने 92.86 परसेंटाइल अंक लाकर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विद्यालय के कई अन्य छात्र-छात्राएं भी इस परीक्षा में क्वालिफाई किया है। ज्ञात हो अब आगे ये बच्चे जेई एडवांस की परीक्षा देकर देश के प्रतिष्ठित आईआईटी व एनआईटी कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करेंगे। इस सफलता पर विद्यालय निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि लगन व मेहनत से पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को एक न एक दिन सफलता अवश्य प्राप्त होता है। और वे अपने जीवन में तय लक्ष्य व मुकाम को अवश्य हासिल करते है। बच्चों की सफलता पर जहां एक ओर माता-पिता, शिक्षकों व गुरुजनों को नाज होता है वही दूसरी ओर गांव, समाज के सैकड़ों बच्चों को प्रेरणा व मार्गदर्शन मिलता है।

# गंगा नदी थाना का हुआ उद्घाटन, लव कुमार बने थाना प्रभारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज** : झारखंड व साहिबगंज का पहला गंगा रिवर थाना का बुधवार को शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा, विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा, उपायुक्त हेमंत सती और एसपी अमित कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। रिवर थाना का प्रभारी लव कुमार को बनाया गया है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। चर्च के सामने स्थित रेलवे के वर्षों से खाली पड़े बंगले में रिवर थाना अस्थाई रूप से संचालित होगा। दरअसल साहिबगंज में 83 किलोमीटर तक फैली गंगा नदी के किनारे और नाव से होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रिवर बैंक थाना खोला जाना है। थाना में प्रशिक्षित गोताखोर मोटरबोट के साथ हर समय गंगा में होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखेंगे। लगभग डेढ़ साल पहले साहिबगंज में रिवर थाना की मंजूरी मिली थी। गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा 19 अक्टूबर 2023 को अधिसूचना जारी कर साहिबगंज जिले में गंगा नदी थाना के सृजन की घोषणा की थी। झारखंड का एक मात्र साहिबगंज जिला है, जहां गंगा नदी गुजरती है। नदी के उस पार अंतरराज्यीय सीमा की वजह से अपराधी व पशु तस्करों का आना जाना लगा रहता है। जांच और आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रिवर थाना खोलने का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा गया था। थाना बन जाने से गंगा नदी के रास्ते होने वाली अवैध गतिविधियों पर रोक लग सकेगी। जो गंगा नदी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाएंगे। मौके पर डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन, जीरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार और अन्य उपस्थित रहे।

## जी. एस. पब्लिक स्कूल में चलाया गया नशा मुक्त भारत अभियान

# नशा एक बीमारी है, इसे भगाना हमारी जिम्मेदारी : निदेशक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डोमचांच** : जीएस पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से चलाया गया जो कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एक नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बी.के. अनिता दीदी, बी.के. अमृता दीदी ,बी.के. सुजीता दीदी ,




बी.के. पूर्णिमा दीदी, बी.के.कंचन दीदी, बी.के. संजय भाई एवं बी.के. अजय भाई उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को अध्यक्ष प्रदीप सिंह द्वारा मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया व अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय अभियान में आओ हाथ मिलायें नशा मुक्त भारत बनाये को और मजबूत बनाते हुए समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करें। निदेशक नितेश कुमार ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जो नशे की गिरफ्त में है उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रेरित करना है साथ ही आकर्षक झांकी के जरिये बच्चों को जागरूक किया गया। यह अभियान के तहत सभों को प्रतिज्ञा दिलाते हुए कहा गया कि जीवन में कभी भी किसी भी परिस्थिति में किसी के दबाव में आकर, कभी भी, किसी भी प्रकार के नशे का प्रयोग नही करूंगा/करूंगी। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन, छात्र-छात्राओं के साथ अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन्स में लहराया परचम, साकेत बना जिला टॉपर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया** : सेक्रेड हार्ट स्कूल अपने छात्रों की हाल ही में घोषित जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) मेन्स के परिणामों में शानदार सफलता का जश्न मना रहा है। स्कूल के कक्षा बारहवीं के पांच छात्रों ने न केवल प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की है, बल्कि जेईई एडवांस के लिए भी क्वालीफाई किया है, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश पाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उच्च उपलब्धि प्राप्त करने वालों में, साकेत कुमार जिला टॉपर के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने 99.766 का



प्रभावशाली पर्सेंटाइल हासिल किया है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन साकेत के समर्पण और कड़ी मेहनत को रेखांकित करता है। उनकी उपलब्धि स्कूल और उनके परिवार के लिए गर्व का स्रोत है। सेक्रेड हार्ट को गौरवान्वित करने वाले अन्य छात्रों में श्रेष्ठ कुमार शामिल हैं, जिन्होंने 96.998 का सराहनीय पर्सेंटाइल प्राप्त किया है, और सचिन कुमार, जिन्होंने 96.5 का उल्लेखनीय पर्सेंटाइल हासिल किया है। दिव्या कुमारी और सुहानी कुमारी ने भी जेईई मेन्स में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होकर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हमारे छात्रों ने पिछले कई वर्षों से जेईई परीक्षाओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। यह कठोर शैक्षणिक वातावरण और हमारे संकाय के समर्पित प्रयासों का प्रमाण है। हम कक्षा 8 से ही छात्रों को जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना शुरू कर देते हैं, उनकी योग्यता का पोषण करते हैं और एक मजबूत नींव बनाते हैं। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने पिछले वर्ष के जिला टॉपर, युग बरगवे, एक अन्य सेक्रेड हार्ट के छात्र का भी स्मरण किया, जो शीर्ष रैंकिंग वाले छात्रों को तैयार करने के स्कूल के लगातार रिकॉर्ड पर जोर देता है।निदेशक प्रमोद कुमार और उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने प्राचार्य के साथ छात्रों को बधाई दी और आगामी जेईई एडवांस परीक्षा में सफलता की कामना की। पूरे संकाय ने भी छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। स्कूल समुदाय उत्साह और गर्व से ओतप्रोत है, इन प्रतिभाशाली युवा व्यक्तियों की उपलब्धियों का जश्न मना रहा है।


## रांची मंडल में 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के अधीन स्टॉल का आवंटन

प्रत्येक 15 दिनों की रोलिंग अवधि के लिए हस्तशिल्प/कलाकृतियां, कपड़ा और हथकरघा, पारंपरिक वस्त्र और स्थानीय कृषि उत्पाद/प्रसंस्कृत/अर्ध प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के संवर्धन/बिक्री के लिए रांची मंडल में **'एक स्टेशन एक उत्पाद'** योजना के अधीन स्टॉल का आवंटन।

**सूचना संख्या : सी/आरएनसी/सीएटीजी. यूनिट/ओएसओपी/25/1** **दिनांक : 11.02.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची (क) विकास आयुक्त-हस्तशिल्प, विकास आयुक्त- हथकरघा अथवा अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया कारीगर/बुनकर आईडी कार्ड धारक। (ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/ खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार। (ग) पीएमईजीपी (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह। (घ) हाशिए पर या समाज के कमजोर वर्ग। (च) एमएसएमई मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यम तथा एनजीओ के साथ जुड़े हुए व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/ शिल्पकार आदि। (छ) सामाजिक संगठन, राज्य सरकार के निकाय आदि के साथ जुड़े हुए व्यक्तिगत/कारीगर/बुनकर/शिल्पकार आदि से पात्रता दस्तावेजों एवं संपर्क नंबर के साथ आवेदन आमंत्रित करते हैं। हालांकि, 15 दिनों की रोलिंग अवधि के लिए किसी अलग लोगो की अनुमति नहीं दी जाएगी। "एक स्टेशन एक उत्पाद" के नियम और शर्तों, स्टॉल का स्थान, पंजीकरण शुल्क आदि से सम्बंधित और अधिक जानकारी तथा सूचनाओं के लिए सम्बंधित स्टेशनों के स्टेशन प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है अथवा कृपया वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** देखें। आगे की कार्रवाई के लिए वर्तमान नियम के अनुसार उसी दिन सीसीआई और वरिष्ठ एसओ (ए/सी) की उपस्थिति में स्टेशन प्रबंधक के कक्ष में आवेदनों की जांच की जाएगी तथा मूल दस्तावेजों के साथ सत्यापन किया जायेगा। आवेदनों की जांच के बाद, ओएसओपी नीति के अधीन, स्थाई समिति अनुमोदन के लिए सभी अपेक्षित लाभार्थियों के नामों की सिफारिश वरिष्ठ डीसीएम से करेगी तथा सभी अनुमोदित आवेदकों की मौजूदगी में सम्बंधित स्टेशनों के एसएमआर/सीसीआई द्वारा खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ के जरिये सभी अनुमोदित आवेदकों का प्राथमिकता रोस्टर बनाया जायेगा और एक पारी में 15 दिनों की अधिकतम अवधि के लिए प्राथमिकता रोस्टर के आधार पर आवंटन किया जायेगा। यह तब तक जारी रहेगा जब तक प्राथमिकता रोस्टर से सभी आवेदक निकल नहीं आते हैं। **आवेदन डालने का स्थान:** सम्बंधित स्टेशनों के स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय के बाहर रखे गए निर्धारित ड्रॉप बॉक्स में। विवरण निम्नानुसार हैं :

| क्र. सं. | स्टेशन | स्थान | कार्यकारी प्राधिकारी और संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति और फोन नंबर | आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख | आवेदन खुलने की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रांची रेलवे स्टेशन | प्लेटफॉर्म नं. 2 एवं 3 | स्टेशन प्रबंधक/रांची मोबाइल नंबर 9771484773 | 25.02.2025 को सुबह 10:30 बजे | 25.02.2025 को सुबह 11.00 बजे |
| 2 | हटिया रेलवे स्टेशन | प्लेटफॉर्म नं. 2 एवं 3 | स्टेशन प्रबंधक/हटिया मोबाइल नंबर 9771484778 | 27.02.2025 को सुबह 10:30 बजे | 27.02.2025 को दोपहर 12.30 बजे |
| 3 | मूरी रेलवे स्टेशन | प्लेटफॉर्म नं. 2 एवं 3 | स्टेशन प्रबंधक/मूरी मोबाइल नंबर 9771484585 | 19.02.2025 को सुबह 11:30 बजे | 19.02.2025 को दोपहर 12.30 बजे |
| 4 | अरगोड़ा रेलवे स्टेशन | प्लेटफॉर्म नं. 1 | मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/अरगोड़ा मोबाइल नंबर 9771484967 | 20.02.2025 को सुबह 11:00 बजे | 20.02.2025 को दोपहर 12.30 बजे |
| 5 | तोरांग रेलवे स्टेशन | प्लेटफॉर्म नं. 1 | स्टेशन प्रबंधक/तोरांग मोबाइल नंबर 9771459166 | 21.02.2025 को सुबह 11:30 बजे | 21.02.2025 को दोपहर 12.30 बजे |
| 6 | गोला रोड रेलवे स्टेशन | प्लेटफॉर्म नं. 1 | स्टेशन प्रबंधक/गोला रोड मोबाइल नंबर 9771484771 | 21.02.2025 को सुबह 11:00 बजे | 21.02.2025 को दोपहर 12.30 बजे |
| 7 | रामगढ़ रेलवे स्टेशन | प्लेटफॉर्म नं. 1 | स्टेशन प्रबंधक/रामगढ़ मोबाइल नंबर 9771458912 | 28.02.2025 को सुबह 10:30 बजे | 28.02.2025 को सुबह 11.30 बजे |
| 8 | लोधमा रेलवे स्टेशन | प्लेटफॉर्म नं. 1 | स्टेशन प्रबंधक/लोधमा मोबाइल नंबर 9771448907 | 26.02.2025 को सुबह 10:30 बजे | 26.02.2025 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 9 | कुरकुरा रेलवे स्टेशन | प्लेटफॉर्म नं. 1 | स्टेशन प्रबंधक/कुरकुरा मोबाइल नंबर 9771452418 | 24.02.2025 को सुबह 11:30 बजे | 24.02.2025 को दोपहर 12.30 बजे |

**प्रति स्टॉल पंजीकरण शुल्क:** ₹ 1,000 (जीएसटी सहित) [क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए] और ₹ 500 (जीएसटी सहित) [क्रम संख्या 6 से 9 प्रत्येक के लिए]। **टिप्पणी:** यदि कोई आवेदक रांची मंडल के किसी भी अन्य स्टेशन/प्लेटफॉर्म पर स्टॉल/कियोस्क/पोर्टेबल ट्रॉली लगाना चाहते हैं, तो वे संबंधित स्टेशनों के नज़दीकी स्टेशन प्रबंधक से भी परामर्श कर सकते हैं और किसी भी सहायता के लिए वरिष्ठ डीसीएम/रांची के कार्यालय में आ सकते हैं।

(PR-1127) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

## एक झलक

### पुलिस ने बुंडू में 45 एकड़ भूमि पर लगी अवैध अफीम की फसल नष्ट की



**बुंडू** : बुंडू पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अलग अलग दो टीमें बनाकर छापामारी अभियान चला रही है। बुधवार को बुचाडीह, डारुहातु एवं बारूहातु गांव स्थित जंगल क्षेत्र में 45 एकड़ भूमि पर लगे अफीम की फसल नष्ट की।

### एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को ले सभी दलों के नेताओं ने की बैठक

**नवादा** : भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को 17 फरवरी को नवादा में होने वाले एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर एनडीए के प्रमुख कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता एवं संचालन जिला महामंत्री विजय पांडेय ने की। बैठक में एनडीए के पाँचों घटक दलों के जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कार्यकर्ता सम्मेलन के प्रदेश संयोजक सिद्धार्थ संभु उपस्थित रहे एवं सभी कार्यकताओं को कार्यक्रम के निमित मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में एनडीए के सभी प्रदेश अध्यक्ष भाग लेंगे।

### अनियंत्रित ऑटो के पलटने से एक महिला की मौत, तीन घायल

**भागलपुर** : जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र के खानपुर के समीप एनएच 80 पर बुधवार को माघी पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने जा रहा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में एक महिला श्रद्धालु फूलन देवी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ओलापुर गांव से ऑटो पर लगभग 10 लोग गंगा स्नान करने के लिए बटेश्वर गंगा घाट जा रहे थे। रास्ते में खानपुर एनएच 80 के पास ऑटो अनियंत्रित हो गई और पलट गई, जिसमें फूलन देवी नामक महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं तीन श्रद्धालु घायल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए पीरपैंती रेफलर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पीरपैंती थाना के दरोगा राहुल कुमार और बिंदेश्वरी यादव दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया एवं मृतक महिला फूलन देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजन का रो–रोकर बुरा हाल है।

### मकई के खेत में युवक का मिला शव, छानबीन में जुटी पुलिस

**भागलपुर** : जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर कारगिल बहियार स्थित मकई के खेत से बुधवार को पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। युवक की हत्या तेज धारदार हथियार से की गयी है। फिलहाल अभी हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक तिलकामांझी थाना क्षेत्र के सच्चिदानंद नगर निवासी दिनेश पासवान के पुत्र राजीव पासवान (25) है। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से हमला करने का जख्म है। मृतक के दादा भूषण पासवान ने बताया कि राजीव मंगलवार के दोपहर घर से हेलमेट लेकर निकला था लेकिन जब वह रात में नहीं पहुंचा तो हमलोगों ने काफी खोजबीन करने के बाद नाथनगर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके में सर्च अभियान चलाया तब शंकरपुर दियारा के कारगिल बहियार में मकई के खेत से शव बरामद किया है। मौके पर हेलमेट और मृतक का चप्पल बरामद किया है। परिजन आशंका जता रहे हैं की पहले शराब पार्टी करने के लिए युवक को बुलाया गया फिर उसकी हत्या कर दी गई है। वहीं मौके पर पहुंची नाथनगर पुलिस ने डॉग स्क्वॉयड और एफएसएल की टीम के साथ मामले की छानबीन कर रही है।

## भूमि विवाद में खेत में लगी फसल को किया नष्ट

# सात लोगों के खिलाफ शिकायत

- लोगों ने डेढ़ एकड़ में लगी फसल को भी कर दिया नष्ट
- भू-स्वामी जीवन लाल ने रामगढ़ थाने में शिकायत की
- जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा गलत तरीके से किया जा रहा था दावा पेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : रामगढ़ शहर के मुर्रामकला में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। एक पक्ष के द्वारा मुकदमा हारने के बावजूद भू स्वामियों को तंग किया जा रहा है। उन लोगों ने डेढ़ एकड़ में लगी फसल को भी नष्ट कर दिया है। बुधवार को भू-स्वामी जीवन लाल ने रामगढ़ थाने में शिकायत की है। जीवनलाल ने पुलिस को बताया कि मुर्रामकला में खाता नंबर 94 प्लॉट संख्या 1154 में 4 एकड़ जमीन उनकी पैतृक भूमि है। जिसमें डेढ़ एकड़ भूमि में उन्होंने टमाटर, लौकी, बैगन, मिर्च, तरबूज आदि की फसल लगा रखी थी। बुधवार को जब वे फसल देखने गए तो देखा कि सभी पौधों को उखाड़ कर फेंका गया है। फसल को रौंदने के लिए पैर एवं लकड़ी का उपयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके विरोधी पक्षकार शत्रुघ्न प्रसाद, महेश महतो, युगल महतो, लोकनाथ महतो, लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो और सोनू कुमार के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया है कि 17 जनवरी को भी उन लोगों के द्वारा खेती करने के दौरान बाधा उत्पन्न की गई थी। इस मामले में जीवन लाल ने डीसी चंदन कुमार को भी आवेदन दिया है। उन्होंने बताया है की मुर्रामकला में उनके दादा बोधन महतो के नाम पर 4 एकड़ जमीन वर्ष 1918 से हासिल है। वर्तमान समय तक उनके दखल कब्जे में है। उस जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा गलत तरीके से दावा पेश किया जा रहा था। इस मामले में जीवनलाल और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के द्वारा वर्ष 2007 में टाइटल सूट 154/2007 किया गया। इसके बाद हजारीबाग कोर्ट से उन्हे डिग्री मिली। 2015 में भी शत्रुघ्न प्रसाद और उनके सहयोगियों द्वारा एक अपील रामगढ़ कोर्ट में किया गया था। लेकिन उनकी अपील को खारिज कर दिया गया। लेकिन वे लोग परेशान करने से बाज नहीं आ रहे। जीवनलाल ने जिला प्रशासन से अपील की है कि इस मामले में उचित पहल की जाए।

## अनशन पर बैठीं कई छात्राओं की हालत बिगड़ी

**एजेंसी**

**भागलपुर** : तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग की छात्र-छात्राएं पिछले तीन दिनों से प्रोफेसर दिव्यानंद देव के तबादले के खिलाफ अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हुई है, जिसके बाद कई छात्र -छात्राओं की हालत बुधवार को खराब हो गई। सभी को इलाज के लिए भागलपुर के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 31 जनवरी को विभाग के शिक्षक दिव्यानंद देव के जन्मदिन के अवसर पर विभाग में छात्र छात्राओं के दवाव में प्रोफेसर के द्वारा कृत्रिम तलवार से केक काटने का वीडियो वायरल हुआ था। वहीं छात्र-छात्राओं के द्वारा डांस करते हुए भी वीडियो सामने आया था। इसके बाद कुलपति ने जांच कमेटी गठित कर कल कमेटी की रिपोर्ट पर शिक्षक का तबादला नारायणपुर कॉलेज कर दिया है। वहीं कमेटी के एक सदस्य का ऑडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने शिक्षक का तबादला करने का दावा किया था। वहीं यह भी ऑडियो में सामने आया था कि पूर्व रजिस्टर विकास चंद्रा के साथ कर्मचारियों के द्वारा की गई मारपीट मामले को उक्त सदस्य के द्वारा किस तरह से खत्म कर दिया गया और कर्मचारियों को निर्दोष करार दे दिया गया। ऑडियो सामने आने के बाद लगातार इसको लेकर छात्र आवाज भी उठा रहे हैं और अब शिक्षक के ट्रांसफर के बाद अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ गए हैं। अनशन पर बैठी छात्राओं का कहना है कि गलती उन्होंने की है तो सजा उनको मिले ना की उनके सर को।

## लोक अदालत में होती है समय व धन का बचत : कविता खाती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झालसा के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा ईटकी प्रखण्ड के रानीखटंगा पंचायत भवन में ह्यजस्टिस-ऑन-व्हिल मोबाईल वैन से जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी डिपुटी चीफ कविता कुमारी खाती, पीएलवी शंकर साहु, पायल कुमारी, राकेश कुमार मिश्रा, अजय कुमार गोप और सोनु कुमार साहू एवं अन्य लोग उपस्थित थे। एलएडीसी डिपुटी चीफ ने ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में भी बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शंकर साहु, पायल कुमारी एवं अजय कुमार गोप ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। ज्ञात हो कि आगामी 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी डालसा के एलएडीसी डिपुटी चीफ एवं पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। उन्होंने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत की भी जानकारी दी गयी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

## शहीद शेख भिखारी टिकैत उमराव सिंह सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट

# ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के आयोजनों से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है : समुंद्र पाहन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : प्रखंड क्षेत्र स्थित शहीद शेख भिखारी टिकैट उमराव सिंह सद्भावना समिति हेंदेबिली ओरमांझी की ओर से गुंजा डहूटोला मैदान में जिला स्तरीय विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को तीसरा दिन खेला गया।क्रिकेट मैच के आयोजक अध्यक्ष मुबारक अंसारी ने मुख्य अतिथि जेएलकेएम नेता सह खिजरी विधानसभा के विधायक प्रत्याशी समुंद्र पाहन को अंग वस्त्र व मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि व क्रिकेट टूनामेंट के अध्यक्ष मुबारक अंसारी व समुंद्र पाहन ने संयुक्त रूप से क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। खेल मैदान में पूर्व विधायक प्रत्याशी समुंद्र पाहन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहला मैच बड़ागाई टीम बनाम शाई नाथ यूनिवर्सिटी टीम के बीच खेला गया। जिसमें साई नाथ यूनिवर्सिटी की टीम 20 रनों से मैच जीता। वहीं दूसरा मैच बरयातु की टीम बनाम इचापिरी की टीम के बीच खेला गया। जिसमें इचापिरि की टीम ने 21रन से जीता। क्वार्टर फाइनल मैच साईनाथ यूनिवर्सिटी बनाम इचापीरी के बीच खेला गया जिसमें साईनाथ यूनिवर्सिटी ने 13 रन से विजय हासिल की। मौके पर मुख्य अतिथि समुंद्र पाहन ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का आह्वान किया। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के आयोजनों से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है साथ ही साथ सुदूरवर्ती इलाके की युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है क्योंकि गांव के युवाओं में प्रतिभा छिपी होती है।जिन्हें इस तरह का आयोजन में अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। मुख्य अतिथि समुद्र पहन,अध्यक्ष मुबारक अंसारी, तरालाल यादव, इसराफिल अंसारी, प्रवेज आलम, विकास सिंह भोकता, सईद अंसारी, सकिल अंसारी, सोहैल अंसारी, सफीक अंसारी, पपु, टुड़ी, सज्जाद आदि उपस्थित थे।



## नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म, आरोपित किशोर को भेजा गया बाल सुधार गृह

**एजेंसी**

**अररिया** : नरपतगंज के फुलकाहा थाना क्षेत्र के एक गांव में नवमी क्लास में पढ़ने वाली एक छात्रा के साथ उसी के स्कूल में पढ़ने वाले दसवीं क्लास के छात्र ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। किशोर अवस्था में ही हवस का शिकार बने दसवीं क्लास के छात्र ने घटना को उस समय अंजाम दिया, जब छात्रा अपने घर से कोचिंग पढ़ने के लिए जा रही थी। कोचिंग की ओर जाने के क्रम में सुनसान स्थान पर दुष्कर्मी छात्र ने छात्रा को रोका और जबरन उसके साथ मुंह काला किया।घटना मंगलवार शाम की बताई जाती है।घटना के बाद पीड़िता स्कूली छात्रा रोते रोते अपने घर पहुंची और माता पिता को अपने साथ हुए घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पीड़िता के माता पिता फुलकाहा थाना पहुंचकर थानाध्यक्ष रौनक कुमार को घटना की जानकारी दी। पीड़िता और उसके पिता ने लिखित रूप में थाना में आवेदन देकर आरोपित के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज करायी।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपित किशोर को हिरासत में लिया और घटना को लेकर उनसे पूछताछ की, जिसमें उन्होंने पुलिस के समक्ष अपनी संलिप्तता की बात स्वीकार की।बुधवार को पुलिस ने आरोपित किशोर को जुवेनाइल जस्टिस कोर्ट के मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित कर बाल सुधार गृह भेज दिया।

## ईरबा करमा में ईनाया वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारम्भ

# खेल से मिलेगी नौकरी, स्वास्थ्य भी रहेगा दुरुस्त : साकिर अंसारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : प्रखण्ड क्षेत्र स्थित ईरबा करमा में बुधवार को आयोजित इनाया वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का जेएलकेएम नेता सह वरिष्ठ समाजसेवी साकिर अंसारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने ईरबा को वीरों की धरती बताते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक दोनों स्वास्थ्य बेहतर रहता है।युवाओं को प्रेरित करते हुए जेएलकेएम नेता ने कहा कि खेलों में हार-जीत लगी रहती है और बार-बार हारने से ही जीत का रास्ता खुलता है। उन्होंने युवाओं को खेल कोटे से नौकरी की संभावनाओं के बारे में भी बताया और कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि लेनी चाहिए। मौके पर सज्जाद अंसारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के आयोजक और प्रबंधक की भी सराहना की गई।

## बीसीए करायेगा ग्रामीण क्रिकेट लीग : ज्ञानेश्वर

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण** : बीसीए ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट के विस्तार के लिए ग्रामीण क्रिकेट लीग का आयोजन करेगा।इसी सत्र 2024-25 में इस लीग का आयोजन बिहार के प्रत्येक जिला में होगा।प्रत्येक जिला से ग्रामीण क्षेत्र के लगभग दस हजार खिलाड़ियो को लीग के माध्यम से अपनी प्रतिभा साबित करने का मौका मिलेगा। बुधवार को चांदमारी मोतिहारी स्थित चेन्नई डोसा प्लाजा के सभागार परिसर में प्रेस को संबोधित करते हुए बीसीए गवर्निंग काउंसिल कन्वेनर सह मेंटर(ग्रामीण क्रिकेट) ज्ञानेश्वर गौतम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मिले अवधारणा खेलो इंडिया के आधार पर बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने ग्रामीण क्रिकेट लीग के आयोजन का प्रारूप तैयार किया हैं।इस लीग का उद्देश्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट का विस्तार करना तथा सुविधविहीन प्रतिभावान बच्चों को क्रिकेट से जोड़ना हैं।संबंधित जिला क्रिकेट संघ द्वारा बिहार के प्रत्येक जिला से टैलेंट हंट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के 20-20 खिलाड़ियों का 16 टीम का गठन किया जाएगा तथा उनके बीच अंतर जिला लीग व सुपर लीग मैच का आयोजन होगा।बिहार के सभी जिलों में इसके अंतर्गत 570 लीग मैच और 79 सुपर लीग मैच सहित कुल मिलाकर 649 मैच खेले जाएंगे। ज्ञानेश्वर ने बताया कि अगले 15 दिन में प्रत्येक जिला से 16 क्रिकेट टीम का निर्धारण कर लिया जाएगा।

## डुमरी विधायक ने छात्र/छात्राओं को प्रेरित करने को लेकर की कुछ महत्वपूर्ण घोषणा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के सुप्रीमो और डुमरी के विधायक जयराम महतो ने शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र के मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप 10 में आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन के रूप में अपनी दो माह के वेतन का 75% दान करेंगे। विधायक जयराम महतो ने परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों से तनावमुक्त रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि परीक्षा को बोझ समझने के बजाय एक त्योहार की तरह लें और पूरे उत्साह, उमंग और ऊर्जा के साथ परीक्षा केंद्र पहुँचे। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने से सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फरवरी और मार्च में आयोजित होने वाली इन परीक्षाओं के दौरान उन्हें जो दो महीने का वेतन मिलेगा, उसका 75% हिस्सा डुमरी के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाएगा। इस पहल को शिक्षा को प्रोत्साहित करने और मेधावी छात्रों की मदद के रूप में देखा जा रहा है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने इस फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि पार्टी के सुप्रीमो जयराम महतो की इस पहल पर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा, ₹अपने जीवन में मैंने पहली बार ऐसा विधायक देखा है, जो अपने वेतन का इतना बड़ा हिस्सा छात्रों के लिए दान करने की घोषणा कर रहा है। यह दर्शाता है कि हमारे नेता की सोच दूरदर्शी और जनकल्याणकारी है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा एक ऐसा संगठन है, जो दबे-कुचले, पीड़ित, शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करता है। उन्होंने सभी समुदायों से एकजुट होकर अपने हक के लिए आवाज उठाने की अपील की और कहा कि झारखंड के विकास और बेहतर भविष्य के लिए जेएलकेएम की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

## सोसो गांव में सरस्वती मूर्ति विसर्जन में हुई पत्थरबाजी की घटना के बाद दिखी भाईचारगी और सौहार्द की अनोखी तस्वीर

# संत शिरोमणि रविदास जी की शोभायात्रा में मुस्लिम समुदाय के लोग फूल बरसाकर, माला पहनाते हुए लगे एक-दूसरे के गले

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : गोला प्रखंड के सोसो गाँव में पिछले दिनों सरस्वती मूर्ति विसर्जन में हुए पत्थरबाजी के घटना के बाद दोनों समुदायों के बीच में चल रहे अटूट आपसी भाईचारगी में खटास लाकर तनाव पूर्ण बना दिया गया था। बुधवार को इस गांव के हिन्दू-मुस्लिम के बीच एकता और सौहार्द की एक अनोखी तस्वीर देखी गई, जब गांव में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के मौके पर शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान मुस्लिम समुदाय की महिलाएँ और पुरुष ने यात्रा में शामिल पुरुष, महिलाओं और युवाओं पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया, साथ ही माला पहनाकर एक दूसरे के गले मिलते दिखे। मौके पर मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्ध लोगों ने कहा कि घटना के पश्चात मामले पर जितना तूल दिया जा रहा है वैसा नहीं है कुछ नासमझी हरकतों के कारण गाँव की बदनामी हुई है जो निदंनीय है। हमारी परम्परा ही आपसी सौहार्द का रहा है जहाँ हमेशा ही एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होकर भाईचारगी का मिसाल पेश करते हुए एक दूसरे के सभी त्योहारों में शामिल होते हैं। मौके पर योगेंद्र दास, राजकुमार दास, चंदन दास, गौतम दास, शिवन दास, बिनोद दास, पंचम दास, मनीष दास, विनेश्वर दास,अजय दास, भोला राम, नरेश राम, सुखदेव दास, कुलेश दास,दुर्गा दास, मनोज दास, वीरेंद्र, राजेश, रामदेव, अनील कुमार, मुस्लिम समुदाय के जमाल मुजतबा, यहिया जफर, अली इमाम अंसारी, गुलाम सरवर, उपमुखिया लईक आलम, हसन इमाम, फैजुल्लाह शम्सी, जियाउल्लाह अंसारी के अलावा कई लोग मुख्य रूप से मौजूद थे।



## सीएचसी गोला में प्रसव के बाद रुपये लेने की शिकायत पर प्रभारी को संबोधित सौंपा गया ज्ञापन

# अनियमितता बरतनेवालों को बख्शा नहीं जायेगा : प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी

- रुपये की मांग करनेवाले कर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में अनियमता की शिकायत सहित अन्य समस्याओं को लेकर बुधवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के रामगढ़ जिला प्रवक्ता पांडव कुमार महतो सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से प्रखंड चिकित्सा प्रभारी गोला को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में प्रसूति के बाद महिलाओं के परिजनों से मनमानी रुप से 500, 1000 और 1500 तक की मांग कर रुपया लिया जाता है। साथ ही प्रसूति महिलाओं को चादर और कम्बल भी नहीं उपलब्ध कराया जाता है, आगे ज्ञापन में कहा गया कि इसकी शिकायत पूर्व से ही मिलता रहा है। प्रभारी से मांग किया गया कि प्रसूति महिलाओं के परिजनों से रुपये की मांग करने वाले और रूपया लेने वाले कर्मियों की जांच कर कार्रवाई की मांग के साथ साथ प्रसूति महिलाओं को चादर और कम्बल नहीं देने की समस्या को दूर करने का माँग की गई है। साथ ही चिकित्सा व्यवस्था में सुधार करने की माँग की गई है। इस संबंध में प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशुतोष त्रिपाठी से सम्पर्क करने पर उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लेनदेन की पूर्णतः मनाही है। उन्होंने बताया कि यदि किसी परिस्थिति में कोई लेन देन हुई है तो पैसा लेने वाले तथा पैसा देने वाले का नाम स्पष्ट किया जाय तो विधिसम्मत अवश्य कार्रवाई होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में धर्मनाथ महतो,हिरालाल महतो, उत्तम महतो,भोला मांझी, अर्जुन महतो, विक्की कुमार महतो,लाल किशोर सहित अन्य मौजूद थे।



## हत्या के दो मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नवादा** : नवादा में जमीन विवाद को लेकर हुई एक बुजुर्ग की हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार को दो मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मामले में एसपी अभिनव धीमान के निर्देश पर नेमदारगंज थाना प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विशेष अभियान चलाकर आरोपितों को धर दबोचा। मामला जलालपुर गांव का है, जहां एक कट्ठा जमीन को लेकर हुए विवाद में 21 नवंबर को बुजुर्ग दिलीप कुमार की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई थी। गंभीर रूप से घायल दिलीप को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, फिर बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया। दस दिनों तक चले इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।पुलिस ने इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन मुख्य आरोपी प्रभु यादव का पुत्र विकास कुमार और अशोक यादव का पुत्र निक्कू यादव फरार चल रहे थे। पुलिस की कई बार की छापेमारी में भी ये दोनों हाथ नहीं आए। अंततः एसपी के मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई में थाना प्रभारी राजीव कुमार की टीम ने लखौरा गांव से घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितो के खिलाफ नेमदारगंज थाने में मामला दर्ज है। परिवार के लोगों ने भी आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी, जिसके बाद पुलिस लगातार इस मामला को लेकर युवक की तलाश में जुटी थी। जैसे ही इस मामला की जानकारी पुलिस को मिली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव पहुंचकर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## एक झलक

### ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर कुहनेमन अवैध गेंदबाजी एक्शन के आरोप में फंसे

**सिडनी :** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन संदेह के घेरे में हैं। कुहनेमन पर अवैध गेंदबाजी एक्शन के आरोप लगे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है कि श्रीलंका के खिलाफ गाले में हुए दो मैचों में उनके एक्शन पर सवाल उठे हैं। कुहनेमन ने इस सीरीज में 16 विकेट लिए लिए थे। अब उन्हें ऐ जांच से गुजरना होगा जिससे तय होगा कि उनका एक्शन सही है या गलत। वहीं यदि मूल्यांकन के बाद उनके एक्शन को अवैध माना जाता है तो कुहनेमन को गेंदबाजी से निलंबित कर दिया जाएगा। इसके बाद वह तभी गेंदबाजी कर पायेंगे जब उनका एक्शन मूल्यांकन में सही पाया जाएगा। कुहनेमन अभी तस्मानिया के लिए घरेलू क्रिकेट खेल सकते हैं पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे।

### जब नेहरा ने कोच को किया घर गिफ्ट

**नयी दिल्ली :** भारतीय भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा अपने दौर के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक माने जाते हैं। नेहरा संन्यास के बाद से ही कोच के तौर पर खेल से जुड़े हैं। हाल ही में एक नेहरा को लेकर एक ऐसी बात सामने आई है जिसे जानने के बाद पता चलता है कि वह कितने बड़े दिलवाले हैं। सोशल मीडिया में इसका एक वीडियो भी आया है, इसमें बताया गया है कि नेहरा ने अपने कोच तारक सिन्हा को बेघर होता देख उन्हें नया मकान खरीदकर दिया था। तारक सिन्हा उनके बचपन के कोच थे। भारतीय क्रिकेट को आशीष नेहरा, शिखर धवन, आकाश चोपड़ा, ऋषभ पंत, मनोज प्रभाकर और अंजुम चोपड़ा जैसे एक से बढ़कर एक स्टार खिलाड़ी देने वाले तारक का 2021 में निधन हो गया था। कमेंटेर पदमजीत सेहरावत ने कहा कि आशीष नेहरा ने अपने कोच का कठिन समय में साथ दिया था। सेहरावत ने कहा कि जब नेहरा को जब पता चला कि कोच तारक सिन्हा को किराए का घर खाली करने का नोटिस मिला है तो उन्होंने 3 दिन में नया घर खरीदकर उनको उपहार में दिया।

### बुमराह के बिना भारतीय गेंदबाजी आक्रमण काफी कमजोर होगा : चोपड़ा

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा है कि जसप्रीत बुमराह अगर चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेलते हैं तो भारतीय टीम का गेंदबाजी आक्रमण काफी कमजोर हो जाएगा। आकाश के अनुसार ऐसे में भारतीय टीम अपने ग्रुप में सबसे कमजोर गेंदबाजी आक्रमण वाली टीम बन जाएगी। बुमराह की पीठ में एंठन हैं ऐसे में उनका चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है। चोपड़ा ने कहा कि हाल के दिनों में किसी भी अन्य तेज गेंदबाज ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है और इससे चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा है कि मोहम्मद शमी ने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है। शमी ने चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी की है और उन्होंने केवल कुछ ही मैच खेले हैं। चोपड़ा ने कहा, शमी अपनी वापसी के बाद भी लय में नहीं आ पाए हैं। उनकी गति में गिरावट आई है। बुमराह की अनुपस्थिति में हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू करने का मौका मिला।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में गिल नंबर-2 बैटर



टॉप पर बाबर, शुभमन उनसे सिर्फ 5 पॉइंट्स पीछे; आज इंग्लैंड के खिलाफ शतक बनाया

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** गिल ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ 102 गेंदों में 112 रन की पारी खेली। इसमें उन्होंने 14 चौके और 3 छक्के लगाए। भारतीय ओपनर शुभमन गिल को वनडे रैंकिंग में टॉप-2 बल्लेबाज बन गए हैं। पिछले हफ्ते वे तीसरे स्थान पर थे। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही वनडे सीरीज के बीच ही आईसीसी ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। इस सीरीज के तीसरे मैच में आज गिल ने शतक लगाया है, हालांकि इसके पॉइंट इस रैंकिंग में शामिल नहीं हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ लगातार दो वनडे मैचों में अर्धशतकीय पारी खेली थी, इसका फायदा उन्हें मिला है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम टॉप पर बरकरार हैं। गिल बाबर से केवल 5 पॉइंट्स पीछे हैं। बैटिंग रैंकिंग में चार भारतीय बल्लेबाज टॉप-10 में मौजूद हैं। कप्तान रोहित शर्मा को एक और विराट कोहली को 2 पॉइंट्स का नुकसान हुआ है।

**ICC वनडे बैटिंग रैंकिंग (टॉप-10 खिलाड़ी)**

| रैंक | बैटर | देश | रेटिंग पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | बाबर आजम | पाकिस्तान | 786 |
| 2 | शुभमन गिल | भारत | 781 |
| 3 | रोहित शर्मा | भारत | 773 |
| 4 | हैरी टेक्टर | आयरलैंड | 737 |
| 5 | हेनरिक क्लासन | साउथ अफ्रीका | 736 |
| 6 | विराट कोहली | भारत | 728 |
| 7 | डेरिल मिचेल | न्यूजीलैंड | 721 |
| 8 | शाई होप | वेस्टइंडीज | 672 |
| 9 | रहमानुल्लाह गुरबाज | अफगानिस्तान | 672 |
| 10 | श्रेयस अय्यर | भारत | 669 |

**बॉलर्स रैंकिंग में राशिद खान टॉप पर मौजूद**

बॉलर्स रैंकिंग में टॉप-10 में दो भारतीय कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज हैं। कुलदीप को 3 और सिराज को 4 स्थान का नुकसान हुआ है। अफगानिस्तान के राशिद खान टॉप पर मौजूद हैं। उनके अभी 669 पॉइंट्स हैं।

**ऑलराउंडर्स रैंकिंग एक भारतीय**

**वनडे** के ऑलराउंडर्स रैंकिंग के टॉप-5 में बदलाव नहीं हुआ। टॉप-10 में केवल एक भारतीय रवींद्र जडेजा शामिल हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी टॉप पर बरकरार हैं।

# भारत ने इंग्लैंड को 142 रन से तीसरा वनडे हराया

## सीरीज 3-0 से जीती, शुभमन गिल की संेचुरी; हर्षित-अर्शदीप को 2-2 विकेट

एजेंसी

**अहमदाबाद :** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने वनडे सीरीज में 3 टॉस जीते, लेकिन टीम मैच एक भी नहीं जीत सकी। भारत ने इंग्लैंड को तीसरे वनडे में 142 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बुधवार को इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 356 रन बनाए। जवाब में इंग्लिश टीम 34.2 ओवर में 214 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत से ओपनर शुभमन गिल ने सेंचुरी लगाई। श्रेयस अय्यर ने 78, विराट कोहली ने 52 और केएल राहुल ने 40 रन बनाए। हर्षित राणा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह को 2-2 विकेट मिले। इंग्लैंड से एक भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका, आदिल रशीद ने 4 विकेट लिए।



**प्लेइंग**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह।

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), बेन डकेट, फिल सॉल्ट (विकेटकीपर), जो रूट, हैरी ब्रूक, टॉम बैंटन, लियम लिविंगस्टन, गस एटकिंसन,साकिब महमूद, आदिल रशीद और मार्क वुड।

**अक्षर को दूसरा विकेट, इंग्लैंड ऑलआउट**

35वें ओवर में अक्षर पटेल ने अपना दूसरा विकेट लिया। उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद पर गस एटकिंसन को बोल्ड कर दिया। एटकिंसन ने 19 बॉल पर 38 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और 1 छक्का लगाया। एटकिंसन के विकेट के साथ इंग्लिश टीम 214 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम से बैंटन और एटकिंसन ने 38-38 रन बनाए। बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके।

**इंग्लैंड के 200 रन पूरे**

**इंग्लैंड** ने 33वें ओवर में अपने 200 रन पूरे कर लिए। गस एटकिंसन ने हार्दिक पंड्या के खिलाफ चौका लगाया और टीम की डबल सेंचुरी पूरी कराई।

**हार्दिक को दूसरा विकेट**

33वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने दूसरा विकेट लिया। उन्होंने ओवर की पहली गेंद पर मार्क वुड को पवेलियन भेजा। वुड ने 7 गेंद पर 9 रन बनाए।

**हार्दिक ने रशीद को किया बोल्ड**

31वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने अपना पहला विकेट लिया। उन्होंने ओवर की तीसरी गेंद पर आदिल रशीद को बोल्ड किया। रशीद 5 गेंदें खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल सके।

**सुंदर को पहला विकेट**

30वें ओवर में इंग्लैंड ने 7वां विकेट गंवाया। वॉशिंगटन सुंदर ने लियम लिविंगस्टन को स्टंपिंग कराया। लिविंगस्टन ने 23 बॉल पर 9 रन बनाए। उन्होंने 1 ही चौका लगाया। यह मैच में सुंदर का पहला विकेट रहा।

**हैरी ब्रूक 19 रन ही बना सके**

**27वें ओवर** में हर्षित राणा ने अपना दूसरा विकेट लिया। उन्होंने ओवर की दूसरी बॉल पर हैरी ब्रूक को बोल्ड कर दिया। ब्रूक 26 गेंद पर 19 रन ही बना सके। उन्होंने 1 चौका और 1 छक्का लगाया।

**हर्षित ने बटलर को बोल्ड किया**

25वें ओवर की पहली गेंद पर हर्षित राणा ने जोस बटलर को बोल्ड किया। बटलर शरीर के दूर से बैकफुट पंच करने गए, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। बटलर ने 9 गेंद पर 6 रन बनाए।

**इंग्लैंड के 150 रन पूरे**

**24वें** ओवर की चौथी गेंद पर हैरी ब्रूक ने कुलदीप यादव के खिलाफ छक्का लगाया। इसी के साथ टीम के 150 रन भी पूरे हो गए।

### लीजेंड लीग में खेल कर उत्साहित हैं धवन

**रायपुर :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन आजकल लीजेंड 90 लीग में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से छाये हुए हैं। धवन ने अपने पिछले मैच में बिग बॉयस के खिलाफ नाबाद 50 रन बनाये थे। पारी इस लीग में शिखर के अलावा लेंडल सिमंस, थिसारा परेरा, रॉस टेलर और मार्टिन गप्टिल जैसे कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी भी उतरे हैं। दिल्ली रॉयल्स की ओर से खेल रहे धवन ने इस लीग के आयोजन पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे पूर्व क्रिकेटरों को भी उसी रोमांच के गुजरने का अनुभव मिलता है जिसका कभी वह हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि इस लीग को बहुत अच्छे तरीके से आयोजित किया गया है। चाहे मैदान हो, विकेट हो, ड्रेसिंग रूम की व्यवस्था हो, सभी चीजें काफी अच्छी हैं। इसके साथ ही प्रशंसकों से भी काफी समर्थन मिल रहा है। साथ ही कहा कि 90 गेंद क्रिकेट का या ये प्रारूप हमारे जैसे खिलाड़ियों के लिए एक अलग ही अनुभव है।

**सीके नायडू अंडर 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट**

## उत्तर प्रदेश के खिलाफ झारखंड को 08 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त

एजेंसी



**रांची :** जतिन की घातक गेंदबाजी की बदौलत झारखंड की टीम ग्रीन पार्क कानपुर में चल रहे सी के नायडू अंडर - 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में आठ रनों की महत्वपूर्ण बढ़त प्राप्त करने में सफल रही। झारखंड के जतिन ने केवल 74 रन देखकर उत्तर प्रदेश के 7 खिलाड़ियों को आउट किया। इसके अलावे साहिल राज ने 98 रन देकर दो विकेट लिए। उत्तर प्रदेश ने आज कल के दो विकेट पर 256 रनों से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसकी टीम झारखंड की पहली पारी 427 रन से 8 पीछे रह गई। उत्तर प्रदेश में 97.5 ओवर में सभी विकेट खोलकर 419 रन बनाए। हालांकि कल के नाबाद बल्लेबाज स्वास्तिक एवं सिद्धार्थ यादव ने 232 रनों की साझेदारी निभाकर अपनी टीम को बढ़त दिलाने की भरपुर कोशिश की लेकिन कामयाब नही रहे। स्वास्तिक ने पांच छक्के एवं 16 चौके की मदद से 153 रन बनाए। सिद्धार्थ यादव ने दो छक्के व 18 चौके की मदद से 160 रनों की पारी खेली। आराध्या यादव ने 8 छक्के की मदद से 61 रन बनाए। पहली पारी में आठ रनों की बढ़त प्राप्त करने के बाद झारखंड ने अपनी दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 118 बना लिए थे ।अब तक उसकी कुल बढ़त 126 रनों की हो चुकी है।

# शेल्डन जैक्सन ने क्रिकेट से लिया संन्यास

## घरेलू क्रिकेट में 21 शतक के बाद भी नहीं मिला अवसर

एजेंसी

**मुम्बई :** घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकार्ड के बाद भी भारतीय टीम में अवसर नहीं मिलने से निराश बल्लेबाज शेल्डन जैक्सन ने खेल से संन्यास ले लिया है। शेल्डन ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में गुजरात से हार के सा ही अपने संन्यास की घोषणा कर दी। 38 साल के इस क्रिकेटर ने करीब 15 साल के अपने करियर में 105 प्रथम श्रेणी मैचों में 7200 से अधिक रन बनाए। इसमें 21 शतक और 39 अर्धशतक शामिला है। उनका सबसे अधिक स्कोर 186 रन रहा। शेल्डन ने अपने करियर का अंत 45 से ज्यादा की औसत के साथ किया, जिससे प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनके प्रदर्शन की निरंतरता का पता चलता है। वह एक विश्वसनीय बल्लेबाज होने के साथ अच्छे फील्डर भी रहे हैं।. सौराष्ट्र की तरफ से सीमित ओवरों की क्रिकेट में उन्होंने विकेटकीपिंग भी की! उन्होंने गुजरात के खिलाफ खेले गए अपने अंतिम मैच में 14 और 27 रन बनाए। इस क्रिकेटर जैक्सन ने 2011 में सौराष्ट्र की तरफ से अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरुआत की।



# मैच फिक्सिंग के आरोप में बांग्लादेश की महिला क्रिकेटर पर पांच साल का प्रतिबंध

एजेंसी

**दुबई :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार रोधी इकाई ने बांग्लादेश की महिला क्रिकेटर शोहेली अख्तर को मैच फिक्सिंग का दोषी पाये जाने के कारण पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। शोहेली भ्रष्टाचार के आरोपों में प्रतिबंधित होने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं। उन्हें 2023 टी20 विश्व कप के दौरान मैच फिक्स करने का दोषी पाया गया था। ऑफ स्पिनर शोहेली ने बांग्लादेश की ओर से दो एकदिवसीय और 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है। इस क्रिकेटर ने दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप टूनामेंट के दौरान आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के पांच प्रावधानों का उल्लंघन करने की बात मानी है। आरोप खिलाड़ी हालांकि बांग्लादेश की टीम का हिस्सा नहीं थीं। शोहेली ने अंतिम बार 2022 में बांग्लादेश की ओर से खेला था। शोहेली ने संहिता के अनुच्छेद 2.1.1, 2.1.3, 2.1.4, 2.4.4 और 2.4.7 के उल्लंघन के आरोपों को स्वीकार किया और 10 फरवरी 2025 से शुरू होने वाले पांच साल के प्रतिबंध को मान लिया है।





मैनचेस्टर में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए मैनचेस्टर सिटी और रियल मैड्रिड के खिलाड़ी।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे स्मिथ

एजेंसी

**जोहांसबर्ग :** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ करेंगे। नियमिम कप्तान पैट कमिंस के चोटिल होकर बाहर होने से स्मिथ को कप्तानी की जिम्मेदारी दी गयी है। चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में खेली जाएगी। इस टूनामेंट के लिए पिछले महीने घोषित टीम में शामिल तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, मिचेल मार्श चोटिल होकर बाहर हो गये हैं जबकि मार्कस स्टोइनिस ने एकदिवसीय से संन्यास ले लिया है। ऐसे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सीन एबॉट, बेन द्वार्शुइस, स्पेंसर जॉनसन, जेक फ्रेजर-मैकगर्क और तनवीर संघा को टीम में शामिल किया है। टीम की कप्तानी कर रहे स्मिथ विवादों में भी रहे हैं। उनपर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने साल 2018 में गेंद से छेड़छाड़ मामले में शामिल होने के कारण दो साल का प्रतिबंध भी लगाया था। वहीं तेज गेंदबाज स्टार्क के बाहर होने से प्रशंसकों को झटक लगा है।



# श्रीलंका ने पहला वनडे 49 रन से जीता

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बढ़त बनायी; असलंका की सेंचुरी, तीक्षणा को 04 विकेट

एजेंसी

**कोलंबो :** श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को दो मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में 49 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। बुधवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम 46 ओवर में 214 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। 215 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम 33.5 ओवर में 165 रन बनाकर सिमट गई। श्रीलंका के लिए चरिथ असलंका ने सेंचुरी (127) लगाई। वहीं, महीश तीक्षणा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।



**असलंका ने 126 बॉल पर 127 रन बनाये**

**टॉस** जीतकर पहले बैटिंग करना श्रीलंकाई टीम के लिए सही साबित नहीं हुआ। टीम ने 4 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दिया। पाथुम निसांका 4 रन बनाकर आउट हुए। टीम को दूसरा झटका 6 रन पर लगा। अविष्का फर्नांडो 1 रन बनाकर चलते बने। टीम के लिए कप्तान चरिथ असलंका ने शतक लगाया। उन्होंने 126 बॉल पर 127 रन की पारी खेली। उनके अलावा दुनिथ वेल्लालागे 30, कुसल मेंडिस 19 और जनिथ लियानागे 11 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा बाकी कोई भी प्लेयर दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। वेल्लालागे और असलंका के बीच छठे विकेट के लिए 69 बॉल पर 67 रन की साझेदारी हुई। असलंका ने 9वें विकेट के लिए ईशान मलिंगा के साथ 79 रन की पार्टनरशिप भी की।

# मयूराक्षी, भैरवी, अमानत और स्वर्णरेखा नॉकआउट में पहुंचे

एजेंसी

**रांची :** प्रेस क्लब मीडिया क्रिकेट के छठे दिन जेके क्रिकेट मैदान में लीग चरण समाप्त हुआ। बुधवार को भैरवी (180/3) ने स्वर्णरेखा (148/9) को 32 रनों से हराया। इस मुकाबले में भैरवी के कप्तान अभिषेक सिन्हा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मुकाबले में शंख (185/3) ने गंगा (98/9) को 87 रनों से मात देकर पहली जीत दर्ज की। शंख के अमित कुमार सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**कप्तानी पारी ने भैरवी को दिलायी जीत**

**दिन** के पहले मुकाबले में भैरवी के कप्तान अभिषेक सिन्हा ने 54 गेंदों में 94 रन और गेंद से 1 विकेट झटके। जितेंद्र कुमार ने 35 रनों की पारी खेली। दामोदर की ओर से नीतिश कुमार ने किफायती गेंदबाजी कर 1 विकेट लिए। दूसरी पारी में दामोदर की ओर से सुमित ने 31 और बासुदेव मिश्रा ने 26 सर्वाधिक रन बनाए। भैरवी के मनोज ने 3 और मनोरंजन ने 2 विकेट लिए।



**मीडिया कप**

**जीत के बावजूद शंख बाहर**

**शंख** की ओर से अमित सिंह ने 54 गेंदों में 95 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। विक्की ने 29 गेंदों में 54 रन बनाकर अमित का साथ दिया। दूसरी पारी में शंख के सुनील सिंह ने 4 और मनोज ने 2 विकेट लेकर गंगा को 98 रनों पर रोक दिया। गंगा की ओर से अमित सर्वाधिक 24 रन बनाए।

**पहला सेमीफइनल**

मयूराक्षी बनाम स्वर्णरेखा
14 फरवरी, सुबह 8:30 बजे से जेके क्रिकेट मैदान

**दूसरा सेमीफइनल**

भैरवी बनाम अमानत
14 फरवरी दोपहर 12:30 बजे से जेके क्रिकेट मैदान

**फाइनल**

16 फरवरी दोपहर 12:00 बजे, जेके क्रिकेट मैदान

आरपीसी मीडिया कप के टाइटल स्पोंसर टाटा स्टील, को स्पोंसर अडानी पावर, मदर जीरामनी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, अलेक्सा रिजॉट एन्ड रेस्टोरेंट, सपोटिंग पार्टनर टाइटन वल्ड हरमू (रोड)एन्ड जके इंटरनेशनल स्कूल (जेके क्रिकेट एकेडमी ) रहे।

## एक झलक

### इंडियावुड 2025 व्यापार मेला, 6-9 मार्च तक

**जमशेदपुर :** उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडियावुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जायेगा। न्यूर्नबर्गमेस्से के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। इंडियावुड की 25 साल की धरोहर स्थानीय प्रदर्शन से वैश्विक प्रभाव तक अपनी स्थापना से, इंडियावुड ने उद्योग के विकास को आकार दिया है, एक ही मंच पर निर्माता, आपूर्तिकर्ता, प्रौद्योगिकी नेता और पेशेवरों को एकत्र किया है। 2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। सोनिया प्रशर, प्रबंध निदेशक, न्यूर्नबर्गमेस्से इंडिया ने कहा, इस अवसर पर, युमाबोइस (यूरोपीय लकड़ी कार्य मशीनरी निर्माताओं की महासंघ) के अध्यक्ष फ्रेडरिक मेयर ने कार्यक्रम और भारत के लकड़ी कार्य और फर्नीचर उद्योग की निरंतर वृद्धि के बारे में अपनी खुशी व्यक्त की।

### गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 50 रुपये के नोट जारी करेगा आरबीआई

**मुंबई/नयी दिल्ली :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 50 रुपये के बैंक नोट जारी करेगा। संजय मल्होत्रा ने दिसंबर 2024 में शक्तिकांत दास की जगह ली। रिजर्व बैंक ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि केंद्रीय बैंक जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 50 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई ने कहा, इन नोटों का डिजाइन सभी तरह से महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 50 रुपये मूल्यवर्ग के नोटों के समान है। रिजर्व बैंक की ओर से पूर्व में जारी 50 रुपए मूल्यवर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

### मिडवेस्ट लिमिटेड को 650 करोड़ के आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

**नयी दिल्ली :** हैदराबाद स्थित खनन कंपनी मिडवेस्ट लिमिटेड को 650 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 30 सितंबर, 2024 को सेबी के समक्ष अपने आईपीओ के कागजात दाखिल किये थे। सेबी के समक्ष जमा ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के मुताबिक पूंजी बाजार नियामक ने मंगलवार को मिडवेस्ट लिमिटेड के 650 करोड़ रुपये के आईपीओ को अंतिम मंजूरी दे दी है। 5 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाला ये आईपीओ 250 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों के निर्गम और प्रमोटर सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 400 करोड़ रुपये तक की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है। खनन कंपनी मिडवेस्ट लिमिटेड ने बुधवार को एक बयान में कहा कि इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण भी शामिल है।

# सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में निचले स्तर से 1,071 अंक की रिकवरी की



**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती गिरावट के बाद शानदार रिकवरी नजर आई। बाजार खुलने के बाद बने बिकवाली के दबाव के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन पहले घंटे के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार ने निचले स्तर से शानदार रिकवरी करते हुए हरे निशान में अपनी जगह बनाने में सफलता हासिल कर ली। हालांकि दिन के दूसरे सत्र में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बनने की वजह से शेयर बाजार में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान पीएसयू बैंक, मेटल और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, रियल्टी और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह आईटी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, टेक, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.45 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 407.48 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 408.52 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.04 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,066 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,554 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,418 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 94 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,587 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 974 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,613 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

## स्टार हेल्थ में मनोज बजाज निरंतर 11 वर्ष से टॉपर एवं सम्मानित



**रांची :** स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में वित्तीय वर्ष 2024 25 में झारखंड से अभिकर्ता मनोज बजाज को निरंतर 11 वर्षों से टॉपर परफॉर्मेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

कंपनी के कार्यालय मोदी हाइट, रातू रोड रांची के सीनियर ऑफिसर प्रभात कुमार ने मनोज बजाज को एक करोड़ से अधिक रिटेल प्रीमियम जमा करने की उपलब्धि का ब्रोशर लॉन्च कर इस कीर्तिमान के लिए सम्मान किया। इस दौरान प्रभात कुमार जी ने लगातार 11 वर्षों तक उपलब्धि हासिल करने के लिए मनोज बजाज जी को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। मंडल प्रबंधक निरंजन मिश्रा जी ने कहा कि मनोज बजाज कंपनी की ओर से कई विदेश यात्राएं कर चुके हैं, उनका बहुमूल्य योगदान के लिए हम गौरवान्वित है। सेल्स मैनेजर संजीव कुमार सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि मनोज बजाज ने निरंतर स्टार हेल्थ को अपना श्रेष्ठ योगदान दिया है जो झारखंड बिहार के लिए निरंतर कीर्तिमान हैं। अभिषेक कुमार ने कहा श्री बजाज की उत्कृष्ठ सेवा कंपनी व बीमा धारकों के प्रति अतुलनीय है। वरीय अधिकारी क्षेत्रीय प्रबंधक श्री रवि शंकर ने मनोज बजाज कि भूरि भूरि प्रसंशा कर कहा कि श्री बजाज स्टार हेल्थ के स्टार है। इस अवसर पर अभिकर्ता मनोज बजाज ने अपनी बीमा धारकों को और कंपनी के समस्त कर्मचारियों सेवाधारियों के प्रति आभार व्यक्त किया कि उनके साथ, समर्पण, बहुमूल्य सहयोग और विश्वास के बिना यह सपना साकार अधूरा है, उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है।

## इंडियावुड 2025 : लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

**रांची :** उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडियावुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। न्यूर्नबर्गमेस्से के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। इंडियावुड की 25 साल की धरोहरः स्थानीय प्रदर्शन से वैश्विक प्रभाव तक अपनी स्थापना से, इंडियावुड ने उद्योग के विकास को आकार दिया है, एक ही मंच पर निर्माता, आपूर्तिकर्ता, प्रौद्योगिकी नेता और पेशेवरों को एकत्र किया है। पिछले ढाई दशकों में, इसने प्रौद्योगिकी में प्रगति, सतत प्रथाओं, और वैश्विक सहयोगों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, जब भारत वैश्विक फर्नीचर उत्पादकों में शीर्ष पांच देशों में स्थान रखता है और अपने फर्नीचर निर्यात को हर साल 20% बढ़ाने के लिए तैयार है, इंडियावुड उद्योग की प्रगति के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में जारी है। 2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। लकड़ी फर्नीचर उत्पादन का 62% हिस्सा बनाती है, और यह उद्योग नवाचार और स्थिरता द्वारा प्रेरित परिवर्तन से गुजर रहा है- इसका अधिकांश हिस्सा इंडियावुड में मिलने वाले अवसरों द्वारा प्रेरित है, सोनिया प्रशर, प्रबंध निदेशक, न्यूर्नबर्गमेस्से इंडिया ने कहा। इस अवसर पर, Eumabois (यूरोपीय लकड़ी कार्य मशीनरी निमार्ताओं की महासंघ) के अध्यक्ष फ्रेडरिक मेयर ने कार्यक्रम और भारत के लकड़ी कार्य और फर्नीचर उद्योग की निरंतर वृद्धि के बारे में अपनी खुशी व्यक्त की।

## पीएम गतिशक्ति के तहत एनपीजी ने 05 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का किया मूल्यांकन

**नयी दिल्ली :** पीएम गतिशक्ति पहल के तहत नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) ने सड़क और हवाई अड्डे सहित 5 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन किया है। एनपीजी ने बैठक में मेट्रो, आरआरटीएस, सड़क और हवाई अड्डा परियोजनाओं का मूल्यांकन किया है। एनपीजी की 87वीं बैठक में एक मेट्रो, एक आरआरटीएस, 2 सड़कों और एक हवाई अड्डा का मूल्यांकन किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक यह पांच परियोजनाएं एकीकृत मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर, आर्थिक और सामाजिक नोड्स के लिए अंतिम-मील कनेक्टिविटी और इंटरमॉडल समन्वय के पीएम गतिशक्ति सिद्धांतों के अनुरूप हैं। इन पहलों से रसद दक्षता को बढ़ावा मिलने, यात्रा के समय को कम करने और क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

## महाकुम्भ : माघ पूर्णिमा पर 02 करोड़ ने संगम में लगायी आस्था की डुबकी, एक महीने बाद घर लौटने लगे कल्पवासी



**महाकुम्भ नगर :** महाकुम्भ में माघ पूर्णिमा का स्नान जारी है। बुधवार को गंगा, यमुना और अंतःसलिला सरस्वती के संगम तट पर देश-दुनिया के हर कोने से आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रयागराज की सड़कें चहुंदिश श्रद्धा पथ में तब्दील हो गईं। देश-दुनिया भर से संतों, श्रद्धालुओं, पर्यटकों का सागर उमड़ा तो लगभग 6 किमी लंबे संगम तट पर कहीं तिल रखने भर की जगह नहीं बची। हर हर महादेव, जय गंगा मैया के गगनभेदी जयघोष के बीच कोई हाथों में ध्वज लिए संगम की ओर दौड़ता रहा तो कोई दंड-कमंडल, मनका लिए हुए लपकते पांवों से बढ़ता रहा। श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल भी बरसाए गए।

**मंगलवार रात से ही भर गये घाट :** संगम तट पर माघ पूर्णिमा स्नान के लिए गंगा-यमुना के घाटों पर श्रद्धालुओं का खचाखच जमावड़ा मंगलवार रात से ही शुरू हो गया था। भीड़ प्रबंधन के चलते मेला क्षेत्र में वाहनों की आवाजा रोक दिए जाने की वजह से सड़कें हर तरफ पैदल पथ में तब्दील हो गईं। सिर पर गठरी, कंधे पर झोला हाथों में बच्चों और महिलाएं अपनों का हाथ थामे लोग संगम तट की ओर लंबे डग भरते रहे। फाफामऊ से अरैल के बीच संगम के लंबे दोनों तटों पर बने स्नान घाटों पर दो बजे रात से ही डुबकी लगनी शुरू हो गई। संगम तट की रेती पर बिछे पुआलों पर दूर-दराज से आए लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहले से स्नान की प्रतीक्षा करते-करते सो गए थे।

**कल्पवास का समापन :** पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ त्रिवेणी की रेत पर शुरू हुआ कल्पवास का माघ पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ समापन हो गया। ब्रह्म मुहूर्त में त्रिवेणी में माघ पूर्णिमा की डुबकी लगाकर कल्पवासी अपने शिविर पहुंचे। कल्पवासियों ने तीर्थ पुरोहितों के सानिध्य में विधि विधान से दान और हवन का अनुष्ठान पूरा किया। तीर्थ पुरोहित अमित आलोक पाण्डेय बताते हैं कि वैसे तो शास्त्र में 84 तरह के दान का उल्लेख है, लेकिन जिसकी जो श्रद्धा होती है उसका दान तीर्थ पुरोहित स्वीकार कर लेते हैं। शैया दान, अन्न दान, वस्त्र दान और धन दान आदि का अनुष्ठान माघ पूर्णिमा को किया जाता है। किसी कारण वश अगर कोई कल्पवासी माघ पूर्णिमा को यह अनुष्ठान पूरा नहीं कर पाता है तो वह अगले दिन त्रिजटा का स्नान कर यहां से विदा हो जाता है। माघ पूर्णिमा में दस लाख से अधिक कल्पवासी महाकुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा लेकर यहां से प्रस्थान कर गए।

# रोजगार से लाखों रुपये कमा रहे किसान




**रांची :** प्रयागराज महाकुम्भ स्थानीय किसानों के लिए किसी सुनहरे अवसर से कम नहीं है। श्रद्धालुओं के लिए हर दिन बनाई जा रही महाप्रसादी के लिए प्रयागराज और आसपास के इलाकों से बड़ी मात्रा में सब्जियाँ, अनाज, दूध और अन्य आवश्यक सामग्रियाँ खरीदी जा रही हैं। इससे किसानों को लाखों रुपए की आमदनी हो रही है, जो उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। इस बार महाकुंभ में अदाणी समूह और इस्कॉन के सहयोग से की जा रही नारायण सेवा ने न सिर्फ लाखों श्रद्धालुओं को भोजन उपलब्ध कराया है, बल्कि स्थानीय व्यापार और कृषि क्षेत्र को भी नई ऊंचाइयां दी हैं। सामान्य दिनों में प्रतिदिन 70,000 से 80,000 श्रद्धालु महाप्रसादी का आनंद लेते हैं, जबकि शाही स्नान के विशेष अवसरों पर यह संख्या 2.5 लाख से 3 लाख तक पहुंच जाती है। हर दिन 9,000 किलो सब्जियों का उपयोग किया जाता है, जो शाही स्नान के दिनों में 33,600 किलो तक बढ़ जाता है। इन सब्जियों की आपूर्ति स्थानीय किसानों से की जा रही है, जिससे वे सीधे तौर पर आर्थिक रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। इसके लिए लाखों रुपये की सब्जियां खरीदी जाती हैं।

## सैमसंग का 'गैलेक्सी एम्पावर्ड' कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को मिलेगा तकनीकी प्रशिक्षण



**रांची/पटना :** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सैमसंग ने शिक्षा क्षेत्र में बदलाव लाने के उद्देश्य से गैलेक्सी एम्पावर्ड नामक सामुदायिक कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस पहल का मकसद शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और प्रशासकों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, जिससे वे आधुनिक शिक्षण विधियों को अपनाकर शिक्षा को और प्रभावी बना सकें। 2008 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा की उपस्थिति में लॉन्च किए गए इस कार्यक्रम के तहत, शिक्षकों को नियमित ऑन-ग्राउंड और ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप नवाचार, तार्किक सोच और छात्रों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देगी। गैलेक्सी एम्पावर्ड कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों को प्रमाणन कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और व्यावहारिक प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। इसके अलावा, सैमसंग के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर विशेष छूट भी उपलब्ध कराई जाएगी। स्कूलों के लिए यह पहल नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनकी प्रतिष्ठा को भी मजबूत करेगी। सबसे खास बात यह है कि यह पूरा कार्यक्रम निःशुल्क होगा, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर संस्थानों और शिक्षकों को भी नवीनतम तकनीक और शिक्षण संसाधनों तक पहुंच मिलेगी। सैमसंग का यह कदम शिक्षा क्षेत्र को आधुनिक बनाने और शिक्षकों को भविष्य की कक्षाओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।


## अंजनी की भूमिका निभायेगी सायली सालुंखे



**मुंबई :** सोनी सब अपनी नई भक्ति महागाथा 'वीर हनुमान' के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। यह शो उस पूजनीय देवता की कहानी को प्रस्तुत करता है, जिनकी उपस्थिति आज भी हर जगह महसूस की जाती है। यह शो भगवान हनुमान की यात्रा और उनके माता-पिता केसरी और अंजनी की भूमिका को सामने लाता है, जिन्होंने उनके भक्ति के मार्ग को आकार दिया। प्रसिद्ध अभिनेत्री सायली सालुंखे ने इस शो में भगवान हनुमान की माता अंजनी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अंजनी का अपने पुत्र के प्रति प्रेम, उनकी निरंतर उपस्थिति और प्रोत्साहन ही वह आधार है, जिस पर भगवान हनुमान की महानता स्थापित होती है। अपने पालन-पोषण से अंजनी उन्हें साहस, निस्वार्थता और भक्ति जैसे अनमोल गुण सिखाती हैं। सायली ने कहा, पौराणिक चरित्र की भूमिका निभा रही हूं, और मैं इसको लेकर बेहद उत्साहित हूं।

# अश्वत्थामा के प्रायश्चित व कल्कि अवतार के उदय की गाथा है कल्कि 2898 एडी

**मुंबई :** जब अधर्म की काली छाया दुनिया पर हावी होने लगेगी, तब पृथ्वी पर जन्म लेगा एक दिव्य अवतारकल्कि, जो अधर्म का विनाश कर-के धर्म की पुनर्स्थापना करेगा। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' इसी भविष्यवाणी को साकार करती है, और इसे अश्वत्थामा की अमर गाथा से जोड़ती है। अश्वत्थामा वह योद्धा है, जो शापित होकर अनंत काल तक पृथ्वी पर भटकने को मजबूर है। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में जबर्दस्त विजुअल्स के साथ एक अद्भुत संसार नजर आएगा, जिसमें अमिताभ बच्चन इस शापित महायोद्धा की भूमिका निभा रहे हैं। तैयार हो जाइए एक अद्भुत अनुभव के लिए, देखिए टीवी पर पहली बार 'कल्कि 2898 एडी', रविवार 16 फरवरी को रात 8 बजे, सिर्फ जी सिनेमा पर। अपनी कला के माहिर निर्देशक नाग अश्विन की कल्पना से जन्मी 'कल्कि 2898 एडी' भारतीय सिनेमा के लिए एक नया अध्याय साबित हुई है। अपने शानदार वीएफएक्स, बेमिसाल दृश्यों के अलावा पुराणों एवं भविष्य की दुनिया के अनोखे संगम के साथ, यह फिल्म एक ऐसा सिनेमाई अनुभव लेकर आई है, जिसे पहले कभी नहीं देखा गया। चाहे भव्य युद्ध हों या कल्पनाओं के शहर, हर सीन इतनी बारीकी से गढ़ा गया है कि लगेगा, जैसे आप उसी दुनिया का हिस्सा हैं! द्वापरयुग में जब कौरवों और पांडवों के बीच महाभारत का युद्ध हुआ था, तब कौरवों की सेना के महारथी- गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा ने पांडवों के कुल का नाश करने के लिए एक गर्भवती स्त्री पर ब्रह्मास्त्र चलाया था। इससे क्रोधित होकर श्री कृष्ण ने अश्वत्थामा को अमरता का श्राप दिया था, जिसके कारण वे हमेशा-हमेशा के लिए जीवित रहकर पृथ्वी पर पीड़ा सहने को मजबूर हो गुए। युग बदलता है, सदियाँ गुजरती हैं, लेकिन अश्वत्थामा अभी-भी भटक रहे हैं। अपने श्राप का प्रायश्चित करने के




लिए अश्वत्थामा, अब कल्कि अवतार की प्रतीक्षा में है। उनका उद्धार तभी संभव है, जब वे उस स्त्री की रक्षा करे, जिसके गर्भ में स्वयं कल्कि का वास है। यह फिल्म आज से हजारों साल बाद के इसी घटनाक्रम को दर्शाती है, जब भगवान विष्णु के अंतिम अवतार कल्कि के प्रकट होने की घड़ी आ पहुंचती है। लेकिन इस बार धर्म की रक्षा का भार अश्वत्थामा के कंधों पर है। इस महागाथा में दीपिका पादुकोण कल्कि की जननी के रूप में, तो प्रभास अजेय योद्धा कर्ण के रूप में नजर आयेंगे, जो विनाश के कगार पर खड़ी दुनिया में धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष करेगा। इस एपिक ब्लॉकबस्टर के प्रीमियर को लेकर निर्देशक नाग अश्विन ने कहा, मैं पौराणिक फिल्मों में बचपन से ही महायुद्ध देखता आया हूं, और 'कल्कि 2898 एडी' को साकार करना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। मेरा पहला शॉट अमिताभ बच्चन जी के साथ था, और वह पल हमेशा मेरे लिए यादगार रहेगा। वे न सिर्फ एक महानायक हैं, बल्कि हमारे देश के पहले और सबसे बड़े एक्शन हीरो भी हैं। सच कहूं, तो पूरी कास्ट के साथ काम करना ही एक सौभाग्य था, लेकिन इस फिल्म को खास बनाने वाली असली चीज थी हमारी पूरी टीम की मेहनत और लगन। 'कल्कि' के अनोखे संसार को गढ़ने में जितनी तैयारी और मेहनत लगी है, वह कल्पना से भी परे है। मैं जी सिनेमा के दर्शकों से कहूंगा कि इस शानदार सिनेमाई अनुभव को बिल्कुल भी न चूकें, क्योंकि हमने इसे पूरे जी जान से बनाया है।

## पेज एक के शेष

**सेना की साहस-वीरता हर नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत : राज्यपाल...**

इसके अलावा 45 सैन्य इकाइयों को जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान इकाई प्रशंसा से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सेना के वरिष्ठ अधिकारीगण, गण्यमान्य अतिथि एवं सैनिक परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

**मोदी के विमान पर आतंकी हमले की धमकी देनेवाला गिरफ्तार...**

को एक कॉल मिली, जिसमें चेतावनी दी गयी थी कि आतंकवादी प्रधानमंत्री मोदी के विमान पर हमला कर सकते हैं, क्योंकि वह आधिकारिक विदेश यात्रा पर जा रहे हैं। सूचना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने अन्य एजेंसियों को सूचित किया और जांच शुरू की। इसके बाद मुम्बई पुलिस ने धमकी भरे काल को ट्रेस करना शुरू किया और आरोपित को चेंबूर इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। अब तक की छानबीन में पता चला है कि आरोपित मानसिक रूप से बीमार है, लेकिन पुलिस हर ऐंगल से पूछताछ कर रही है।

**पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत फिर कांग्रेस में हुए शामिल...**

जीतकर कांग्रेस सांसद बने थे। यह सीट उनके पिता प्रणब मुखर्जी के राष्ट्रपति बनने के बाद खाली हुई थी। 2014 में उन्होंने फिर से इस सीट पर जीत दर्ज की, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल उम्मीदवार से भारी मतों से हार गए। इसके बाद से वे राजनीति में ज्यादा सक्रिय नहीं रहे।

अभिजीत 2021 में कांग्रेस छोड़ कर तृणमूल में शामिल हो गये। तब उन्होंने कहा था कि वह जनता की सेवा करना चाहते हैं, लेकिन तृणमूल में उन्हें कोई खास अवसर नहीं मिला। पिछले कुछ महीनों से वह पार्टी में अपनी स्थिति को लेकर नाखुश थे।

कांग्रेस में वापसी के बाद अभिजीत मुखर्जी ने कहा कि ₹भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। आज भी भारत के हर गांव में कम से कम एक-दो कांग्रेस समर्थक परिवार मौजूद हैं। मेरा प्रयास होगा कि कांग्रेस में लोगों का भरोसा दोबारा मजबूत करूं। उन्होंने दिल्ली नगर निगम चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस के बिना विपक्ष का अस्तित्व संभव नहीं है। उनकी वापसी से पश्चिम बंगाल कांग्रेस को कितना फायदा होगा, यह आनेवाले समय में स्पष्ट होगा। लेकिन, उनके लौटने से पार्टी को राज्य में एक अनुभवी चेहरा जरूर मिल गया है।

**नशा मुक्त भारत के लिए आयुष और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के बीच समझौता...**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय बीएल वर्मा मौजूद थे। इस अवसर पर आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय सचिव अमित यादव, डॉ. मनोज नेसारी, सलाहकार (आयुर्वेद) उपस्थित थे।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत दुनिया में युवाओं के देश के रूप में जाना जाता है। इसके साथ भारत में बुजुर्गों की संख्या भी बढ़ रही है। जाहिर है, देश में उनसे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं भी सामने आयेंगी। इसी को देखते हुए आज हमने सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय के साथ करार किया है, जिसके तहत बुजुर्गों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के साथ बच्चों में नशे की लत को आयुष की सहायता से छुड़वाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के मुख्य उद्देश्यों में आयुष मंत्रालय और सामाजिक न्याय मंत्रालय के बीच सहयोग, अभिसरण और तालमेल विकसित करना है। इसके साथ अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियां को भी प्रोत्साहित किया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री जाधव ने कहा कि सामाजिक कल्याण पहल के साथ-साथ आयुष प्रणालियों के समग्र दृष्टिकोण का लाभ उठाकर, हमारा लक्ष्य हमारे वरिष्ठ नागरिकों और मादक द्रव्यों के सेवन से प्रभावित लोगों को सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत, सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाये हैं। आयुष मंत्रालय के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर होने से देश के वरिष्ठ नागरिकों को बड़े पैमाने पर लाभ होगा। एमओयू के तहत बुजुर्ग-विशिष्ट प्रशिक्षण मॉड्यूल, उपचार प्रोटोकॉल, योग प्रशिक्षण कार्यक्रम, निवारक और उपचारात्मक प्रथाओं को साझा करना आदि का विकास हमारे वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाने में काफी मदद करेगा। आयुष मंत्रालय के सचिव, वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि बढ़ती आबादी के सामने आनेवाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और पहल हैं, जैसे कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत वृद्धावस्था स्वास्थ्य देखभाल शिविर। आयुष मंत्रालय वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और यह समझौता ज्ञापन गुणवत्ता प्रदान करने के हमारे प्रयासों को बढ़ावा देगा।

**सहकारिता के जरिये रोजगार सृजन व ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि सम्भव : शाह...**

सेक्टर के समान ही अवसर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय, रिजर्व बैंक और आयकर विभाग के साथ मिलकर कॉर्पोरेट सेक्टर और कोऑपरेटिव सेक्टर के लिए टैक्स संरचना को एकसमान बनाने के लिए कदम उठाये हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि देश के सहकारिता क्षेत्र से जुड़े उद्यम कॉर्पोरेट जगत के साथ स्पर्धा के साथ आगे बढ़ेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करेंगे। शाह ने परामर्शदात्री समिति को बताया कि सहकारिता से जुड़े राष्ट्रीय फेडरेशनों के त्वरित विकास के लिए कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको), इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और अन्य फेडरेशनों के साथ रोडमैप बनाने पर कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि आज के समय में पैक्स रेलवे टिकटों की बुकिंग का काम कर रहे हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही पैक्स भी एयरलाइंस टिकटों की बिक्री कर सकेंगे।

बैठक में समिति के सदस्यों ने देश में सहकारी समितियों का सशक्तीकरण करने संबंधी मुद्दों पर अपने सुझाव दिये और सरकार द्वारा देश की सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए उठाये गये महत्त्वपूर्ण कदमों की सराहना की।

## एक झलक

### बांग्लादेश में चुनाव के लिए आयोग ने मांगे 5,921 करोड़ टका

**ढाका :** बांग्लादेश चुनाव आयोग ने अंतरिम सरकार से 13वें संसदीय चुनाव और विभिन्न अन्य स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए लगभग 5,921 करोड़ टका की मांग की है। आयोग के अतिरिक्त सचिव केएम अली नेवाज ने कहा कि संसदीय चुनाव पर अकेले लगभग 2,800 करोड़ टका खर्च होने का अनुमान है। दे डेली स्टार के अनुसार, आयोग ने इस आशय का प्रस्ताव अंतरिम सरकार के पास भेज दिया है। दूसरी ओर, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने दिसंबर तक चुनाव कराने के सरकारी आश्वासन के बाद अपनी तैयारी तेज कर दी है। पार्टी ने अंतरिम सरकार से मांग की है कि वह चुनाव रोडमैप की शीघ्र घोषणा करे। पार्टी ने कहा है कि अगर अंतरिम सरकार रोडमैप की घोषणा नहीं करती तो 67 संगठनात्मक जिलों में रैलियां आयोजित कर मोर्चा खोला जाएगा। उल्लेखनीय है कि सोमवार को पार्टी के तीन नेताओं ने इस संबंध में देश के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी।

### अमेरिकी न्यूज एजेंसी पर ट्रंप प्रशासन ने लगा दी रोक

**वॉशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी न्यूज एजेंसी एसोसिएट प्रेस (एपी) को राष्ट्रपति ऑफिस (ओवल ऑफिस) में रिपोर्टर भेजने से रोक दिया। न्यूज एजेंसी का दावा है कि उसके द्वारा गल्फ ऑफ मैक्सिको की जगह गल्फ ऑफ अमेरिका नाम इस्तेमाल नहीं किया था, इस वजह से ऐसा किया गया है। एपी की कार्यकारी संपादक जूली पेस ने बताया कि व्हाइट हाउस ने कहा है कि अगर न्यूज एजेंसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अपनी एडिटोरियल पॉलिसी को मैच नहीं किया, तब उन्हें किसी भी कार्यक्रम में एंट्री की इजाजत नहीं होगी। पेस ने कहा कि यह चिंताजनक विषय है कि ट्रम्प प्रशासन एपी को उसकी स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए सजा देगा। हमें अपने न्यूज कंटेंट की वजह से ओवल ऑफिस में रोकना न सिर्फ आजाद पत्रकारिता की जनता तक पहुंच को रोकता है, बल्कि यह साफ तौर पर हमारे संविधान के पहले संशोधन का उल्लंघन है। अमेरिकी संविधान के पहले 10 संशोधन को बिल ऑफ राइट्स कहते हैं। इस 1791 को लागू किया गया था। यह संशोधन धर्म, भाषण, और प्रेस की आजादी देता है।

### पाकिस्तान पहुंच रहे तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन

**इस्लामाबाद :** तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन पाकिस्तान की यात्रा पर आ रहे हैं। मलेशिया और इंडोनेशिया की यात्रा के बाद उनका अगला पड़ाव इस्लामाबाद होगा। यह यात्रा तब हो रही है जब दोनों देशों के बीच रक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग मजबूत हुआ है। तुर्की और पाकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग लगातार बढ़ रहा है। हाल ही में पाकिस्तान ने तुर्की से नौसैनिक जहाज खरीदने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसी वर्ष जनवरी में, दोनों देशों ने पूर्वी भूमध्य सागर में एक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया, जो उनकी बढ़ती रक्षा साझेदारी का प्रतीक है। तुर्की ने पाकिस्तान को टी129 एटीएके हेलीकॉप्टर, क्लास के कोरवेट और अन्य सैन्य उपकरण प्रदान किए हैं। वहीं तुर्की और पाकिस्तान दोनों ही आतंकवाद से प्रभावित हैं।

### ट्रंप की योजना पर सहमत नहीं मिस्र और जॉर्डन

**वॉशिंगटन :** मिस्र और जॉर्डन ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस प्रस्ताव को खारिज किया है, इससे गाजा पट्टी से फिलिस्तीनियों को निकालने और उन्हें अन्य अरब देशों में बसाने की योजना तैयार की थी। मिस्र ने स्पष्ट किया है कि वह क्षेत्र में न्यायपूर्ण शांति बनाए रखने के लिए अमेरिका के साथ सहयोग को तैयार है, लेकिन फिलिस्तीनियों को जबरन गाजा से बाहर करने की नीति का समर्थन नहीं करेगा। ट्रंप की योजना के तहत गाजा के फिलिस्तीनियों को अन्य अरब देशों, विशेष रूप से मिस्र और जॉर्डन में बसाने की बात कही गई थी।

## अखिल भारतीय समाचार पत्र प्रकाशक-सम्पादक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात, मिला आश्वासन

# सुलझायी जायेंगी समाचार पत्रों की समस्याएं

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देशभर के समाचार पत्रों की मौजूदा समस्याओं के समाधान की दिशा में अपेक्षित कदम उठाने के निर्देश भारत के समाचार पत्रों के महापंजीयक और केन्द्रीय संचार ब्यूरो के महानिदेशक को दिये हैं। श्री वैष्णव ने मंगलवार को ये निर्देश उनसे मिलने गये अखिल भारतीय समाचार पत्र प्रकाशक-सम्पादक संघ के प्रतिनिधिमंडल की ओर से समाचार पत्रों के समक्ष उत्पन्न मौजूदा समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराये जाने के बाद दिये। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के संयोजक एवं वरिष्ठ सम्पादक कमल किशोर ने किया। प्रतिनिधिमंडल में अशोक कुमार, श्रीराम



अम्बष्ट, वेद प्रकाश, हिमांशु शेखर, मधुकर सिंह, नित्यानंद शुक्ला, देवन राय, दिग्विजय सिंह, संजय पोद्दार, साकेत कुमार, कौस्तुभ किशोर, मो. कबीर, शमी अहमद, फैज अकरम, खुर्शीद अहमद प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

बता दें कि अखिल भारतीय समाचार पत्र प्रकाशक-सम्पादक संघ की केन्द्रीय समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित रेल भवन में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा केन्द्रीय रेल मंत्री से मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य देशभर के समाचार पत्रों के समक्ष उत्पन्न समस्याओं को सरकार के समक्ष रखना और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग करना था।

**मंत्री ने समस्याओं को गम्भीरता से लिया**

**इस** क्रम में मंगलवार को संघ का शिष्टमंडल रेल भवन पहुंचा और केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा। मंत्री ने सभी बिन्दुओं को गम्भीरता से सुना और समाचार पत्रों को आ रहीं परेशानियों को समझते हुए तत्काल राहत देने का आश्वासन दिया। उन्होंने पीआरजीआई एक्ट 2023 के जटिल प्रावधानों पर तत्काल रोक लगाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता को बनाये रखना सरकार की प्राथमिकता है। लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों की भूमिका लोकतंत्र में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। हमें इस बात की जानकारी मिली है कि पीआरजीआई एक्ट 2023 के कुछ प्रावधानों से समाचार पत्रों के संचालन में कठिनाइयां उत्पन्न हुई हैं। सरकार इस पर गम्भीरता से विचार कर रही है और जल्द ही आवश्यक संशोधन किये जायेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देशभर के समाचार पत्र निर्बाध रूप से कार्य कर सकें और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंत्री ने यह भी आश्वस्त किया कि समाचार पत्रों के संचालन में सरकार हर सम्भव सहयोग प्रदान करेगी और उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जायेगा।

### समाचार पत्रों के अस्तित्व पर संकट और संघ की पहल

**पीआरजीआई** एक्ट 2023 के लागू होने के बाद से कई लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया था। इस कानून के जटिल प्रावधानों ने छोटे समाचारपत्रों के संचालन में कई कठिनाइयां उत्पन्न कर दी थीं। इन्हीं समस्याओं को हल करने के लिए अखिल भारतीय समाचार पत्र प्रकाशक / सम्पादक संघ का गठन हुआ था। संघ की पहली बैठक रांची में हुई थी, जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि देश के विभिन्न राज्यों से प्रकाशित समाचार पत्रों के प्रतिनिधि केन्द्रीय मंत्रियों से मिल कर अपनी समस्याएं रखेंगे।

## बेंगलुरु में एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' का समापन

# एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर के तौर पर उभर रहा है भारत : राजनाथ

एजेंसी

**बेंगलुरु :** येलहंका वायुसेना स्टेशन में तीन दिनों से चल रही एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' का बुधवार को समापन हो गया। अब 13-14 फरवरी को यह प्रदर्शनी आम दर्शकों के लिए खुल जाएगी और एयर डिस्प्ले के दौरान विमानों का फ्लाईपास्ट नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरो इंडिया के 15वें संस्करण को भारत के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि भारत अब डिफेंस इनोवेशन और एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर में सिर्फ एक प्रतिभागी नहीं, बल्कि ग्लोबल लीडर के तौर पर उभर रहा है।

'एयरो इंडिया' के समापन समारोह में रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि एयरो इंडिया जैसी प्रदर्शनियों का भले ही भौतिक रूप से समापन हो जाए, लेकिन इसका प्रभाव कभी खत्म नहीं होता। यह रक्षा प्रदर्शनी समाप्त हो रही है, लेकिन देश-विदेश के प्रतिभागियों को एक साथ जोड़ रही है। यह प्रदर्शनी सार्वजनिक-निजी क्षेत्र के सहयोग को सुनिश्चित करके नई पीढ़ियों को प्रेरित कर रही है, जिससे मुझे लगता है कि इसका प्रभाव लंबे समय तक रहेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता की मुहिम सशस्त्र बलों की पूर्ण संतुष्टि से ही हासिल की जा सकेगी। भारत में खड़े हो रहे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स के प्रति हमारी सभी सेनाओं का भरोसा और अटूट विश्वास है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि स्वदेशी रक्षा उत्पादों के प्रति हमारी सेनाओं ने अपना पूरा भरोसा दिखाते हुए जिस देश-प्रेम और देशभक्ति का परिचय दिया है, उसकी सराहना की जानी चाहिए। हमारी सेनाओं ने देश में ही निर्मित हथियारों और युद्ध से जुड़े सभी प्रकार के साजो-सामानों को दिल से अपनाया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सरकार का शुरू से प्रयत्न रहा है कि अनिश्चितताओं को दूर करके प्राइवेट सेक्टर को समान अवसर मुहैया कराया जाए। हम लगातार ऐसी नीतियां ला रहे हैं, जिससे रक्षा विनिर्माण में सिर्फ प्राइवेट सेक्टर ही आगे न बढ़े, बल्कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र मिलकर आगे बढ़ें।

एक ओर हमने रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया में बदलाव करते हुए ज्यादा से ज्यादा निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित की है, तो दूसरी तरफ हमने स्टार्ट-अप और इनोवेटर्स को फ्रंटियर और अत्याधुनिक तकनीकों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज हमारे पास एक सशक्त डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स है। इसमें 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, 430 लाइसेंस प्राप्त कंपनियां और लगभग 16 हजार एमएसएमई शामिल हैं। इसमें खास बात यह है किकुल रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र 21 फीसदी की भागीदारी के साथ हमारे आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। आज हम ऐसे मोड़ पर हैं, जहां फाइटर जेट, मिसाइल सिस्टम, नौसैनिक जहाज या फिर ऐसे कई उपकरण और प्लेटफॉर्म न केवल हमारी सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं, बल्कि वे पूरी दुनिया के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं।

### रक्षा मंत्री ने एयरो इंडिया के 15वें संस्करण को भारत के लिए बड़ी उपलब्धि बताया




### भागीदार देशों के साथ रक्षा संबंधों पर द्विपक्षीय वार्ताओं का दौर तेज

**एयर** फोर्स स्टेशन येलहंका में चल रही अंतरराष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' में आये भागीदार देशों के साथ द्विपक्षीय वाताओं का दौर तेज हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और सचिव रक्षा उत्पादन संजीव कुमार अलग-अलग वाताएं करके द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा की है। इन बैठकों में वर्तमान रक्षा सहयोग की समीक्षा करके संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की बुधवार को इथियोपिया के रक्षा मंत्री इंजीनियर आइशा मोहम्मद मुसा के साथ एक सार्थक बैठक की। उन्होंने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की और रक्षा क्षेत्र में घनिष्ठ और सक्रिय सहयोग के महत्व को स्वीकार किया। यमन के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल मोहसिन मोहम्मद हुसैन अल डेरी के साथ द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग को एक कदम आगे ले जाने का फैसला किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेंगलुरु में आर्मेनिया के रक्षा मंत्री सुरेन पापिक्यान, मलावी की रक्षा मंत्री मोनिका चांगनामुनो और मेडागास्कर के सशस्त्र बलों के मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिवेलो लाला मोन्जा डेल्फिन के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

## एआई से लेकर सिविल न्यूक्लियर क्षेत्र में सहयोग करेंगे भारत-फ्रांस



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत और फ्रांस एआई, रक्षा, स्पेस, सिविल-न्यूक्लीयर पॉवर और अन्य क्षेत्रों पर सहयोग पर सहमत हुए हैं। भारत और फ्रांस 2026 में आगामी भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष के मद्देनजर उभरती हुई कृत्रिम मेधा तकनीक के विकास में शामिल होकर सुनिश्चित करेंगे कि इसका अर्थव्यवस्थाओं और समाजों पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। दोनों देशों ने कृत्रिम मेधा पर एक अलग घोषणा को अपनाया है। यह दोनों देशों के लिए इस क्षेत्र में प्रमुख प्राथमिकताओं की पहचान करता है और सहयोग की संभावनाओं को तलाशता है। कल सीईओ के मंच पर दोनों नेताओं ने 2026 में इनोवेशन के भारत-फ्रांस वर्ष का लोगो भी शुरू किया। दोनों पक्ष छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टरों के सह-डिजाइनिंग, सह-विकास और सह-निर्माण में सहयोग करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युल मैक्रों ने मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास का आज संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा की समाप्ति पर आज पत्रकार वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युल मैक्रों के बीच मार्सिले की हवाई यात्रा और बाद में रात्रि भोज के दौरान द्विपक्षीय चर्चा हुई। प्रधानमंत्री की वर्तमान यात्रा के दो घटक रहे। पेरिस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता और पेरिस तथा मार्सिले दोनों में द्विपक्षीय कार्यक्रम। इसमें दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस के सीईओएस फोरम को संबोधित किया। सीईओ फोरम की बैठक के बाद दोनों नेताओं ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति के विमान में मार्सिले के लिए एक साथ यात्रा की। यह दोनों देशों के बीच विशेष रिश्ते को दर्शाता है।

दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य भी जारी किया गया है। इसमें भारत और फ्रांस ने सीमा पार आतंक सहित आतंकवाद के रूप की निंदा करते हुए इससे वित्तीय मदद पहुंचाने वाले नेटवर्क और इसकी सुरक्षित पनाहगाह खत्म किए जाने की मांग की है। प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस की सफल यात्रा के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि किसी भी देश को आतंकवादी कृत्यों को वित्त, योजना, समर्थन करने वालों को सुरक्षित आश्रय प्रदान नहीं करना चाहिए।

# चार पीढ़ियों संग महाकुम्भ पहुंचे मुकेश अम्बानी, संगम में लगायी डुबकी



**प्रयागराज :** देश की सबसे बड़ी कम्पनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अम्बानी ने महाकुम्भ में स्नान किया। उनके साथ उनकी चार पीढ़िया भी कुम्भ नगरी पहुंचीं। उनकी मां कोकिला बेन, बेटा-बहू आकाश व श्लोका और अनन्त व राधिका के साथ मुकेश अम्बानी के पोते-पोती पृथ्वी व वेदा भी प्रयागराज पहुंचे। संगम में डुबकी के बाद अम्बानी परिवार ने निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरि जी महाराज की उपस्थिति में मां गंगा की पूजा-अर्चना की।

त्रिवेणी में स्नान के बाद अम्बानी परिवार महाकुम्भ में बने परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचा। परिवार ने आश्रम में सफाईकर्मियों, बोट चलानेवालों व तीर्थयात्रियों के बीच मिठाई बांटी। परिवार के सदस्य तीर्थयात्रियों को भोजन परोसते भी दिखे। बताते चलें कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, परमार्थ निकेतन आश्रम, शारदा पीठ मठ ट्रस्ट द्वारका, श्री शंकराचार्य उत्सव सेवालय फाउंडेशन, निरंजनी अखाड़ा और प्रभु प्रेमी संघ चैरिटेबल ट्रस्ट सहित प्रसिद्ध आध्यात्मिक संगठनों के साथ मिल कर कुम्भ में अन्न सेवा कर रही हैं। अम्बानी परिवार ने बोट-चालकों को उनकी व तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट भी दिये।

### उत्तराखंड यूसीसीः पंजीकरण डेटा रहेगा गोपनीय, सिर्फ संख्या होगी सार्वजनिक

**देहरादून :** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के तहत सेवाओं के पंजीकरण के दौरान दी जाने वाली निजी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी। किसी भी तीसरे व्यक्ति को इन सूचनाओं तक पहुंच नहीं मिलेगी। सार्वजनिक रूप से केवल पंजीकरण की संख्या ही उपलब्ध होगी, लेकिन किसी की व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं की जाएगी।अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती ने बताया कि यूसीसी में सूचनाओं की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी सेवा के लिए दी गई निजी जानकारी, जैसे नाम, पता, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, धर्म, जाति आदि,

# नोरा कर रही बड़े म्यूजिक प्रोजेक्ट की तैयारी



**मुंबई :** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही अब निमार्ता टॉमी ब्राउन के साथ एक और बड़े म्यूजिक प्रोजेक्ट के लिए तैयारी कर रही हैं। सोशल मीडिया के जरिए नोरा और टॉमी ने अपनी आगामी परियोजना की झलक दी, जिसमें ग्रैमी पुरस्कार विजेता गीतकार थेरॉन बिली, जो ब्रूनो मार्स और रोजे (एपीटी) के लिए हिट गानों के पीछे हैं, भी शामिल हैं। नोरा ने एक पोस्ट के जरिए अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर एक गुप्त लेकिन रोमांचक संदेश दिया। उन्होंने लिखा, दिस हाउ ए बॉस सिट डाउन लुक लाइक... वी कुकिंग... 2025 अबाउट टू बी, जिससे साफ था कि वह अगले साल एक और बड़े म्यूजिक प्रोजेक्ट की योजना बना रही हैं। यह पोस्ट उनके फैंस के लिए एक दिलचस्प संकेत था, और सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। नोरा फतेही का अंतर्राष्ट्रीय सिंगिंग करियर लाइट द स्काई और स्नेक जैसी हिट्स के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है। पेपेटा (2019) के साथ उनके अंतर्राष्ट्रीय ट्रैक ने 90 मिलियन से अधिक व्यूज हासिल किए थे। इसके अलावा, उन्होंने डर्टी लिटिल सीक्रेट जैसे ट्रैक पर गायक जैक नाइट के साथ भी काम किया था। उनके सबसे हालिया हिट स्नेक ने 24 घंटों के भीतर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला वीडियो बनने का रिकॉर्ड बनाया और स्पोटीफाय ग्लोबल चार्ट पर 3वें स्थान पर भी पहुंचा। अब, स्नेक के 90 मिलियन से अधिक व्यूज और वैश्विक स्तर पर चार्ट पर चढ़ने के बाद, नोरा फतेही ने पहले से ही अपनी अगली अंतर्राष्ट्रीय परियोजना का संकेत दिया है।

# तिरुपति में आयोजित होगा दुनिया का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन

- 58 देशों के लगभग 1581 धार्मिक संगठन लेंगे भाग
- लगेगी भव्य प्रदर्शनी, 111 से अधिक वक्ता, 15 कार्यशालाएं और ज्ञान सत्र व 60 से अधिक होंगे स्टॉल

**मुम्बई (अनिल बेदाग) :** मंदिर प्रशासन और प्रबंधन को समर्पित दुनिया का सबसे बड़ा सम्मेलन, अंतराष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और प्रदर्शनी (आईटीसीएक्स) 2025, 17-19 फरवरी को आशा कन्वेंशन्स, तिरुपति में आयोजित किया जायेगा। अन्त्योदय प्रतिष्ठान के सहयोग से टेम्पहल कनेक्ट द्वारा आयोजित 'आईटीसीएक्स 2025 ' हिन्दू, सिख, बौद्ध और जैन संस्थाओं को एक साथ लायेगा, ताकि उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते हुए दुनियाभर में मंदिर पारिस्थितिकी प्रणालियों को जोड़ने, मजबूत करने और आधुनिकीकरण के लिए एक गतिशील मंच प्रदान किया जा सके। इसमें 58 देशों के लगभग 1581 धार्मिक संगठन भाग लेंगे तथा प्रदर्शनी में 111 से अधिक वक्ता, 15 कार्यशालाएं और ज्ञान सत्र तथा 60 से अधिक स्टॉल होंगे।



'मंदिरों का महाकुम्भ' - आईटीसीएक्स', भारतीय परम्परा के मंदिरों के बारे में जानकारी का दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण करनेवाले अग्रणी मंच, टेंपल कनेक्ट के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी और अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और प्रदर्शनी के अध्यक्ष तथा महाराष्ट्र विधान परिषद के मुख्य प्रतोद प्रसाद लाड की प्रभावी संकल्पना है। श्रद्धालुओं के अनुभव और सुविधा को बढ़ाना इस संस्करण का मुख्य उद्देश्य है, जो कि इसके मुख्य विषय 'मंदिर अर्थव्यवस्था की संलग्नता, सक्षमीकरण और विस्तार' के अनुरूप है।

आईटीसीएक्स 2025 मंदिर नेतृत्व, नीति निमार्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों के बीच वैश्विक सहयोग की सुविधा प्रदान करेगा, जो मुख्य रूप से धर्म या धार्मिक पहलुओं से परे जाकर प्रगतिशील मंदिर प्रबंधन पर ध्यान केन्द्रित करेगा। एक महत्त्वपूर्ण ज्ञान-साझाकरण कार्यक्रम के रूप में, इसमें मंदिर प्रबंधन और तीर्थयात्रिओ के अनुभव बेहतरीन बनाने के लिए विविध पहलुओं को शामिल करते हुए मुख्य भाषण, पैनल चर्चा, कार्यशालाएं और मास्टरक्लासेस होंगे।

टेम्पल कनेक्ट और आईटीसीएक्स के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी ने कहा, 'आईटीसीएक्स महज एक आयोजन नहीं है, बल्कि एक आंदोलन है जिसका उद्देश्य नवाचार और स्थिरता के माध्यम से मंदिर पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। यह राष्ट्र निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता है। भारत भक्ति और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए एक वैश्विक केन्द्र के रूप में उभर रहा है, इसलिए मंदिरों के कामकाज को व्यवस्थित, सशक्त और प्रबंधित करने की सख्त जरूरत है, ताकि वे भविष्य के लिए तैयार रहें।र उन्होंने कहा, 'स्मार्ट प्रबंधन नीतियों को लागू करके हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वे आध्यात्मिकता, परम्परा और सामुदायिक विकास के ज्वलंत केन्द्र बने रहें।'

'भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, आयटीसीएक्स का उद्देश्य परम्परा और आधुनिक शासन के बीच की खाई को कम करना है। वे केवल पूजा स्थल नहीं हैं; वे सांस्कृतिक और आर्थिक शक्ति हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हर पूजा स्थल ; चाहे वह कितना भी छोटा या दूरस्थ क्यों न हो, प्रशासनीय आदर्श के रूप में विश्वस्तर तक पहुंच का हकदार है, जो उसके धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्त्व को बढ़ाता है।